राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-300
लखनऊ, गुरुवार 20 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अकबरनगर में 1200 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त 03

जनजाति ही संस्कृति व प्रजातंत्र को देती है बल : उपराष्ट्रपति 12


# कैबिनेट की बैठक में खरीफ की 14 फसलों पर एमएसपी को मंजूरी

**केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री ने दी कैबिनेट के फैसलों की जानकारी**

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने तीसरे कार्यकाल की दूसरी कैबिनेट मीटिंग बुलाई। मीटिंग में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट के फैसलों के बारे में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास समेत खरीफ की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा 'आज कैबिनेट में किसान कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। खरीफ फसल के लिए 14 फसलों पर कैबिनेट ने एमएसपी को मंजूरी दी है। धान का नया एमएसपी 2,300 रुपये किया गया है, जो पिछले एमएसपी से 117 रुपए अधिक है।'खरीफ की फसलों के नए एमएसपी पर अश्विनी वैष्णव ने बताया 'आज के फैसले से किसानों को एमएसपी के तौर पर करीब दो लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। यह पिछले सीजन से 35000 करोड़ रुपये अधिक है।



**यह रहे केंद्रीय कैबिनेट के अहम फैसले**

1- कैबिनेट ने 2024-25 खरीफ फसल सीजन के लिए धान के एमएसपी में 117 रुपये से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी।
2- कैबिनेट ने धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास सहित 14 खरीफ सीजन की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है।
3- सरकार की ओर से 2 लाख गोदाम बनाने का काम किया जा रहा है।
4- महापालगर-बधावन बंदरगाह परियोजना को मंजूरी।
5- कैबिनेट ने महाराष्ट्र में 76,000 करोड़ रुपये की वधावन बंदरगाह परियोजना को मंजूरी दी।
6- पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह किसानों के कल्याण के लिए कई निर्णयों के माध्यम से बदलाव के साथ निरंतरता पर केंद्रित है।
7- 76,200 करोड़ रुपये के पूरा होने पर पोर्ट दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा।
8- मंत्रिमंडल ने गुजरात, तमिलनाडु में 7,453 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ 1 गीगावॉट अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी दी।
9- काशी हवाई अड्डे के लिए नया टर्मिनल भवन, नया रनवे और अंडरपास राजमार्ग।
10-मंत्रिमंडल ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास के लिए 2,869.65 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें नया टर्मिनल, रनवे विस्तार शामिल है।

## पीएम ने नालंदा विवि के नए कैंपस का किया उद्घाटन



**नालंदा।** प्रधानमंत्री ने कहा, नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। प्रधानमंत्री ने नालंदा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा, प्राचीन नालंदा में बच्चों का एडमिशन उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां आते थे। पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। यहां नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा,卐नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें विश्व के एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में हमारे साथी देशों की भागीदारी भी रही है। मैं इस अवसर पर भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय से पूरी दुनिया को संदेश भी दिया। पीएम मोदी ने कहा, नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें भारत ही नहीं एशिया के कितने देशों की विरासत जुड़ी है। एक यूनिवर्सिटी के उद्घाटन में इतने देशों के प्रतिनिधियों का शामिल होना अपने आप में अभूतपूर्व है। बिहार के लोगों को बधाई कि वो अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह से विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, नालंदा का ये कैंपस उसी की एक प्रेरणा है। प्रधानमंत्री ने कहा, नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा उद्घोष है इस सत्य की आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं बिहार के लोगों को भी बधाई देता हूं। बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है।

### 67 हजार के नकली नोटों के साथ तीन गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जनपद की चौक कोतवाली पुलिस ने बुधवार को 67 हजार के नकली नोटों के साथ तीन सौदागरों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी नगर सौम्या पाण्डेय ने बताया कि थाना चौक कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर कार सवार तीन लोगों को बरेली मोड़ पुल के पास से नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी जनपद लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र निवासी नीरज कुमार शुक्ला, शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र निवासी विवेक कुमार मौर्या तथा थाना कलान क्षेत्र निवासी जबर सिंह है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आरोपितों के कब्जे से 67,500 रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं। आरोपी लखनऊ से नकली नोटों को लाकर शाहजहांपुर और अन्य जनपदों में चलाने का काम करते हैं।

## भूस्खलन से महिला व चार बच्चों सहित पांच लोगों की हुई मौत

एजेंसी

**करीमगंज (असम)।** करीमगंज जिले के बदरपुर थाना अंतर्गत एंगलरबाजार बेंडरगुल गांव में भूस्खलन से एक ही परिवार की महिला और चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के वक्त अब्दुल करीम दूसरे कमरे में सो रहा था। तेज आवाज सुनकर उसकी नींद खुली और गांव के लोग एकत्र हो गए। इस बीच मस्जिद के इमाम ने माइक पर घटना की घोषणा की और सभी को मदद के लिए बुलाया।

घटना की खबर मिलते ही बुधवार सुबह करीब दो बजे बदरपुर थाने की पुलिस आपदाग्रस्त गांव में पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। मलबे से

**▸ प्रशासनिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शवों का पोस्टमार्टम**

अब्दुल करीम की पत्नी, तीन बेटियां और पुत्र के शवों को मिट्टी के ढेर से निकाला गया। इस घटना में अब्दुल करीम तो बच गया, लेकिन उसकी पत्नी रायमुन नेसा (55), बच्चियां साहिदा खानम (18), जाहिदा खानम (16), हमीदा खानम (11) और पुत्र मेहंदी हसन (3) की मौत हो गई। अब्दुल की एक बेटी की जान बच गई है। मेहंदी अब्दुल का एकमात्र पुत्र था। पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है। प्रशासनिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शवों को पोस्टमार्टम के लिए करीमगंज सिविल अस्पताल भेजा गया है।

## गैंगस्टर अमन साहू के कई ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी

**रांची।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की।

पलामू जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के बूढ़मू स्थित घर और रांची तथा हजारीबाग में बुधवार सुबह करीब पांच बजे एनआईए ने कार्रवाई की। जांच एजेंसी रांची स्थित बुढ़मू सहित दो ठिकानों के अलावा हजारीबाग के गिद्दी में भी रेड कर रही है। बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव में एनआईए की टीम ने उसके घर में कागजात खंगाले। जेल से गैंग को ऑपरेट करने वाले गैंगस्टर अमन साहू पर कई गंभीर आरोप हैं। रांची, रामगढ़, हजारीबाग में रंगदारी के पैसे से कई जगह जमीन खरीदी है। एनआईए सम्पत्ति की जानकारी लेगी और उसकी जब्ती के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। मतवे आपराधिक गिरोह चलाने वाले अमन साहू का पैतृक गांव है। अमन साहू वर्तमान में पलामू जेल में बंद है। उस पर कई गंभीर आरोप हैं। आरोप है कि वह जेल से ही अपने गैंग को ऑपरेट करता है। साथ ही व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है। फरवरी में एनआईए ने भागलपुर, पूर्णिया व मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर छापेमारी में कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को भागलपुर से गिरफ्तार किया था।




### भारत में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन मानकों पर नहीं उतरा खरा, नेपाल ने लगाया बैन

**काठमांडू।** नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय अन्तर्गत औषधि प्रशासन विभाग ने गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए एक भारतीय कंपनी में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन की बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। ड्रग्स अथॉरिटी के अनुसार भारतीय फार्मा कंपनी ज़ाइडस हेल्थकेयर लिमिटेड एंटीबायोटिक इंजेक्शन बायोटैक्स 1 ग्राम निर्मित करती है। इसके बैच एफ 300460 के प्रयोगशाला परीक्षण से पता चला है कि दवा का उत्पादन विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया था। विभाग ने परीक्षण करने के बाद इस एंटीबायोटिक इंजेक्शन से मरीजों की जान को खतरा होने की संभावना जताई है। विभाग के प्रवक्ता प्रमोद केसी ने बताया कि इस एंटीबायोटिक में कुछ गंभीर समस्याएं पाई गई हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जांच पूरी होने तक इस एंटीबायोटिक को बनाने वाली कंपनी, आयातकों और वितरकों को दवा की बिक्री, आयात और वितरण को तुरंत रोकने का निर्देश दिया गया है। केसी ने कहा कि इंजेक्शन की बिक्री को रोकने का निर्णय मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।

## वसूली में दरोगा समेत चार पुलिसवाले सस्पेंड, एफआईआर

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** लखनऊ में दूसरे राज्यों के बस चालकों से वसूली करने वाले दरोगा समेत 4 पुलिसवालों को सस्पेंड किया गया है। रात विभूतिखंड थाने में चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

संयुक्त पुलिस आयुक्त लॉ एंड ऑर्डर उपेंद्र अग्रवाल ने बताया, कामता चौराहे पर वसूली की शिकायत मिली थी। इसकी जांच कराई गई, तो दरोगा उमेश सिंह, सिपाही शुभम कुमार, विवेक विशाल दुबे और सचिन कुमार दोषी पाए गए। इन सभी को सस्पेंड कर अवैध वसूली की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया- ये सभी पुलिसकर्मी रात में दूसरे राज्यों से आने वाली बसों को रोकते थे। फिर चालान और सीज करने की धमकी देकर वसूली करते थे। पुख्ता सबूतों के आधार पर एक्शन लिया गया है। शिकायत मिलने के बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त ने सबूत जुटाने के लिए स्टिंग किया। इसमें एक पुलिसकर्मी को ऑपरेटर बनाकर दूसरे राज्य की बस में बैठाया। जैसे ही बस कामता तिराहे पर पहुंची, इन पुलिसवालों ने रोक लिया। कागज देखे और फिर वसूली की रकम मांगी। पुलिसकर्मी ने इसका ऑडियो रिकॉर्ड कर लिया और वीडियो भी बना लिया। जांच में इन्हें शामिल किया, जिसके आधार पर चारों को दोषी बनाया गया। चारों पुलिसकर्मी बेखौफहोकर वसूली कर रहे थे। जेसीपी की जांच में सामने आया कि बस चालक से सीधे एक हजार रुपए मांगे गए। एक पुलिसकर्मी बोला कि यह एंट्री फीस है। रकम न देने पर चालान होगा या गाड़ी सीज की जाएगी। शहर के अलग-अलग एंट्री पॉइंट पर पुलिसकर्मी बाहरी नंबर की गाड़ियां देखते ही तुरंत रोकते हैं। इसके पीछे कारण सिर्फ वसूली रहता है। पिछले सप्ताह कामता चौकी में एक बस के ऑपरेटर को पुलिसकर्मियों ने पीटा भी था। मामले में पांच पुलिसकर्मी निलंबित किए गए थे। संयुक्त पुलिस आयुक्त का कहना है कि अगर कहीं कोई वसूली करता है तो तुरंत पुलिस में शिकायत करें। जो भी पुलिसवाले ऐसा करते पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाने की धमकी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी है। मुंबई नगर निगम मुख्यालय सहित महानगर के प्रमुख स्थलों में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई। पिछले दो दिनों से एक ही ई-मेल से यह धमकी दी जा रही है। इस संबंध में आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम दक्षिण मुंबई में स्थित मुंबई नगर निगम के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल संदेश भेजा गया।

## माटीकला से जुड़े कारीगरों को योगी सरकार देगी विद्युत चालित चाक

समृद्धि न्यूज

**झांसी।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के माटीकला कारीगरों और शिल्पकारों को टूल किट्स वितरण किया जाएगा।

योगी सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में झांसी जनपद में 25 अभ्यर्थियों को विद्युत चालित चाक का वितरण किया जाएगा। झांसी के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रामकिशोर ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत माटीकला के उन कारीगरों और शिल्पकारों को टूल किट प्रदान किया जाएगा, जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच है। अभ्यर्थी अपना आवेदन ऑनलाइन 30 जून 2024 तक कर सकते है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के अनुसार आवेदन की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। जो शिल्पकार अथवा कारीगर इस योजना का पूर्व में लाभ ले चुके है, वे और उनके परिवार के सदस्य इस योजना में आवेदन के लिए पात्र नही होंगे।

## यूपी की स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। मौसम की मार और लू लगने से लोगों की लगातार मौतें हो रही हैं। बुखार और संक्रामक बीमारियां बढ़ रही हैं।

सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही हैं। अस्पतालों में दवा, इलाज नहीं मिल रहा है। बड़ी संख्या में मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर मजबूर हैं जहां उनके पैसों की लूट हो जाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि राजधानी लखनऊ, गाजियाबाद समेत तमाम जिलों में लोगों की गर्मी लू से मरने की खबरें आ रही है। सरकार का लोगों के दवा इलाज और स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने पर कोई ध्यान ही नहीं है। भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार में शुरू की गयी 108 और 102 एम्बुलेंस सेवा को बर्बाद कर दिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर सिर्फ अधूरी बिल्डिंग खड़ी है। वहां न डॉक्टर है और न पैरा मेडिकल स्टाफ और न कोई सुविधा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पूरी भाजपा सरकार ने लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। उसे आम जनता की कोई चिंता नहीं है। कई मेडिकल कॉलेज सरकार की उदासीनता के शिकार हो गये है। बदायूं में समाजवादी सरकार में निर्मित बदायूं मेडिकल कॉलेज बीजेपी सरकार की उदासीनता और बेरुखी के चलते बदहाल हो गया है। यहां मासूम नवजातों की मौतों का सिलसिला जारी है।

### तीन जुलाई तक बढ़ाई गई केजरीवाल की न्यायिक हिरासत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया। ईडी ने अदालत से श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की विवादास्पद शराब नीति में अनियमितताओं की जांच अभी जारी है और इसके लिए उन्हें न्यायिक हिरासत में रखने की जरूरत है।

## बारामूला मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकी, दो सुरक्षाकर्मी भी घायल

एजेंसी

**बारामूला।** बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं जबकि दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए हैं।

सोपोर के हादीपोरा के लाइसर इलाके में बुधवार सुबह आतंकियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। दोपहर बाद क्षेत्र में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों को पास आते देखकर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी और एक सेना का जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी हालत स्थिर है। क्षेत्र में अभियान फिलहाल जारी है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने भी जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान की जा रही है।

### जल जीवन मिशन : गिरफ्तार आरोपियों की संपत्ति को सीज कर सकती है ईडी

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल जीवन मिशन (जेजेएम) में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आरोपितों की संपत्ति को सीज कर सकती है। इसके लिए ईडी ने गिरफ्तार आरोपितों की संपत्ति की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। ईडी ने पीएचईडी ठेकेदार पदमचंद जैन की संपत्ति के रिकॉर्ड लिए गए हैं। ईडी पदमचंद जैन की जयपुर में स्थित पांच प्रोपर्टी तक पहुंच चुकी है। जो कुल 7.50 करोड़ से ज्यादा की है। राजस्व और जिला प्रशासन से भी रिकॉर्ड लेकर इस पर काम किया जा रहा है।

## आवेदक के नाम कृषि भूमि होना अनुकंपा नियुक्ति के दावे को खारिज करने का कारण नहीं : कोर्ट

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए दिए गए आवेदन को कृषि भूमि होने के आधार पर निरस्त करने के आदेश को रद्द कर दिया है तथा फिर से आवेदन पर पुनर्विचार के लिए वापस भेज दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी मृतक कर्मचारी के परिवार के पास कृषि जोत होने मात्र से आय का अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

जिला गन्ना अधिकारी संभल ने मृतक सरकारी कर्मचारी के बेटे द्वारा दायर अनुकम्पा नियुक्ति के दावे को खारिज कर दिया। बेटे ने 18 साल की उम्र में 2020 में पिता के स्थान पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। उसने दावा किया था कि 2011 में उसके पिता की मृत्यु के बाद उसका परिवार भुखमरी की कगार पर था। पिता संभल जिले के चंदौसी में जिला गन्ना अधिकारी के आफिस में स्टॉक क्लर्क के पद पर तैनात थे। अधिकारी ने आवेदन को कर्मचारी की मृत्यु के बाद 10 साल तक परिवार के जीवित रहने और उनके पास कुछ कृषि भूमि होने के आधार पर अस्वीकार कर दी थी। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ ने कहा, ÷जिला गन्ना अधिकारी, संभल ने यह पता लगाने का कोई प्रयास नहीं किया है कि याचिकाकर्ता बेटा अमन पाठक या उसकी माँ, यानी मृतक के आश्रित परिवार को इन छोटी जोतों से कितनी उपज मिलती है। याची और उसकी माँ के पास दो अलग-अलग गाँवों में एक ही आकार की कृषि जोत होने से यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि इससे याची या मृतक द्वारा छोड़े गए परिवार को उचित आय होती होगी।

**तैयारी** | **सुरक्षा में इस्तेमाल होंगे 91 नये अत्याधुनिक उपकरण**

## एक करोड़ रुपए से अधिक के उपकरण खरीदेगी यूपी पुलिस

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी पुलिस देशभर में करोड़ों लोगों के चहेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने जा रही है। इसके लिए महकमा 1 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के अत्याधुनिक उपकरण खरीदने की तैयारी कर रहा है।

विभिन्न आतंकी समूहों सहित कई राष्ट्रविरोधी ताकतों की ओर से संभावित खतरों को देखते हुए महकमा हर स्तर पर मुख्यमंत्री के सुरक्षा घेरे को लगातार मजबूत करता रहता है। बता दें कि सीएम योगी को जेड प्लस श्रेणी और एनसजी कमांडो का कवर प्राप्त है। वहीं प्रदेश पुलिस के जांबाज जवानों का दस्ता भी उनकी सुरक्षा में हर वक्त तैनात रहता है। पुलिस विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विभिन्न जिलों में दौरों के वक्त उनकी सुरक्षा के स्तर को और मजबूत बनाने की तैयारी कर रहा है। इसमें ड्रोन, बॉडीवॉर्न कैमरा, ड्रेसकैम और नाइट विजन की अतिरिक्त खेप को भी सीएम की सुरक्षा व्यवस्था में जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ ही राज्यपाल की सुरक्षा को भी पुख्ता बनाया जाना है। इस संबंध में शासन की ओर से एडीजी हेडक्वार्टर को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिविशिष्ट और विशिष्ट महानुभावों के प्रदेश भ्रमण, रैलियों, धार्मिक स्थलों, कुंभ मेला सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 1 करोड़ 2 लाख 20 हजार रुपए के 91 उपकरणों की खरीद की जानी है।

**इन उपकरणों को खरीदेगी यूपी पुलिस**

प्रदेश के पुलिस महकमे की ओर से तीन अत्याधुनिक ड्रोन कैमरों की खरीद की जानी है, जिसकी कुल कीमत 42 लाख रुपए है। इसके अलावा 50 बॉडीवॉर्न कैमरा की कुल कीमत 25 लाख है। वहीं 34 ड्रेसकैम की कीमत 6 लाख 80 हजार है, जबकि 4 नाइट विजन की कीमत 28 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। ये सभी कीमतें या तो पूर्व खरीद के आधार पर अथवा जैम पोर्टल के आधार पर तय की गई हैं। गृह विभाग की ओर से पुलिस महकमे के तकनीकि दक्ष अधिकारियों को सभी उपकरणों की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये उपकरण, जिलों में दौरे के वक्त सीएम और राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात कर्मियों और फ्लीट के वाहनों से अटैच की जाएंगी।

छोटी काशी विकास संघर्ष समिति का आरोप

# पर्यटन निदेशालय के अधिकारी छिपा रहे कॉरिडोर का मानचित्र

- गोला नगर में कॉरीडोर का निर्माण.. नगर पालिका को नहीं जानकारी, गुपचुप तरीके से चल रहा काम



**गोला गोकर्णनाथ/लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी में गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण करने की सबसे पहले मांग करने वाली सामाजिक संस्था छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ने पर्यटन निदेशालय के अधिकारियों पर कॉरिडोर का मानचित्र छिपाने का आरोप लगाया है।

संस्था के अध्यक्ष लोकेश कुमार गुप्त और महामंत्री महेश कुमार पटवारी ने बताया कि संस्था ने 21 अगस्त 2021 को तत्कालीन क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को ज्ञापन दिया था जिसे उन्होंने तत्कालीन पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य मंत्री नीलकंठ तिवारी को भेजा तो प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने सांसद के कार्यालय निदेशक को 14 फरवरी 2022 को पत्र लिखा कि जिले के जिला अधिकारी और गोला के उप जिलाधिकारी को कारिडोर विकसित किए जाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए लिखा गया है।

समिति द्वारा इस संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारियों से निरंतर पत्र व्यवहार किया गया तो पर्यटन निदेशालय से फोन पर भी वार्ता हुई। लोकसभा चुनाव के पूर्व निदेशालय ने 7 फरवरी 2024 को 55 करोड़ 91 लाख 10 हजार रुपये भूमि क्रय करने के लिए विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन को लिखा। किंतु अब तक कितनी भूमि क्रय की गई है इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इधर पर्यटन विभाग ने गोकर्णेश्वर शिव मंदिर जाने वाले एक मार्ग पर तोड़फोड़ शुरू कर दी जिसकी शिकायत नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू से की तो उन्होंने कार्य बंद करवाकर कॉरिडोर का मानचित्र मांगा और कहा कि तोड़फोड़ से पूर्व नगर पालिका परिषद को कॉरिडोर का मानचित्र तोड़फोड़ और प्रस्तावित निर्माण की सूचना दी जानी चाहिए थी और नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष होने के नाते उन्हें होने वाली बैठकों में आमंत्रित किया जाना चाहिए था किन्तु उन्हें अब तक किसी भी बैठक की सूचना नहीं दी गई।

### समिति को नहीं दी गई कारिडोर की सूचना

गोला गोकर्णनाथ खीरी।छोटी काशी विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष लोकेश कुमार गुप्त ने बताया कि उन्होंने 15 अप्रैल 2024 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत पर्यटन निदेशालय लखनऊ के जन सूचना अधिकारी को दस-दस रुपए के दो पोस्टल आर्डर संलग्न कर कॉरिडोर के पर्यटन विकास का प्रस्तावित मानचित्र, अवमुक्त धनराशि और धनराशि का प्रयोजन तथा विभाग कार्यदायी संस्था का नाम, प्रस्तावित बजट और प्रस्तावित योजना और प्रस्तावित निर्माण कार्यों की प्रमाणित छाया प्रति की मांग की लेकिन सूचना प्रदान नहीं की गई तो एक माह बाद प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन को लिखा तो 29 मई 2024 को प्रदेश शासन के पर्यटन अनुभाग एक के अनुभाग अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने पर्यटन निदेशालय के जन सूचना अधिकारी को पत्र लिखकर वांछित सूचना उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा जिसकी प्रतिलिपि उन्हें भी भेजी किंतु 20 दिन बीतने के बावजूद सूचना नहीं दी गई।

### सावन मेले से पूर्व हो निर्माण की मांग

छोटी काशी विकास संघर्ष समिति का कहना है कि जेठ का माह समाप्त होने वाला है सावन में छोटी काशी में विशाल सावन मेला लगता है जिसमें दूर-दूर से लाखों तीर्थ यात्री और कंधे पर कांवड़ रखकर कांवडिया शिवजी का जलाभिषेक करनेआते हैं इसलिए सावन मेले से पूर्व तोड़ी गई सड़कों का निर्माण पूर्ण होना चाहिए अन्यथा मंदिर जाने वाले भक्तों को आने जाने मे संकट झेलना पड़ेगा।

# बरसात के पानी निकासी के लिए सभासद ने दिया ज्ञापन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर के सब्जी मंडी वार्ड के सभासद ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को मेन मार्केट हैदरगढ़ में बरसात के पानी की निकासी के संबंध में ज्ञापन लेकर कार्यवाही की मांग की है।

सभासद विपिन सोनी ने बताया कि मेन मार्केट हैदरगढ़ में बरसात के पानी से जल भराव की समस्या कई वर्षों से लगातार चली आ रही है। बरसात के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं होने से व्यापारियों की दुकानों में पानी भर जाता है जिससे उन्हें तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए बरसात होने से पूर्व व्यापारी भाइयों के हित के लिए जल निकासी की समुचित व्यवस्था का प्रबंध किया जाए जिससे उन्हें होने वाले आर्थिक नुकसान से बचत हो।

## खबरें एक नजर में

### फांसी के फंदे से लटक कर युवती ने दी जान

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अमिलहरा गांव में आज सुबह एक युवती ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी रामेश्वर रावत की लगभग 18 वर्षीय पुत्री ज्योति रावत का शव आज सुबह घर के अंदर से धोती के सहारे फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। सुबह जानकारी होते ही परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोतवाली हैदरगढ़ पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतका के पिता ने बताया है कि युवती पिछले काफी अरसे से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी ।जिसका उपचार लखनऊ स्थित पीजीआई हॉस्पिटल से चल रहा था।

### चेयरमैन ने सफाई कर्मियों को बांटी यूनिफॉर्म

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत रामनगर के चेयरमैन रामशरण पाठक एवं अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियो मे यूनिफॉर्म का वितरित किया है।ड्रेस में लोअर टी-शर्ट के साथ रेडियम कोटी जूता सीटी मार्क्स गिलब्स एवं आईडी कार्ड भी उपलब्ध कराया गया है।उन्होने इस मौके पर कहाकि सफाई कर्मी व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग है।नगर को साफ सुथरा बनाये रखने मे इनका विशेष योगदान है।यूनिफॉर्म पहनने से इन्हे पहचान मिलेगी।भीषण गर्मी सर्दी बरसात मे भी सभी सफाई कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वो का निर्वहन कर रहे है।हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि नगर को साफ सुथरा बनाये रखने में सफाई कर्मचारियो का सहयोग करे।चेयरमैन श्री पाठक एवं अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने सभी सफाई कर्मचारियो को ड्रेस प्रदान किया।इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक रामकरन शर्मा,संजय शुक्ला,पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी,बंटी ओझा,त्रिभुवन मौर्या सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

### योगा सप्ताह के पांचवें दिवस भी कराया योगाभ्यास

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह के पंचम् योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका के कमला नेहरू पार्क मे प्रातः कालीन सामूहिक योगा अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अविनाश चंद्र के मार्गदर्शन में योग सप्ताह के पंचम् दिवस के अवसर पर योग वेलनेस सेंटर ,ऊधौली , बाराबंकी के योग प्रशिक्षक सुशील कुमार अवस्थी द्वारा सामान्य योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराया गयाद्य योगाभ्यास प्रार्थना से शुरू कर शिथिलिकरण के अभ्यास जैसे, ग्रीवा संचालन ,स्कंध संचालन ,कटि संचालन ,घुटना संचालन, खड़े होकर किये जाने वाले अभ्यास जैसे ताड़ासन वृक्षआसन अर्धचक्रासन ,बैठकर किये जाने वाले अभ्यास जैसे- ब्रजासन भद्रासन उष्ट्रासन, पेट के बल किये जाने वाले अभ्यास मकरासन भुजंगासन शलभासन पीठ के बल किये जाने वाले अभ्यास जैसे सेतुबंध आसन पवन मुक्तआसन शवासन आदि करा गये। प्राणायाम मे नाड़ी शोधन, सीतली भ्रमारी के बाद ध्यान कराया गया अन्त में योग संकल्प और शांति पाठ के अभ्यास से योग सत्र की समाप्ति हुई द्य योग सप्ताह 15 जून से लेकर 21 जून तक मनाया रहा है, योग सहायक कुमारी स्वीटी मौर्या द्वारा योगभ्यासियों को अभ्यास कराने मदद कर लोगों से आग्रह किया गया कि अभ्यास सत्र मे आकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना : करें ऑनलाइन आवेदन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढई, दर्जी, नाई, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री, धोबी ट्रेड के लिए टूलकिट एवं प्रशिक्षण के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों व परम्परागत कारीगरों के विकास के लिए प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उप्र (हस्तकला अनुभाग -13) कानपुर द्वारा संचालित की गई है। योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगरों के आजीविका के साधनों को मजबूत करते हुए, उनके जीवन स्तर में सुधार लाये जाने के उद्देश्य से जनपद लखीमपुर खीरी के लिए आवंटित ट्रेडों यथा बढई, दर्जी, नाई, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री, धोबी के कारीगरों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in पर 30 जून तक आमंत्रित किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक पारम्परिक कारीगरी क्षेत्र में कार्य करता हो, के चयनोपरान्त लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान की जायेगी। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### नाबालिग किशोरी से छेड़खानी का आरोप

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव में नाबालिक किशोरी को घर में अकेला पाकर गाव के ही एक अधेड कच्ची शराब के बिक्री करने वाले ने पैसे का प्रलोभन देकर कमरे में ले जाने की पेशकश कर छेडछाड की। नाबालिक किशोरी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र फरदिहया निवासी एक नाबालिक किशोरी ने गांव के ही एक कच्ची शराब के विक्रेता पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते दिवस मंगलवार को उसके घर पर कोई नहीं था वह घर में अकेली थी तभी बाबू निवासी फरदहिया गांव का ही एक कच्ची शराब की दुकान चलाता है वह शाम को करीब छह बजे घर में घुस आया और नाबालिक किशोरी को घर में अकेला पाकर उसको ?500 देने का प्रलोभन देकर कमरे के अंदर चलने को कहा जिस लड़की डर गई और रोने लगी तो वह घर से भाग गया। नाबालिक किशोरी ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन घटना के 12 घंटे बीच जाने के बाद भी जब पुलिस उसके दरवाजे पर नहीं पहुंची तो सुबह पीड़ित ने पीआरबी डायल 112 पर फोन करके घटना की जानकारी दी है।

# किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




बाबा विश्वनाथ की पावन भूमि काशी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 17वी किस्त मंगलवार को जारी कर दी इस योजना के माध्यम से लगभग 9.26 करोड़ किसानों के अकाउंट में 20000 करोड रुपए पहुंच गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव से युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों कर्मचारियों ने वर्चुअल रूप से जोड़कर उनके विचारों को सुना।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि किसानों का विकास यदि किसी सरकार ने किया है तो वह सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए किसान सम्मान निधि सहित बहुत सी योजनाएं चलाई गई है जो किसानों के विकास में मील का पत्थर साबित हुई है।

# सिंचाई के अभाव में सूख रही फसल

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सिंचाई विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सीतापुर राजब हा खंड द्वितीय में पानी का संचालन मात्र दिखावे के लिए चल रहा है। कस्ता डलवापुर टिकरिया आदि ग्रामों के किसानो की फसल सिंचाई के अभाव में सूख रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों की आय को दुगना करने के लिए कटिबंध है किंतु सिंचाई विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। लखीमपुर खीरी जनपद में अधिकांश किसान गन्ने की खेती करते हैं तेज धूप एवं गर्मी क़े कारण किसानों की फसले सूखने के कगार पर है। किसानों का कहना है कि सिंचाई विभागीय अधिकारी किसानों की समस्याओं की ओर गौर ही नहीं कर रहे हैं। खीरी जनपद के जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकारियों की बैठक में कहा गया था किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी का संचालन मानक क़े अनुरूप किया जाए किसानों की फसलों की सिंचाई सुगमता पूर्वक हो सके। किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जिले के मुखिया महेंद्र बहादुर सिंह से सीतापुर राजबहां खंड द्वितीय में पानी का संचालन सुचारू रूप से कराए जाने की मांग की है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली से दबकर युवक की मौत

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसके नीचे दबकर एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।प्राप्त विवरण के अनुसार बुधवार को चौकाघाट की तरफ से मरकामऊ जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ग्राम तहापुर के समीप अनियंत्रित होकर पलट गयी।जिससे उस पर सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना रामनगर की पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली व मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक युवक की समाचार लिखे जाने तक कोई पहचान नहीं हो पाई है तथा फरार चालक का भी कोई अता पता नहीं लग सका है।

# वर्षों इंतजार के बाद बनने जा रही सड़क नाली न बनने से बनी रहेगी परेशानी



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा बिजुआ के मोहल्ला पुरानी कॉलोनी के ग्रामीणों की मांग पर सड़क बनना तो मंजूर हो गया लेकिन अब ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण न होने से ग्रामीणों की समस्या बनी रहेगी।

ग्राम पंचायत बिजुआ के मोहल्ला पुरानी कॉलोनी के ग्रामीण काफी समय से मोहल्ले में जल भराव की समस्या का दंश झेलते आ रहे हैं। बरसात के मौसम में मोहल्ले के ग्रामीणों को दो फिट गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।सड़क बनाने को लेकर ग्राम प्रधान से लेकर अधिकारों के यहां तक चक्कर लगाने के बाद ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का मन बनाया। वहीं मंगलवार को मौके पर पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी प्रताप सिंह राणा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मोहल्ले में सड़क निर्माण बरसात से पहले ही करा दिया जाएगा। लेकिन नाली निर्माण की सहमति न बन सकी। जिस पर ग्रामीणों समस्या बनी रहेगी।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण व सड़क पर दोनों तरफ नाली निर्माण की मांग की है।

# दूसरे दिन भी जारी रहा वकीलों का धरना

- एसडीएम की कार्यशैली से नाराज वकील

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**




निघासन के वकीलों की एसडीएम की कार्यशैली के खिलाफ लगभग डेढ़ माह से वकील हड़ताल चल रही है।निघासन के वकीलो ने डीएम से मुलाकात कर एस डी एम की कार्यशैली के बारे में अवगत कराया जिस पर डीएम ने एसडीएम को फोन कर वकीलों से वार्ता कर समाधान करने को कहा।

एसडीएम के बुलावे पर शुक्रवार को संघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष रामनिवास जायसवाल मंत्री उमाकांत जायसवाल सहित वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, सुबोध कुमार पाड़े, मेजर सिंह, रमेश शर्मा, चन्द्रकेश, विवेक श्रीवास्तव, रामकृष्ण चतुर्वेदी सहित प्रतिनिधि मंडल एसडीएम अश्वनी सिंह के बुलावे पत्र पर वार्ता करने के लिए उनके चैम्बर में गया। खतौनी में गलती सुधार के मुकदमों में वकीलों ने कहा बिना पक्षों को नोटिस जारी किये वाद को निरस्त कर दिये गये हैं, बिना पक्षों को सूचित किये लोक अदालत में 34 फाइले निरस्त कर दी गयी जिनके खिलाफ पीड़ित पक्ष आगे मुकदमा नही कर सकता है जब वार्ता शुरू की तब एसडीएम ने किसी भी प्रकार की समाधान की पहल नही किया।

वकीलों की एसडीएम से किसी बिंदु पर सहमति नही बनी और वार्ता विफल हो गई उसके बाद वकीलों ने मीटिंग कर मंगलवार से एसडीएम के खिलाफ धरना करने का निर्णय लिया था।

मंगलवार को वकील एसडीएम के कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए धरने पर बैठे दूसरे दिन बुधवार को वकीलों ने एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। धरने को सभी वकीलों ने बारी बारी से संबोधित किया। वकीलों ने कहा एस डी एम को बिल्कुल जानकारी नही है जिससे न्याय की मंशा के खिलाफ आदेश करते है।एक स्वर में कहा जब तक एसडीएम का ट्रांसफर नही हो जाता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कार्यशैली का विरोध किया वकीलों ने कहा अगर जरूरत पड़ी तो सड़को पर उतरेंगे जो आवश्यक संवैधानिक तरीके विरोध किया जाएगा।

इस दौरान अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामनिवास जायसवाल, संयुक्त मंत्री योगेश यादव अंकेक्षक बच्चा लाल सहित सभी पदाधिकारियो के सहित ब्रम्ह प्रकाश श्रीवास्तव वीरेंद्र प्रकाश रुहेला राम कृष्ण चतुर्वेदी रमेश शर्मा डीपी सिंह पंकज जायसवाल, सुबोधपांडे, सर्वेश गुप्ता, दिनेश कुमार वर्मा,धर्मेश यादव, सर्वेश यादव, हरिओम बाथम, रामप्रताप, मायाराम चौधरी, राहुल गुप्ता, रवि गुप्ता, सोनेलाल, युगुल किशोर सहित सभी वकील मौजूद रहे।

# किसान दिवस : डीएम ने नलकूप महकमे को लगाई फटकार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- कहा जल्द सुनिश्चित कराए बंद नलकूपों की क्रियाशीलता
- किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो : डीएम



किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में ÷किसान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने नलकूप खराबी होने की बात रखी, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए नलकूप महकमें के अधिकारियों को फटकार लगाई और प्रत्येक दशा में नलकूपों की क्रियाशीलता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है।

डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किसान दिवस का संचालन किया गया।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, पीपीओ सत्येन्द्र सिंह, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके डा. आर0के0सिंह, कृषि वैज्ञानिक डा.जियालाल एआरसीएस,अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

### जल्द सुनिश्चित कराएं बंद नलकूपों की क्रियाशीलता

किसान दिवस में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद किसानों से राजकीय नलकूप की क्रियाशीलता जानी। इसपर कई किसानों ने तकनीकी खराबी का जिक्र करते हुए अपने गांव के नलकूप खराब होने की बात कही, जिसपर डीएम ने गहरी नाराजगी जाहिर कर नलकूप महकमें के अफसर को कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिए कि खराब नलकूपों की जानकारी नोट करते हुए उनकी क्रियाशीलता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाघ ने किया गौवंशीय पशु पर हमला

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

दक्षिण खीरी वन प्रभात क्षेत्र के मोहम्मदी रेंज की आंवला जंगल से सटे गांवों में लगातार बाघ शिकार करते देखें जा रहे। एक सप्ताह से कस्बा भीखमपुर के पास खेतों में बाघ आवारा गौवंशीय पशुओं का शिकार कर रहा है बाघ ने रविवार रात को कस्ता भीखमपुर मार्ग पर कस्बा चौराहे के पास रोड़ के बीचों-बीच गौवंशीय पशु पर हमला कर दिया। हमलें के बाद बाघ घायल गौवंशीय पशु के पास एक घंटे रोड़ पर बैठा रहा। बाघ को शिकार करते देखकर कस्ता भीखमपुर मार्ग पर राहगीरों को रोक कर बाघ की जानकारी दी गई। मौके पर होमगार्ड कृष्ण कुमार ने राहगीरों को कस्बा होते हुए कस्ता की तरफ निकाला। आंवला जंगल कस्बा भीखमपुर आबादी से सटे कस्ता भीखमपुर मार्ग पर देर शाम बाघ को ग्रामीणों ने रोड किनारे खेतों में देखा था। रविवार रात दस बजे बाघ ने आवारा गौवंशीय पशु पर हमला कर घायल कर दिया। बाघ गौवंशीय पशु के पास रोड़ पर एक घंटे बैठा रहा। बाघ की मौजूदगी के चलते अनेक ग्रामीण व राहगीरों ने शोरगुल करने पर बाघ घायल गौवंशीय पशु को छोड़कर खेतों में चला गया। बाघ द्वारा गौवंशीय पशु के घायल होने की सुचना पर हिन्दू संगठनों के विरोध करने पर मौके पर पहुंचे आंवला वन विभाग के कर्मचारी व मितौली कस्बा भीखमपुर पिकेट एस आई राम मिलन यादव हमराही जसवंत ने मिलकर घायल गौवंशीय पशु को पिकप से आंवला चौकी ले गए। वन विभाग ने कस्ता पशु चिकित्सालय प्रभारी डा अनुपम सिंह को सूचना दी। मौके पर पहुंचे डा अनुपम सिंह की टीम में राकेश वर्मा, हितेन्द्र, रमश ने घायल गौवंशीय पशु का इलाज में किया जा रहा है। डा अनुपम सिंह ने बताया कि बाघ के हमलें से गौवंशीय पशु का खून निकलने से हालत गंभीर है इलाज चल रहा है। वन दरोगा मया प्रकाश वर्मा ने बताया कि बाघ ने गौवंशीय पशु कर शिकार कर गंभीर घायल कर दिया था। गौवंशीय पशु का प्राइवेट वाहन से आंवला चौकी लाया गया जहां पशु चिकित्सा द्वारा इलाज चल रहा है वहीं टीम को घायल पशु के लिए हरे चारें व पानी दिया जा रहा है।

### अलग अलग जगहों पर देखें जा रहे हैं बाघ

आंवला जंगल से सटे गांवों में बाघ लगातार देखें जा रहे हैं। रविवार शाम को कस्बा भीखमपुर में गौवंशीय पशु पर हमला व कस्बा चौराहे ममरी मार्ग के ढढौरा मार्ग के नरवाल रपटा पुलिया के पास खेत देखने जा रहे जितेन्द्र ने बाघ को देखकर शोर मचाने लगा। वहीं कस्ता भीखमपुर मार्ग के गांव रजुआपुर में मड़रिया निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल यादव के खेत में निराई कर रहे मजदूरों ने बाघ देखा।

### सोलह दिन में दो बाइक चालक व चार गौवंशीय पशुओं व एक मवैशी का किया शिकार

बाघ ने 6 जून को वीरमपुर निवासी चार लोगों पर हमला कर घायल कर दिया वहीं 8 जून को डाक विभाग व बिजली विभाग के कर्मचारियों पर हमला 9जून को विशोखर निवासी युवक के पालतू पशु का शिकार व 12-14बीको कस्बा से सटे खेतों में बाघ ने गौवंशीय पशु पर हमला कर शिकार किया।

### बाघ की मौजूदगी के चलते किसानी चौपट

आंवला जंगल से सटे गांवों में गन्ने की फसल होने के चलते किसान फसलों की सिंचाई गुड़ाई बाघ के डर से नहीं कर पा रहे हैं जिससे फसलें प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों अपने पालतू पशुओं के लिए हरे चारे का इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं।

# हास्य व्यंग्य के रचनाकार का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू 64वां जन्मदिन कवि एवं साहित्यकारों व समाजसेवियों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल समिति के अध्यक्ष समाजसेवी रत्नेश कुमार, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर ने लल्लू जी को माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर कृष्णपाल सिंह ने कहा कि आम जनता में साहित्य के प्रति लगाव वाचिक परंपरा की कविता ने पैदा किया है और अब समय आ गया है कि समाज के मांगलिक कार्यक्रमों को किसी महापुरुष को समर्पित करके साहित्यिक रूप में मनाया जाये।

लल्लू के जन्मदिन को वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को समर्पित करके मनाये गये कार्यक्रम में राम किशोर तिवारी किशोर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। लल्लू जी के संचालन में दीपक दिवाकर ने मां वीणा पाणि की वंदना में पढ़ा-

हे जगत् जननी तेरी आराधना करता रहूं।
जग के बंधन से निकल कर साधना करता रहूं।।

रामकिशोर तिवारी किशोर जन्म दिन पर बधाई स्वरूप पढ़ा -

जिन्दगी में सदा मुस्कुराते रहो।
व्यंग्य गीतों को भी गुनगुनाते रहो ।
आपसे एक विनती यही मित्रवर,
मेरे घर को भी तुम आते जाते रहो।।

डॉ. अम्बरीष अम्बर ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को नमन किया तो वही सनत कुमार अनाड़ी ने बढ़ती गर्मी पर कविता पढ़ी। डॉ सियाराम रावत ने वासंती पंक्तियों से माहौल बदला। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने हास्य व्यंग्य की कविताएं पढ़ी। डॉ ओ पी वर्मा ओम ने ओज की कविता पढ़ी।

धूल चाटती गोरों की वह सेना बड़ी गुमानी थी।
सबक सिखाती अंग्रेजों को झांसी वाली रानी थी।।

अंत में सभी अभ्यागतों के प्रति मानसी श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापित किया ।

# एसडीएम ने वेस्ट टू वंडर पार्क का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम ने नगर पंचायत द्वारा सिंगाही देहात में स्थापित एमआरएफ सेंटर वेस्ट टू वंडर पार्क का निरीक्षण किया। नगर में साफ सफ़ाई को लेकर दिशा निर्देश दिए।

कस्बे को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए कार्यालय में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी /एसडीएम अश्विन कुमार सिंह गीला व सूखे कूड़े की संभाल के लिए कंपोस्ट पिट सिस्टम शुरू करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कंपोस्ट पिट लगाने से जहां कूड़े की संभाल होगी, वहीं कूड़े से खाद तैयार कर पौधों को दी जा सकती है। अगर आपने घर में पौधे लगाए हैं तो उनके पोषण के लिए आप घर के गीले कूड़े को अलग करें और कंपोस्ट पिट लगाकर कूड़े से जैविक खाद बनाएं। यह खाद आप पौधों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके घर से निकलने वाले कूड़े की मात्रा कम हो जाएगी और आप स्वच्छता सर्वे में शहर की रैंकिग बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं। इसके बाद उन्होंने अटल पार्क में बने वेस्ट टू वंडर पार्क का निरीक्षण करते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने आसपास को क्लीन व ग्रीन बनायेंगे इसके साथ ही अब कोई भी पुरानी वेस्ट का सही से इस्तेमाल हम भी अपने घरों के आसपास करेंगे। जिससे अपने गली मोहल्ले को सुन्दर बनाया जा सकें। पार्क बनाने का उद्देश्य लोगों में वेस्ट मैटीरियल का प्रयोग कैसे करें यह उन्हें समझाना है। वहीं एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण कर जल्द से जल्द उसका संचालन शुरू करने के निर्देश दिए।

# भीषण गर्मी का कहर जारी, अभी तेज धूप से राहत मिलने की संभावना नहीं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भीषण गर्मी का कहर जारी है। अभी तेज धूप से राहत मिलने की संभावना नहीं है। बुधवार भी तेज हवा और गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मंगलवार को शहर का तापमान 45.3 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 32.6 डिग्री रहा।

मौसम विभाग ने दिन में 11 से 4 बजे तक हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। लोगों से अपील की गई है कि वे घरों में ही रहें। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार के मुताबिक हीट वेव जारी रहेगी। जून के महीने में बारिश की उम्मीद कम है। बुधवार को दिन का पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है। जबकि रात में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। गर्मी से राहत के लिए शहर में कुछ जगहों पर मीठा शरबत भी बांटा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार हीट वेव (लू) से लेकर गंभीर हीट वेव की स्थिति बन रही है। जगहों पर गर्म रात भी जारी रहने की भी संभावना है। बिजली चमकनेध्तेज हवाओं (गति 30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ आंधी-तूफान की संभावना बन रही है।

लोगों को सुनसान जगहों पर जाने से बचने की सलाह दी गई है। यूपी के पूर्वी और पश्चिम इलाके में कहीं-कहीं बारिशध्गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इलाके में कहीं-कहीं तेज सतही हवाएं की रफ्तार से चलने की संभावना है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि आगामी 2-3 दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा।

# जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस से लैस होंगे राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रवर्तन दस्ते में शामिल वाहनों के टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में, राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहनों को जीपीएस ट्रैकिंग व व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस से लैस होंगे। साथ ही, इन डिवाइसेस को वाहनों में सही तरीके से संचालित करने के लिए डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा अनुसार राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े के उच्चीकरण की एक विस्तृत कार्ययोजना





तैयार की गई थी, जिसे क्रियान्वित करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सर्विस प्रोवाइडर संस्था नियुक्त किया गया है। श्रीट्रॉन में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े को अपग्रेड करने का मौका कार्यावंटन के बाद मिलेगा। इसी प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है और जून माह के अंत से प्रक्रिया पूरी तरह क्रियान्वित हो जाएगी। पांच वर्ष की संपूर्ण अनुबंध अवधि के लिए सभी इंस्टॉल किए गए उपकरणों को सिम एक्टिवेशन और रिचार्ज से युक्त किया जाएगा।

किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए एक व्यक्ति भी नियुक्त किया जाएगा। शिकायतों के निवारण के लिए एक उपयुक्त तंत्र विकसित किया जाएगा और मासिक समस्या लॉग और समाधान स्थिति रिपोर्ट परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश को प्रस्तुत की जाएगी।

एआईएस-140 मानक के अनुसार इस कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए श्रीट्रॉन द्वारा रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) माध्यम के जरिए इम्पैनल्ड कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं।

### 223 जीपीएस डिवाइसेस को किया जाएगा इंस्टॉल

अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े की गाड़ियों पर 223 जीपीएस लोकेशन व वीएलटी डिवाइसेस को इन्सटॉल किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने के अतिरिक्त एक आधुनिक डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर व वेबसाइटे बेस्ड इंटरफेस भी डेवलप किया जाएगा। यह ट्रैकिंग के साथ ही डैशबोर्ड, डेटाबेस व मैप एक्सेसिबिलिटी के साथ ही लाइसेंस और पूर्ण वीएलटी समाधान के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर को स्थापित वीएलटी उपकरणों से प्राप्त डेटा को कैप्चर, स्टोर, प्रोसेस, विश्लेषण और प्रदर्शित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज इनेबल्ड किया जाएगा।

### रियल टाइम एक्सेसिबिलिटी से लैस होगा सॉफ्टवेयर

बैकएंड सॉफ्टवेयर को डिजिटल मैप पर वाहन की आवाजाही की रियल टाइम ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के लिहाज से डेवलप किया जाएगा। वाहन ट्रैकिंग डिवाइस को ओवर-द-एयर (ओटीए) कॉन्फ़िगर करने की क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर दरअसल एक वेब-आधारित एप्लीकेशन होगा, जिसे विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टैबलेट कंप्यूटर, मोबाइल फोन आदि पर एक्सेस किया जा सकेगा।

## खबरें एक नजर में

### 28 जून से 15 जुलाई तक चलेगा स्कूल चलो अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय विद्यालय 25 जून से खुल रहे हैं। बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। विद्यालय आने पर उनका रोली टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। साथ ही स्कूलों को भी रंगीली, झंडी, गुब्बारों से सजाया जाएगा। इस दिन मिड-डे-मील में भी हलवा-खीर बनेगा प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 18 जून को समाप्त हो रही थीं। लेकिन, भीषण गर्मी को देखते हुए इसे एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। विद्यालय 25 जून खुलेंगे और सिर्फशिक्षक- कर्मचारी स्कूल आएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल को खोलकर क्लास रूम व लाइब्रेरी की साफ-सफाई, पानी की टंकी, किचेन, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। 28 से जब बच्चे आएंगे तो शुरू के दो दिन 28-29 जून को समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी बुला सकते हैं। दो दिन विद्यालय सुबह 7.30 से 10 बजे तक ही चलेंगे। वहीं एक जुलाई से विद्यालय सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक चलेंगे और नियमित पठन पाठन का आयोजन किया जाएगा।महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिया है कि इस दौरान डीबीटी की तैयारी पूरी की जाए। इसी क्रम में 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान फिर से चलाया जाए।

### छात्र उपस्थिति पंजिका और एमडीएम रजिस्टर होंगे डिजिटल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा विभाग ने कहा है कि नए सत्र में स्कूल खुलने के साथ ही सभी परिषदीय, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका व एमडीएम पंजिका को भी डिजिटल रूप में प्रयोग किया जाए इसके लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर नाम से नया मॉड्यूल विकसित किया गया है। इस पर हर दिन की सूचना अपलोड की जाएगी। महानिदेशक ने यह भी कहा है कि पीटीएम में ड्रापआउट कम करने पर चर्चा की जाए। अभिभावकों से संपर्क कर उनकी काउंसिलिंग कराई जाए।

### गर्मी में न किए जाएं कर्मचारियों के स्थानांतरण : इप्सेफ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि इस भीषण गर्मी में कर्मचारियों के स्थानांतरण न किए जाएं क्योंकि भीषण गर्मी में कर्मचारियों की गृहस्थी अस्त व्यस्त हो जाएगी कर्मचारी परिवार उन्हीं के परिवार हैं उनकी पीड़ा का ध्यान रखना सरकार का दायित्व है। श्री मिश्र ने आग्रह किया है कि विगत वर्ष कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री का स्थानांतरण कर दिया गया था, जिनको संबंधित जनपदों में वापस किया जाए। नई स्थानांतरण नीति में 2 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के बाद पुनः पदाधिकारी बन जाने पर पदाधिकारी न मानते हुए स्थानांतरण किया गया था। ऐसे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के ही कुछ मामले हैं। श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री को बधाई दी है कि इस वर्ष की स्थानांतरण नीति में वह प्रकरण हटा लिया गया है। कर्मचारी संगठन शासन एवं कर्मचारियों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्हें सुदृढ़ किया जाना चाहिए न कि कमजोर करने की नीति अपनाई जाए।

### नगर निगम की कूड़ा गाड़ी में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में बुधवार को नगर निगम की कूड़ा गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी से हल्का धुआं निकलने पर ड्राइवर उतर गया और देखते ही देखते गाड़ी आग का गोला बन गई। जिसे मौके पर पहुंची दमकल ने गाड़ी ने 20 मिनट में बुझा दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को सुबह करीब 10 बजे नगर निगम की गाड़ी कूड़ा उठाने जा रही थी। हयात होटल के पास पहुंची थी। तभी गाड़ी में अचानक से धुंआ उठने लगा। ड्राइवर तुरंत गाड़ी छोड़कर भाग गया। देखते ही देखते गाड़ी में आग भड़क गई। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके से पहुंची टीम ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। पूरी गाड़ी जल गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### कार ने अधेड़ को रौंदा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकारी के मुताबिक मस्तीपुर निवासी रंजीत सिंह (48) पुत्र इंद्रपाल सिंह किसानी करते थे। मंगलवार की रात को वे भोजन के बाद घर के बाहर ही कुर्सी डालकर बैठे थे। उसी दौरान रायबरेली की तरफसे एक तेज रफ्तार कार आई और रंजीत पर ही चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रंजीत अपने घर के बाहर बैठे थे। बगल के मकान में काम चल रहा था। कार पहले अनियंत्रित होकर वहां रखे मोरंग बालू पर चढ़ी फिर रंजीत को टक्कर मार दी। रंजीत कार में फंस गए। आसपास के लोगों ने तुरंत रंजीत को कार के नीचे से बाहर निकाला और निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां से हालत बिगड़ी तो ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले ही रंजीत ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि रंजीत के परिवार में उनकी पत्नी ममता यादव हैं। दो बेटे हर्षित (16) और छोटू (8) हैं। पुलिस ने बताया कि गाड़ी गाजीपुर के रहने वाले रवि की है। वे लखनऊ के गोमती नगर में मकान लेकर रहते हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### 21 को गोमती आरती के संग योग शिक्षकों का होगा सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा द्वारा इस माह की पूर्णिमा 21 जून को ज्येष्ठ महीने की 126वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती व सनातन समागम के संग 11 सदस्यों, जिनका जन्मदिनध्विवाह वर्षगाठ है, सनातन परंपरा के अनुसार धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन 21 जून को शाम 6.30 बजे झूलेलाल घाट पर होगा। सनातन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि इस अवसर पर सभी 11 सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण भी कराया जाएगा।

# 1200 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त

## कुकरैल नदी के किनारे अतिक्रमण रोधी अभियान में अवैध इमारतों को गिराने का काम पूरा

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कुकरैल नदी के किनारे अतिक्रमण रोधी अभियान में अवैध इमारतों को गिराने का काम पूरा हो गया है। एलडीए के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुलडोजर सहित भारी मशीनों से लगभग 1169 अवैध आवासीय संपत्तियों व 100 से अधिक व्यावसायिक संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया। करीब 24.5 एकड़ भूमि पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए पिछले साल दिसंबर में ध्वस्तीकरण का काम शुरू किया गया था।

क्षेत्र में 1320 से अधिक अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया गया है। इनमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के धार्मिक स्थल भी शामिल हैं। एलडीए के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को करीब 100 इमारतों को ध्वस्त किया गया। अधिककारी ने बताया अब मलबा हटाने का काम शुरू किया गया है। अकबरनगर के जिन परिवारों के घर गिराए गए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के दूसरे हिस्से में वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराए गए हैं। अकबरनगर के 1800 से अधिक परिवारों को आवास मिल चुका है। राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में एक 'इको-टूरिज्म हबश् विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच भूमाफिया ने तत्कालीन शासन के साथ सांठगांठ कर पर्यावरण संरक्षण के मानकों को दरकिनार करते हुए कुकरैल नदी के इर्दगिर्द बहुमंजिला इमारतें एवं शोरूम बना दिये थे। राज्यप्रवक्ता ने बताया कि कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध कॉलोनियां भी बसा दी थीं, जबकि इस क्षेत्र में रिहायशी एवं व्यवसायिक निर्माण नहीं हो सकता। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर नवंबर 2023 में कुकरैल नदी के आसपास बसे अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के 1,068 अवैध आवासीय और 101 व्यावसायिक निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। उन्होंने बताया कि सरकार की कार्रवाई को भूमाफिया व करोड़पति कब्जेदारों ने उच्चतम न्यायालय तक में चुनौती दी थी।

प्रवक्ता ने बताया कि सरकार भूमाफिया के शिकार हुए अकबरनगर के गरीब निवासियों के साथ लगातार मजबूती से खड़ी है, अवैध निर्माण को हटाने से पहले अधिकारियों ने हर गरीब परिवार से संवाद किया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी गरीब परिवार का पुनर्वास कराते हुए करीब दो हजार लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान आवंटित किये गये हैं।

### कार्यों में नवाचार को दिया जा रहा है बढ़ावा : स्वतंत्र देव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि लगातार नवीन तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा सिद्धार्थनगर, महराजगंज एवं गोरखपुर में प्रेशर सिंचाई प्रणाली विकसित किया जा रहा है, यह नई सिंचाई पद्धति है। प्रदेश में प्रथम बार प्रेशर सिंचाई प्रणाली का कार्य कराया जा रहा है। स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रेशर सिंचाई प्रणाली में सेडिमेंटेशन टैंक, पम्प हाउस तथा पीसीसी पाइप एवं डीआई पाइप का उपयोग किया जा रहा है। प्रेशर सिंचाई प्रणाली में पाइप 800 मिमी तथा 200 मिमी लाइन जमीन से लगभग 1.5 मीटर नीचे विछाया जा रहा है, जिससे कृषकों की जमीन पर खेती पूर्व की भांति होती रहेगी। इस सिंचाई प्रणाली में लगभग प्रत्येक 200 मीटर पर आउटलेट का प्राविधान है। पाइप में पानी का बहाव दबाव के होने के कारण ग्रेविटी फ्लो तथा पाइप लगाकर कृषक अपने खेत की सिंचाई कर सकता है।

# दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करेगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को तीन दिसंबर यानी विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन विभाग द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं इन पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते हैं।

प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों के लिए दिव्यांगजन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 प्रचलित है, जिसमें 12 विभिन्न श्रेणियों के तहत पुरस्कार दिए जाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि नियमावली के अनुसार इन पुरस्कारों के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्था सबंधित जनपद के दिव्यांगजन अधिकारी कार्यालय से संपर्क निर्धारित प्रारूप में 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी योग्य उम्मीदवारों और संस्थाओं से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया गया है ताकि उनकी सेवाओं को सम्मिलित किया जा सके।राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 के अंतर्गत पुरस्कार के लिए श्रेणियां निर्धारित की गई है जिनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता और सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति और सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणास्रोत के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी,कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे।

# 30 सितंबर तक कराएं प्रमोशन रिक्त पदों को जल्द भरें : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने आज विधान भवन स्थित सभागार कक्ष संख्या-44 ख में परिवहन विभाग की मण्डल स्तरीय एवं मुख्यालय स्तरीय अधिकारियों के साथ राजस्व प्राप्ति, प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर समीक्षा की। प्रवर्तन अधिकारी जीरो प्वाइंट पर ओवरलोडिंग को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रवर्तन अधिकारी दो घंटा कम से कम प्रवर्तन के लिए निकाले और फील्ड में जाकर इन्टरसेप्टर वाहनों का इस्तेमाल करते हुए वाहनों की चेकिंग करें।

उन्होंने अप्रैल-मई माह में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले प्रवर्तन अधिकारियों को बधाई दी एवं लक्ष्य प्राप्ति से कम रहने वाले जनपदों के प्रवर्तन अधिकारियों को और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये।परिवहन मंत्री ने डीटीसी, आरटीओ,एआरटीओ प्रशा. को निर्देश दिये कि सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में अवश्य बैठें। औचक निरीक्षण में कोई अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही कीजायेगी। अधिकारी अब सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करें। ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस पर मुख्यतः अधिकारियों का फोकस होना चाहिए। ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस की शिकायतों पर उनके खिलाफकार्यवाही की जायेगी। उन्होंने राजस्व प्राप्ति में रजिस्ट्रेशन से प्राप्त होने वाले आय को प्रवर्तन की कार्यवाही से प्राप्त होने वाले आय को अलग करते हुए डेटा तैयार करने के निर्देश दिये और प्रति सप्ताह रिपोर्ट मुख्यालय भेजने को कहा। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। सड़क सुरक्षा पर विभाग द्वारा किये गये कार्यो की मॉनीटरिंग की जाए। ट्रैक्टर-ट्राली के प्रयोग से अधिक मौत होने की रिपोर्ट मिलती है। अभियान चलाकर ट्रैक्टर-ट्राली के ड्राइवर को जागरूक किया जाए। प्रवर्तन टीम जॉच कर सुनिश्चित करे कि बिना डीएल कोई भी ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर न चलाये। उन्होंने इसके अलावा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर खासकर ब्लैक स्पाट, अवैध कट्स, सवारी वाहनों में अनुमन्य संख्या से ज्यादा सवारियों को बैठाया जाना, ढ़ाबों सड़क किनारे वाहनों का अवैध रूप से खड़ा किया जाना, को ठीक कराते हुए सड़क दुर्घटना में होने वाले मौतों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये।

# भूतनाथ मार्केट में टप्पेबाजी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के भूतनाथ मार्केट में टप्पेबाजी करने वाले आरोपी को पुलिस में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नौबस्ता, कानपुर के रहने वाले फहीम अहमद पुत्र मोईन अहमद के रूप में हुई है। आरोपी की कानपुर में बेकरी शॉप है। महंगे शौक पूरे करने के लिए घटना की थी। रविवार को अपनी बहन को पेपर दिलाने लखनऊ आया था। इस दौरान घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक भूतनाथ मार्केट में रविवार को करीब 12.30 बजे अज्ञात व्यक्ति सुनार ज्वैलर्स से दो सोने की चेन और दो ब्रेसलेट उठाकर भाग गया था। जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। सीसीटीवी में लड़का ब्राउन चश्मा और सफेद शर्ट पहने दिखाई दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की 4 टीम गठित की गई। टीम ने मार्केट में लगे करीब 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी से पता चला आरोपी लक्ष्मणपुरी कॉलोनी की तरफ भागा है। जहां से ओला कैब किया और फरार हो गया। इसके बाद ओला ड्राइवर को पकड़ा गया। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया आरोपी भूतनाथ मार्केट में खड़ी अपनी क्रेटा कार के पास गया था। फिर उसमें बैठकर निकल गया।

# पर्यटन विभाग को निःशुल्क दी जाएगी मथुरा में ग्राम समाज की 6.8590 हेक्टेयर भूमि

समृद्धि न्यूज

### तीर्थयात्रियों के लिए जनसुविधा केन्द्र, पड़ाव, विश्राम स्थल व शिल्पग्राम की स्थापना की जायेगी : जयवीर

**लखनऊ/मथुरा।** मथुरा के अंतर्गत तहसील सदर में स्थित ग्राम जचौंदा में प्रस्तावित कुल क्षेत्रफल 6.8590 हेक्टेयर भूमि जनसुविधाओं, पड़ाव एवं शिल्पग्राम की स्थापना हेतु ग्राम समाज की इस भूमि को पर्यटन विभाग के निवर्तन पर निःशुल्क हस्तान्तरित की जायेगी।

मामले में अग्रेतर निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। इस भूमि के संबंध में कतिपय शर्त एवं प्रतिबंधों का अनुपालन अनिवार्य रूप से करना होगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस भूमि के हस्तान्तरण संबंधी प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। भूमि के स्वामित्व के बिन्दु पर पर्यटन निदेशालय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रस्तावित भूमि जिस प्रयोजन हेतु निःशुल्क हस्तान्तरित की जानी है उसके लिए सक्षम संस्था द्वारा निर्धारित मानक से अधिक न हो। इसके अलावा भूमि विवाद रहित हो और उस पर कोई धार्मिक या ऐतिहासिक महत्व की इमारत न हो। यदि भविष्य में इस भूमि की आवश्यकता न हो अथवा तीन वर्षो तक इस निःशुल्क हस्तान्तरित की जाने वाली भूमि प्रस्तावित कार्य के लिए उपयोग में नहीं लायी जाती है तो पर्यटन विभाग द्वारा इस भूमि को मूल विभाग को वापस करना होगा। इसके साथ ही पर्यटन निदेशालय द्वारा इस संबंध में संगत अधिनियमों वित्तीय नियम संग्रह तथा शासनादेश आदि की व्यवस्थाओं का पालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्राम जचौंदा की ग्राम समाज की 6.8590 हेक्टेयर भूमि खाली पड़ी हुई है।

### मछली पालकों के लिए 12 विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में फिशडिजीज ऐप जारी

**लखनऊ।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने आईसीएआर-एनबीएफजीआर का दौरा किया और संस्थान की समीक्षा की।भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय एवं पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल ने भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ का दौरा किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री द्वारा संस्थान परिसर में पौधरोपण के साथ की गई। इस अवसर पर मंत्री ने संस्थान की प्रगति समीक्षा और संवाद बैठक की अध्यक्षता की। संस्थान के निदेशक डॉ. उत्तम कुमार सरकार ने जलीय आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, विकास और प्रबंधन के लिए संस्थान की परिवर्तनकारी गतिविधियों, प्रयासों और उपलब्धियों सहित भाकृअनुपएनबीएफजीआर की प्रगति का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। मंत्री ने देश के मछली किसानों और हितधारकों के लाभ के लिए 12 विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में रिपोर्ट फिशडिजीज ऐप जारी किया। डॉ. सरकार ने संस्थान में मछली स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का आग्रह किया। मंत्री ने लक्षद्वीप में संस्थान के एक क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन की स्थापना का सुझाव दिया। गंगा एक्वेरियम का दौरा किया और मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास और मूल्यवान जलीय आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अटूट प्रतिबद्धता की दिशा में संस्थान के प्रयासों की सराहना की, जिसमें 100 दिवसीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संस्थान का केंद्रित दृष्टिकोण शामिल है। मंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में गठित होगी 10 सदस्यीय जनपद स्तरीय समिति

समृद्धि न्यूज

### मुख्य सचिव ने योग दिवस के आयोजन के लिए जारी किए निर्देश

**लखनऊ।** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को किया जायेगा। आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली ने इस वर्ष का थीम स्वयं और समाज के लिए योग रखी गई है। योग सप्ताह 15 जून से शुरू हो चुका है।

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों के अलावा अन्य गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव, मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, महानिदेशक आयुष, मिशन निदेशक आयुष तथा निदेशक आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथिक को विस्तार से दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। योग कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। इस समिति में 10 सदस्य सम्मिलित होंगे। इसके अलावा जनपद में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों, प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से जनपद, तहसील, ब्लाक, पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित प्रमुख हस्तियों, खिलाड़ियों, योग गुरूओं, प्रतिष्ठित महानुभावों आदि के संदेश प्रसारित किये जाने के लिए मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया है। जनपदों के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पुलिस थाना, पुलिस लाइन, पीएसी बटालियन, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड तथा प्रांतीय रक्षा दल को शामिल करते हुए योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाते हुए योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाये।

निर्देश

### गोरखपुर और वाराणसी में भी स्थापित होगा पीएम मित्र पार्क : सचान

# टैक्सटाइल्स पार्क से प्रदेश में टेक्सटाइल उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के एमएसएमई, रेशम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएम मित्र योजनांतर्गत लखनऊ-हरदोई के मध्य टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना हेतु भूमि से संबंधित समस्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाए, जल्द ही इस पार्क का शिलान्यास होना है।

पीएम मित्र टैक्सटाइल्स पार्क से प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग को बहुत अधिक बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इच्छानुसार उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने की दिशा में तेजी से जरूरी कदम उठाए जाएँ। प्रदेश को टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बनाने के लिए भविष्य में गोरखपुर और वाराणसी में भी पीएम मित्र पार्क को स्थापित किए जाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए। उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल्स उद्योग की बहुत संभावनाएँ हैं। इससे प्रदेश में काफी संख्या में रोजगार भी सृजित होगा।उत्तर प्रदेश के एमएसएमई, रेशम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग मंत्री राकेश सचान ने यह निर्देश आज यहाँ खादी भवन सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग विभाग के विभागीय कार्यो की समीक्षा के अवसर पर दिया। उन्होंने इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभागीय योजनाओं के लिए आवंटित बजट के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य निर्धारित कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का धरातल स्तर पर क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाए। योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें किसी प्रकार की अल्पावधि नहीं मिलनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के मंडलों, जनपदों में आयोजित होने विभागीय प्रदर्शनियों का आयोजन शहर के प्रमुख स्थलों पर कराने के साथ ही प्रदर्शनी के उद्घाटन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जनपद के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाय। प्रदर्शनी का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाए जिससे दूर दराज से आए उद्यमियों के उत्पादों की अच्छी बिक्री हो सके। राकेश सचान में वस्त्र उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के तहत लोगों को प्रोत्साहित करते हुए लाभान्वित करायें। जो उद्यमी वस्त्र नीति 2022 के तहत अपना उत्पादन प्रारम्भ कर चुके हैं उनको विभागीय पोर्टल पर आवेदन कराकर अणुमन्य सुविधाओं का लाभ प्रदान कराया जाए। झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना तथा मुख्यमंत्री हैण्डलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना के तहत समस्त प्रस्तावों को यथाशीघ्र निदेशालय प्रेषित किया जाए तथा द्वितीय किस्त की धनराशि की भी माँग यथाशीघ्र कर ली जाए।

# बेखौफ चोरों का आतंक, लाखों के जेवर व नकदी किया पार

- चोरों, बदमाशों व अपराधियों के हौंसले बुलंद, कानून व्यवस्था की खुल रही पोल
- आम जनमानस में भय का माहौल, आला अधिकारी बेखबर



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने में पुलिस पूर्णतः विफल साबित हो रही है। तेजतर्रार कहे जाने वाले एसपी विनीत जायसवाल का भी उनके अधीनस्थ थाना, कोतवाली, चौकी के जिम्मेदारों में कोई भय नहीं दिख रहा है। वहीं चोरों, बदमाशों व अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं व कानून व्यवस्था की पोल खुल रही है। इससे आम जनमानस में भय का माहौल है व लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में बढ़ते अपराधों से देखा जा सकता है। जहां कोतवाली पुलिस की कार्यशैली गंभीर सवालिया घेरे में है। वहीं आला अधिकारी बेखबर हैं। कोतवाली क्षेत्र के कचनापुर गांव में मंगलवार की रात्रि में बेखौफ चोरों ने घर में घुसकर लाखों रूपए के जेवर व नगदी की चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए ध्वस्त कानून व्यवस्था की पोल खोल रही है। पुलिस प्रशासन के चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था व डायल-112 बाइक से भी पुलिस गश्ती के दावों के बावजूद चोरी व गंभीर आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

ताजा मामला कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कचनापुर से जुड़ा है। जहां बेखौफ चोरों ने काफी उत्पात मचाया व घर में घुसकर लाखों के गहने और नकदी पर हाथ साफ किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की।

घटना के संबंध में दी गई तहरीर में पीड़ित सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व. धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया है कि 18 जून 2024 मंगलवार को आधी रात्रि के समय उनके परिवार के लोग भीषण गर्मी की वजह से दरवाजे पर, बरामदे में व छत पर सो रहे थे, तभी मौका पाकर पीछे से चोर दरवाजे को खोलकर व सामने के दरवाजे में लगी कुण्डी खोल दिए तथा कमरे में अलमारी की तिजोरी का ताला तोड़ कर सारा जेवरात चुरा लिये। जिसमें रखा सोने का 2 बाला, 23000 रूपए नकदी, 9 जोड़ी पायल, 12 जोड़ी अंगूठी, 4 हार गले का, 7 जोड़ी कान का झुमका, 4 चेन, 14 जोड़ी बिछिया, 3 चाँदी की करधन, 4 सोने का कंगन,12 पीस चांदी का चुल्ला छोटे बच्चों का, 7 पीस नाक की कील, 2 पीस मंगल सूत्र तथा 4 कारतूस आदि सामानों पर हाथ साफ किया। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। बताया जाता है कि चोरों ने पूरी घटना को जिस तरह इत्मीनान से अंजाम दिया है उससे लगता है कि वारदात में कई लोग शामिल हैं।

आशंका जताई जा रही है कि वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने रेकी की होगी। इस चोरी की बड़ी घटना में 10 से 12 लाख रुपए के जेवर, नकदी सहित कीमती सामानों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बता दें कि बेखौफ चोर एक के बाद एक चोरी कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। अचानक बढ़ रही चोरी, दबंगई व आपराधिक घटनाओं से लोगों में दहशत है। पीड़ित के काफी प्रयास व थाने सहित उच्चाधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद पुलिस बड़ी मुश्किल से प्राथमिकी दर्ज कर अपने कर्तव्य की इति श्री कर ले रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त न होने से चोरियों की वारदातें बढ़ रही हैं।

इस संबंध में वार्ता करने हेतु सीओ से सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान बन्धुओं की बैठक सम्पन्न




- बैठक में प्राप्त शिकायतों का समय से करें समाधान संबंधित अधिकारी : जिलाधिकारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

माह के तीसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए।

बैठक में किसानों द्वारा खाद, बीज, सिंचाई, केसीसी, ऋण, विद्युत, गन्ना, सहकारी समितियां, छुट्टा पशु, नहर सिंचाई, राजकीय नलकूप सिंचाई, सोलर पम्प आदि को लेकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपकृषि निदेशक व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह किसानों की समस्याओं का ससमय जल्द से जल्द निस्तारण करें। कृषि विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य विभाग के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने, किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े खाते की ईकेवाईसी कराने की बात कही गई। बैठक में किसानों के द्वारा अवगत कराये गये समस्या का समाधान समय से न करने एवं बिना किसी सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस की बैठक का आयोजन निरंतर होता रहेगा। प्रशासन पूरी तरह से किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है और निस्तारण के लिये निरंतर प्रयास कर रहा है। किसान बंधु इस बैठक में अपनी समस्या लेकर आते है तो उनका सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उचित निस्तारण कराया जाएगा। इसके अलावा भी किसान बंधु अन्य दिनों में कार्यालय में संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते है।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, उप निदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, एसडीईओ कृषि, एक्सईएन सिंचाई विभाग, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, नहर विभाग, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, सहित अन्य अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने किया देर रात्रि जिला अस्पताल का निरीक्षण

- औचक निरीक्षण कर मंडलायुक्त ने जानी अस्पताल की व्यवस्था
- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए साफ-सफाई के सख्त निर्देश
- तीमारदारों को दिया जाए तत्काल रिस्पांस : मण्डलायुक्त



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिला अस्पताल में मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं को बेहतर तरीके से परखने के लिए देर रात्रि आयुक्त देवीपाटन मंडल ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर दो वाहनों की हुई दुर्घटना में हुई दो लोगों की हुई दुखद मृत्यु तथा घायलों तथा अन्य मरीजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सम्बन्धित को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। आयुक्त ने अस्पताल के भ्रमण के दौरान साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। रात्रि में अस्पताल के अंदर घूम रहे कुत्ते आदि के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाई और तत्काल साफ सफाई व्यवस्था सुधारने तथा आवारा पशुओं को अस्पताल परिसर से बाहर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई तीमारदारों से बातचीत भी की। कई तीमारदारों द्वारा चिकित्साक व अन्य स्टाफ के द्वारा उचित रिस्पांस ना देने की शिकायत की गई। मण्डलायुक्त ने मुक्त चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि वह स्टाफ को चेतावनी दें कि सभी मरीजों व तीमारदार को तत्काल रिस्पांस दें उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायें।

# हमें बड़े लक्ष्य 2027 की प्राप्ति के लिए आपसी मनमुटावों को भुलाना होगा : करण भूषण

**मोतीगंज /गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को क्षेत्र के सोठिया ग्राम पंचायत में भाजपा नेता ओमप्रकाश उर्फ पप्पू पाण्डेय ने सांसद कैसरगंज करनभूषण का भव्य स्वागत किया। इससे पहले कहोबा, मोतीगंज में भी जगह जगह फूल व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सोठिया मे भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने सांसद के वजन के बराबर मिष्ठान का वितरण भी कराया। वही

जहा पर चिलचिलाती धूप में लोग घरों से नही निकलते है वही सांसद कैसरगंज करनभूषण अपने पिता की राजनीतिक कर्मभूमि व पिता के पुराने साथियों का सुख दुख जानने के लिए मोतीगंज क्षेत्र में निकले हुए थे। मोतीगंज में अपने पिता के साथी जगदंबा गुप्ता के घर पहुंच कर उनकी



शिक्षिका बहू के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। और भविष्य में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

कहोबा में पिता के पुराने साथी कोदई सिंह व राजेश प्रकाश शुक्ल ,संदीप सिंह नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। सोठिया में सांसद ने कहा कि मैं सांसद नही जनता का सेवक हू, मेरी लड़ाई जनता ने लड़ी है। इसलिए मैं उनके मान सम्मान के साथ कोई समझौता नही करूंगा। सांसद ने कहा कि हमें बड़े लक्ष्य 2027 की प्राप्ति के लिए आपसी मनमुटावों को भुलाना होगा।

इस मौके विद्यानगर किसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंत्री राधामोहन पाण्डेय ,जनार्दन पाण्डेय, अमित, अजय सिंह, हरिश्चंद्र यादव, शिवकुमार वर्मा, दादू सिंह, चंद्रभान सिंह, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### छात्र पंचायत ने एनटीए डायरेक्टर का फूंका पुतला



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**
बुधवार को एलबीएस चौराहा गोंडा पर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर NTA के डायरेक्टर सुबोध कुमार सिंह का पुतला फूँका इस अवसर पर छत्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि दिन प्रतिदिन जिस प्रकार से पेपर लीक हो रहा है यह छात्रों के भविष्य को अंधकार में डाल रहा है और अभी नीट की परीक्षा में जिस प्रकार से गड़बड़ी सामने आई है यह बहुत ही खतरनाक इसमें जितने लोग दोषी हैं सब पर कार्रवाई होनी चाहिए तथा सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में एसआईटी गठित कर इसकी जांच होनी चाहिए व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि हृऋ के डायरेक्टर को इस्तीफा देना चाहिए और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए क्योंकि यह आशय का विषय है कि 720 में से 720 नंबर 67 बच्चों को कैसे मिल जाते हैं व नता पहली बार ग्रेस मार्किंग छात्रों को देता है जो अभी तक दिया ही नहीं गया है छात्र नेता अमित तिवारी ने बताया की अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो इसके लिए हम हर स्कूल व कैंपस में आंदोलन में प्रदर्शन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी क्योंकि नीट परीक्षा के माध्यम से हमें अच्छे डॉक्टर मिलते हैं अगर परीक्षा में गड़बड़ी होगी तो हम भूल जाएंगे हमें अच्छे डॉक्टर मिलने वाले हैं इस अवसर पर राष्ट्रीय छात्र पंचायत जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री आशुतोष तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता जी, जिला मंत्री प्रदीप यादव जी, प्रिंस गुप्ता जी, गुलशन तिवारी ,अवधेश तिवारी, शुभम, सूरज शुक्ला,आलोक पांडे,अमित तिवारी,विकास,सतीश,राज, सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।

### युवती की पिटाई व कान काटने के मामले में नहीं लिखी एफआईआर

- एसपी ने थाने की पुलिस को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के दिये निर्देश

**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को घर पर अकेली पाकर दबंगो ने पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। पिटाई के दौरान युवती का कान भी कट गया। परिजन पीड़िता को लेकर नजदीकी पुलिस चौकी पहुंचे तो वहां पुलिसकर्मियों ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उसे घंटों बैठाये रखा। इसके बाद उसे थाने पर जाने की सलाह दी गई। पीड़िता थाने गई तो पुलिस कर्मियों ने मामले में सुलह समझौता करने का दबाव बनाया। मंगलवार को पीड़िता ने एसपी से मिलकर पूरी आप-बीती बताई। एसपी ने पुलिस को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। मिली जानकारी के मुताबिक मामला परसपुर थाना क्षेत्र के गांव नौशहरा खैरा से जुड़ा है। गांव के निवासी रामकुमार पाठक की पुत्री मोहनी पाठक ने बताया कि उसके पिता का जमीनी विवाद गांव के इन्द्रजीत पाठक से चल रहा है। उसी रंजिश को लेकर जब वह घर पर रविवार की शाम अकेली थी तभी इन्द्रजीत पाठक अपने लड़कों के साथ आये और उसकी जमकर पिटाई की। इस पिटाई में उसका बायां कान कट गया। पीड़ित मोहनी का आरोप है कि उसे रक्त रंजित हालत में परिजन पसका चौकी लेकर गये तो घंटो बैठाये रखा गया उसके बाद थाने भेजा गया। थाने पर उसे सुबह आने के लिए कहा गया लेकिन न उसकी डाक्टरी कराई गयी और ना ही उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई। न्याय न मिलते देख पीड़िता ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी आप-बीती बताई। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह का कहना है दो पक्षों के जमीनी विवाद का मामला है। जांचोपरांत नियमानुसार उचित कार्रवाई की जायेगी।

# जनपद में मनाया गया विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सिकल सेल रोग से बचाव व जागरूकता लाने के लिए जनपद में विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम प्रगति के माध्यम से आशा- वैश्विक सिकल सेल देखभाल और उपचार को आगे बढ़ाना रखी गई थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मिहींपुरवा के पार्वती शिक्षा संस्थान सोहनी बलई गांव से किया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सिकल सेल रोग एक लाइलाज आनुवंशिक रक्त विकार है, इसमें लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकार हो जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है




- सिकल सेल एनीमिया से बचाव को शादी से पहले कराये जांच : सीएमओ
- मिहींपुरवा के बलई गांव में हुआ कार्यक्रम का शुभारम्भ
- लाइलाज है बीमारी स्क्रीनिंग कर बचाव के बताए गए उपाय

और गंभीर दर्द, संक्रमण, अंग क्षति जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए विवाह से पहले दोनों पक्षों की सिकल सेल जांच करानी चाहिए, जो सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है।इस मौके पर पूर्व चिन्हित 857 सिकल सेल से प्रभावित व्यक्तियों को कार्ड वितरित किए गए और कार्यक्रम में मौजूद 275 लोगों की सिकल सेल की जांच की गई। इसके अलावा, हेल्थ कैंप का आयोजन कर दवाएं, उपचार और चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. रोहित वर्मा, बीपीएम राधेश्याम, बीसीपीएम अजय यादव, डॉ. सतीश गौतम, डॉ. मसूद अहमद, डॉ. अब्दुल हन्नान, बलई गांव की ग्राम प्रधान रोहनी देवी, पौंडा की ग्राम प्रधान दीपावली देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिकल सेल रोग के कारण

कार्यक्रम के नोडल डॉ. संजय सोलंकी ने बताया कि यह रोग हीमोग्लोबिन एस जीन के दोनों दोषपूर्ण प्रतियों के मिलने से होता है। यह एक ऑटोसोमल रिसेसिव विकार है, जिसके लक्षण तब ही प्रकट होते हैं जब व्यक्ति को दोनों माता-पिता से दोषपूर्ण जीन मिले। उन्होंने कहा कि इस रोग से स्ट्रोक, हृदय, किडनी संबंधी समस्याएं और गर्भावस्था जटिलताएं होने का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल का कोई इलाज नहीं है, लेकिन समय पर पहचान और उचित प्रबंधन से रोगी लम्बे समय तक जीवित रह सकते हैं। लक्षणों में अत्यधिक थकान, बार-बार दर्द, संक्रमण के प्रति संवेदनशीलता, हाथ-पैरों में सूजन और विकास में धीमापन शामिल हैं।

### सिकल सेल के लक्षण

-अत्यधिक थकान और कमजोरी
-बार-बार होने वाला दर्द (Pain Crisis)
-संक्रमण के प्रति संवेदनशीलता
-हाथों और पैरों में सूजन
-आँखों और त्वचा का पीला पड़ना (Jaundice)
-विकास में धीमापन

### शादी से पहले दोनों पक्ष कराएं जांच

डीसीपीएम मो राशिद ने कहा कि यह रोग माता-पिता दोनों को है तो बच्चा भी सिकल सेल रोग से ग्रसित होता है वहीं माता-पिता दोनों में से किसी एक में दोषपूर्ण जीन है तो जन्म लेने वाली संतान इस बीमारी का वाहक बन सकती है लेकिन उसमें किसी प्रकार के सिकल सेल के लक्षण नहीं दिखाई देते, ऐसे में इस रोग के प्रसार को रोकने के लिए विवाह से पहले दोनों पक्ष को जांच अवश्य करानी चाहिए।

# रायगंज में चल रहा फर्जी मास्टर रोल सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट

- ब्लाक के अधिकारी जानकर बने अनजान
- नहीं उठता बीडीओ और एपीओ का फोन
- मौके पर एक भी मजदूर मौजूद नहीं




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले के शिवपुर विकास खण्ड के रायगंज में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ है। सरकारी धन का बंदरबांट जोरों से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में कुछ तथाकथित ठेकेदार मनरेगा योजना के तहत काम कराने का ठेका ले रखा है। इस ग्राम पंचायत में कोई भी कार्य ढंग से अब तक नहीं किया गया है। अगर कुछ कार्य किया गया तो मानक विहीनता से ही किया गया। बुधवार को जहां फर्जी मास्टर रोल चलाने का एक और मामला प्रकाश में आया है। मास्टर रोल में दिखाया गया की उमेश वर्मा के घर के पास तालाब खुदाई एवं सफाई कार्य में मजदूर कार्य कर रहें हैं। लेकिन जब मौके पर जा कर देखा गया तो एक भी मजदूर मौजदू नहीं दिखे। ग्रामीणों से बात की गयी तो उन्होंने बताया की यह कार्य करीब दस दिन पहले ही हो चुका हैं। इस मामले में खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर राजेंद्र प्रसाद और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन फोन उठाया मुनासिब नहीं समझा गया।

### सीएम का आदेश दरकिनार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अधिकारियों को सीयूजी नंबर उठाने का आदेश दिया है लेकिन इसके बाद भी न तो सीयूजी नंबर और न ही प्राईवेट नंबर उठ रहा है। ऐसे मे मुख्यमंत्री का आदेश कब लागू होगा जिससे आम जनमानस की समस्या से निजात मिलेगी।

### पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



थाना प्रभारी विशेश्वरगंज नवीन कुमार सिंह की सक्रियता से उपनिरीक्षक शशि प्रताप सिंह, कांस्टेबल सुरजीत तथा विजय राजपूत की टीम ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी ने बताया कि राम मनोहर पुत्र भगेलू निवासी दर्जी पुरवा जो मुकदमा अपराध संख्या 152/24 धारा 307,324, 323, 504, 506 आई पी सी के तहत आरोपी था । वांछित आरोपी को घटना में प्रयुक्त एक बांका के साथ पुलिस टीम द्वारा पुरैना नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है।पुलिस की लगातार छापेमारी से अपराधियों में भय का माहौल बन गया है।

# हुजूरपुर थानाध्यक्ष पर गिरी गाज, एसपी ने किया निलंबित

- वायरल हो रहा वसूली के विरुद्ध सोशल मीडिया पर पोस्ट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक ने कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में हुजूरपुर थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्यवाई से अन्य मातहतों में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वसूली के विरुद्ध सोशल मीडिया पर पोस्ट चल रहा है। हुजूरपुर थाने में थानाध्यक्ष दिलीप शुक्ला की तैनाती थी। थानाध्यक्ष की कई शिकायतें पुलिस अधीक्षक को मिल रही थी। जिसके चलते एसपी वृंदा शुक्ला ने बुधवार को थानाध्यक्ष दिलीप कुमार शुक्ला को निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्यवाई से अन्य पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया है। वहीं हुजूरपुर पुलिस थाने की पुलिस को लोग सोशल मीडिया पर भी चला रहे हैं।जिसमें थाने के सिपाहियों को 200 से 500 रूपये की वसूली करने और पुलिस द्वारा दो पक्षों में मारपीट करने का तहरीर मिलने का इंतजार करने समेत कई आरोप लगाए हैं। इसको लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ऐसी व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# जिला कारागार में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान की ओर से तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला कारागार परिसर में किया गया। योग प्रशिक्षक जय प्रकाश के द्वारा योग आसनों के बारे में जानकारी एवं योग हमारे जीवन में कितना महत्व रखता है इसके बारे में बताया गया।

संस्था के प्रबंधक जगदीश केसरी ने योग आसनों के फायदे एवं कितने प्रकार के योग होते है इसके बारे जानकारी दी एवं जेल प्रशासन का धन्यवाद भी किया कि उन्होंने पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी संस्थान को योग शिविर का आयोजन करने के लिए स्थान प्रदान किया। संस्थान के



- योग प्रशिक्षक ने बंदियों को करवाया योग, बताया योग से फायदा
- योग का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव है तभी आज पूरे विश्व में योग का योगदान लोगों ने जाना है : जसवीर सिंह

अध्यक्ष जसवीर सिंह ने योग पर प्रकाश डालते हुए बताया योग का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव है तभी आज पूरे विश्व में योग का योगदान लोगो ने जाना है और जीवन शैली में जहां आज लोगो में कई तरह की बीमारियां जैसे शुगर, बीपी आदि जैसा समस्या से समाज पीड़ित है वही योग उनके लिए एक बहुत बड़ी आस लेके आया है आज कई से उदाहरण है जहां योग के माध्यम से लोगो ने इन बीमारी पर भी विजय प्राप्त की है या कर रहे है योग से जीवन अनुशासित तो रहता ही है साथ ही साथ मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ भी रहता है। आगे कार्यक्रम में जेल प्रशासन से जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर देवकांत वर्मा, प्रशिक्षक पंकज पाण्डेय संगीत वादन में आदित्य त्रिपाठी, संस्थान से अध्यक्ष जसवीर सिंह, प्रबंधक जगदीश केशरी, संयोजक स्पर्श शुक्ल, सदस्य आदित्य त्रिपाठी एवं समस्त जेल प्रशासन के सदस्य व बंदी मौजूद रहे।

### टेंटकर्मी की करंट लगने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात के चौखड़िया गांव निवासी एक श्रमिक की गांव में टेंट लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात अंर्तगत चौखड़िया गांव निवासी राहुल कुमार (25) पुत्र गया प्रसाद टेंट लगाते में काम करता था। शादी में टेंट की बुकिंग होने पर वह इसी कोतवाली क्षेत्र के भाटनपुरवा गांव में टेंट लगाने के लिए गया। टेंट लगाने के दौरान वह पाइप लाइन लगा रहा था। इसी दौरान मंगलवार शाम सात बजे लोहे का पाइप लाइन लेकर राहुल जा रहा था। तभी करंट लगने से राहुल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। कोतवाली देहात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल देहात बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत हुई है। जांच की जा रही है।

# जीएसटी टीम ने दुकानों पर की छापेमारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अपर आयुक्त राज्य कर अयोध्या के निर्देशन में जीएसटी की टीम ने शहर के दुकानों पर जांच की। एक दुकान पर फर्म के अनुसार कम सामान मिला। जिस पर लगभग 40 लाख रुपये का कर बनाते हुए नोटिस दी गई।अपर आयुक्त ग्रेड 1 राज्य कर अयोध्या जोन के निर्देशन में गोण्डा के अधिकारीयों नें बहराइच मे ऐसे व्यापारियों के यहाँ छापेमारी की, जिनके रिटर्न एवं कर देयता में कमियां और समय से कर न जमा करते हुए उसे छुपाने का प्रयास किया जा रहा था। ऐसे व्यापारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। गोण्डा रेंज के अधिकारियो ने बहराइच शहर मे स्थित इलेक्ट्रोनिक्स



- स्टॉक में कम मिला समान तो थमाया 40 लाख का कर नोटिस

गुड्स की फर्म में एसी, फ्रिज वाशिंग मशीन एलईडी, फ्रिजर, टीवी, म्यूजिक सिस्टम, गीजर, आदि की खरीद बिक्री की जाती है। ऐसी फर्म के मुख्य व्यापार स्थल व ब्रांच स्थल की जांच संयुक्त रूप से 4 टीमों ने एक साथ छापेमारी की। जांच के दौरान फर्म के व्यापार स्थल से लगभग दो करोड़ का माल कम पाया गया। इस सम्बन्ध मे व्यापारी से पूछताछ की गई, लेकिन कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। कम पाए गए स्टॉक पर लगभग 40 लाख रुपये का कर बनता है। जिस पर नियमानुसार 18 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देय है। इसके लिए व्यापारी को टीम ने नोटिस जारी किया। छापेमारी के दौरान कुछ संदिग्ध/अनियमित प्रपत्र भी पाए गए, जिन्हें कब्जे में लिया गया। छापेमारी के दौरान अमरजीत राम उपायुक्त, राज्य कर गोण्डा के साथ कपिल शर्मा सहायक आयुक्त (सचल दल)गोण्डा, मधुसूदन सिंह (सहायक आयुक्त खंड 3 बहराइच, अभिषेक निगम,जय सिंह सोनकर, आंनद मोहन श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहें।

# दोस्त ने की दोस्त की हत्या, जंगल में मिला शव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी और उसकी लाश रेलवे के पास घने जंगल में फेंक कर फरार हो गया। दोनों के परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। जब सफलता नहीं मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन लापता होने के तीसरे दिन उनमें से एक का शव जीएसटी स्कूल के पीछे जंगलों में मिला, जो पूरी तरह सड़ चुका था। पुलिस तुरंत हरकत में आई और मृतक के परिजनों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। मंगलवार शाम को पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा और मृतक की मोटर साइकिल को घटनास्थल से बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि हत्या क्यों की गई।



### इकलौता बेटा था अमन

दरअसल पूरा मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव का है, जहां राम सजीवन का इकलौता बेटा अमन तीन दिन पहले घर से लापता हो गया था। उसके साथ कनहट मजरा प्यारेपुर का उसका दोस्त हिमांशु यादव भी गायब हो गया था। दोनों के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी। लापता होने के तीसरे दिन अमन का शव जीएसटी स्कूल के पीछे जंगल में मिला लेकिन उसका दोस्त हिमांशु यादव गायब था। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई।

### न्यायिक हिरासत में आरोपी

पुलिस की तलाश सफल रही और हिमांशु यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। हिमांशु ने कबूल किया कि उसने अपने ही दोस्त अमन की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आरोपी हिमांशु यादव की निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## भीषण गर्मी में मार्ग पर लगा भीषण जाम



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर मार्ग के डामरी करण के कार्य के चलते भीषण जाम लग गयाद्य जिससे मार्ग पर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारे लग गई, जिसमें हजारों की संख्या में वाहन फंसे रहे और वाहन चालक एवं राहगीर काफी परेशान दिखेद्य वाहन चालकों एवं राहगीरो का कहना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग में दोनों पटरिया पर कार्य कराया जा रहा है, इस कारण हम लोगों को इस भीषण गर्मी में जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# पूरे देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य : अनुप्रिया पटेल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज से लखनऊ जाते हुए कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए रायबरेली में गेस्ट हाउस में रुकी अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सबसे प्रथम काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के लिए किया और 17 वी किस्त जारी की जिसमें किसानों में 20000 करोड रुपए दिए जाएंगे, अनुप्रिया पटेल ने केंद्र सरकार की एक नई योजना जो कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के लिए है जिसमें केंद्र सरकार 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है,



राहुल गांधी के वायनाड छोड़ने के प्रश्न पर उन्होंने इसे उनकी पार्टी का व्यक्तिगत मामला बताया और कहा कि केंद्र सरकार फिर से देश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए योजनाएं बना रही है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने लौटाई खोई मुस्कान, 112 मोबाइल किए बरामद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एसओजी, सर्विलांस और पुलिस टीम ने गायब हुए 112 मोबाइल बरामद किया है। मोबाइल उनके स्वामियों को सौंप दिया गया है। जिले में काफी मात्रा में मोबाइल फोन गायब हुए थे। जिनकी बरामदगी के लिए एसओजी, सर्विलांस और पुलिस टीम को लगाया गया था।एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि टीम ने संयुक्त रूप से मोबाइल को बरामद किया। पुलिस लाइन में मंगलवार को खुलासा करते हुए एसपी ने बरामद मोबाइल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी मोबाइल की कीमत 21 लाख से अधिक है।बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को दे दी गई है। इस दौरान सर्विलांस प्रभारी संतोष कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी,हेड कांस्टेबल करूणेश शुक्ला, रविशंकर पाण्डेय, अनन्त यादव, विनय कन्नौजिया, प्रदीप कुमार कुशवाहा, आर्दश भट्ट स्वाट समेत अन्य शामिल रहे।

### तहसील मुख्यालय पहुंची यातायात निरीक्षक के कार्रवाई की गूंज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** तहसील मिहीपुरवा के नायब तहसीलदार के वाहन के चालान करने का मामला फुल पकड़ता जा रहा है। नायब तहसीलदार के पक्ष में बुधवार को तहसील के राजस्व कर्मियों और बार एसोसिएशन की टीम ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मिहीपुरवा तहसील के आदर्श बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा की अगुवाई में बुधवार को वकीलों ने यातायात निरीक्षक अनेंद्र यादव के कार्य के विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन की गई। वकीलों ने यातायात निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उधर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव की अगवाई में राजस्व कर्मियों ने भी तहसील में प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी संजय कुमार को ज्ञापन शोभा लेखपाल संघ के अध्यक्ष का कहना है कि लाल नीली बत्ती लगी वाहन का चालान करना ठीक बात है। लेकिन यातायात निरीक्षक की ओर से बलरामपुर मार्ग पर पत्नी के साथ मौजूद नायब तहसीलदार के साथ जिस तरह अभद्रता की गई है वह अक्षमय है। सभी ने यातायात निरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान ओम प्रकाश यादव, नफीस खान, राम प्रकाश, राकेश कुमार यादव, रामकुमार वर्मा, वीरेंद्र कुमार, विजय कुमार, विमलेश कुमार, धर्मेंद्र समेत लेखपाल और वकील मौजूद रहे।

### 21 व 22 तारीख को लगेगा सुरक्षा कंपनी का भर्ती कैंप

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुरक्षा कंपनी का भर्ती कैंप 21 व 22 जून को डलमऊ ब्लॉक परिसर में लगेगा जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे एस आई एस सुरक्षा कंपनी की तरफ से भर्ती कैंप रायबरेली जनपद के सभी ब्लॉकों में अलग-अलग तारीख को आयोजित किए जाएंगे जिसमें हाई स्कूल पास एवं फेल 19 से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं सुरक्षा कंपनी की तरफ से सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पद के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा कैंप का आयोजन सुबह 10ः00 बजे से सायं 3ः00 बजे तक होगा भर्ती के दौरान चयनित हुए उम्मीदवारों को ?350 पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा जो ऑनलाइन होगा पेमेंट की रसीद अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दी जाएगी जिसे प्रशिक्षण केंद्र पर लाना अनिवार्य होगा कैंप में उम्मीदवारों को अपने साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र की छाया प्रति दो फोटो आधार कार्ड की छाया प्रति और मोबाइल नंबर लाना आवश्यक होगा।

### चारागाह की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चारागाह की जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण अनुपम जायसवाल निवासी कोटवा मदनिया ने ऑनलाइन शिकायत करते हुए बताया कि कोटवा मदनिया में गाटा संख्या 1185 भू अभिलेख में चारागाह की जमीन दर्ज है जिस पर गांव के तेज बहादुर पुत्र रामपाल लगातार मकान निर्माण कर अवैध कब्जा किए हुए हैं जब अधिकारियों से शिकायत की जाती है तब निर्माण कार्य रोक देता है। कुछ समय बाद अधिकारियों से मिलकर निर्माण कार्य शुरू कर देता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो अवैध निर्माण हटाया गया ना ही सुरक्षित भूमि खाली कराई गई। अगर चारागाह की भूमि को जल्द से जल्द कब्जा मुक्त ना करवाया गया तो हम सभी ग्रामवासी जिला अधिकारी महोदय के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# मां जी रहीं अंधेरे में बेटा पावर हाउस

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

त्रेता युग में श्रवण कुमार ने अपने कंधों पर माता पिता को यात्रा करवाई थी लेकिन कलयुग के बदलते परिवेश और लोगों की लालच ने आज यहां पहुंचा दिया है की माता अंधेरे में रहती हैं और पुत्र पावर हाउस बने फिरते हैं।

अखिल भारतीय व्यापार मंडल अध्यक्ष नगर इकाई महराजगंज जिनके नगर अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल की मां जहां बिना बिजली के किस इस तरह की गर्मी में जीवन जीने को मजबूर हैं तो वही पुत्र पूरा दिन व्यापार मंडल अध्यक्षी के नाम पर लोगों पर अपना प्रभाव डालने में मशगूल है एसडीम कोतवाल पता नहीं कितने



अधिकारियों की चौखट पर जा जाकर मां अपने पुत्र पर तमाम तरह के आरोप लगाती है। सबसे अचरज की बात यह है कि इतनी बेहताशा गर्मी में व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष की माता अंधेरे और बेतहाशा गर्मी झेल रही है नगर वासियों में चर्चा है कि व्यापार मंडल अध्यक्ष किस काम के जो अपनी माता को सही जीवन से जीवन यापन न कर सके ऐसे पुत्र से क्या फायदा। लेकिन व्यापार मंडल अध्यक्ष है कि केवल नेता गिरी चमकाने में ही मशगूल रहते हैं।

# मिलावट खोरी में दोषी पाया गया बटोही रेस्टोरेंट

- रेस्टोरेंट के मालिक को तीन माह की सजा व दो लाख रुपये का अर्थदंड

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शहर के चर्चित बटोही रेस्टोरेंट के खिलाफ मिलावटखोरी के मामले में फैसला आया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा बटोही रेस्टोरेंट के मालिक के खिलाफ 3-3 महीने की सजा और एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

जुर्माना न देने की सिथति में सजा 15 दिन और बढ़ाने का आदेश भी दिया गया है। मामला साल 2021





नवंबर महीने का है। जब खाद्य विभाग की टीम ने ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में प्रयागराज लखनऊ हाईवे पर स्थित बटोही रेस्टोरेंट पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितिन कुमार ने छापा मारा था।

छापेमारी में बटोही रेस्टोरेंट में मिलावटी पनीर मिली थी। उसके बाद बटोही रेस्टोरेंट के मालिक प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र आनंद मोहन गुप्ता निवासी 139 एनटीपीसी कॉलोनी थाना ऊंचाहार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत मामला दर्ज किया गया था। नितिन कुमार ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मौके पर मिली पनीर की गुणवत्ता में संदेह देखा गया। उसके नमूनों को लिया गया और जांच के लिए भेजा गया। इस पनीर के नमूने में फॉर्मलीन की 80 बूंदें मिलाकर एयर टाइट बंद कर दिया गया। उसके बाद पैकेट को सील बंद लिफाफे के जरिए मेरठ लैब में भेजा गया। जहां से रिपोर्ट आई की पनीर में मिलावट की गई थी। उसके बाद आज अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम आमोद कंठ द्वारा रेस्टोरेंट के मालिक प्रमोद कुमार गुप्ता को दोषी पाया गया। उनके खिलाफ जज ने 1-1 लाख रुपये का अर्थ दंड व 3-3 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। जुर्माना न देने की स्थिति में 15 दिन की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने का भी आदेश दिया गया है।

# रक्तदान कर कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

देश के जनप्रिय नेता एवं रायबरेली के सांसद राहुल गाँधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर ए आई सी सी सदस्य व जिला पंचायत सदस्य डलमऊ वीरेन्द्र यादव एडवोकेट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया, शिविर का आयोजन समर्पण चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, रायबरेली में सम्पन्न हुआ। रक्त दान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुशील पासी जी और पूर्व जिलाध्यक्ष के शुक्ला जी उपस्थित रहे, जननायक राहुल गाँधी से प्रेरित दर्जनों नव जवानों





ने रक्त किया । सुशील पासी जी ने कहा कि आज जननायक राहुल गाँधी जी का जन्मदिन पूरा देश बड़े हर्ष उल्लास के साथ मना रहा है जननायक राहुल गाँधी जी ने गरीबों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के हक और सम्मान की लड़ाई को लड़ा है ।वी के शुक्ला जी ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव से राहुल गाँधी की लोकप्रियता पूरे विश्व पटल पर स्थापित हुई है, राहुल गाँधी जी ने पूरे देश को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी है। रक्त दान शिविर के आयोजन वीरेन्द्र यादव ने कहा कि राहुल गाँधी जी युवाओं की प्रेरणा व देश के मसीहा हैं, राहुल गाँधी जी पूरे देश में गरीबों पिछड़ो दलितों शोषितों के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं मुझे पूरा विश्वास है की राहुल गाँधी जी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और देश उनके नेत्रत्व को स्वीकार कर रहा है देश के पढ़े लिखे युवाओं को राजनीति और सेवा के क्षेत्र में आगे आकर नेतृत्व करने से देश में विकास होगा और खुशहाली आयेगी। रक्त दान से किसी को भी नया जीवन मिल सकता है। ब्लड सेन्टर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जननायक राहुल गाँधी जी का जन्मदिन बनाया गया।

# सड़क हादसे में दो युवक घायल

**खीरो (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के सेमरी सरेनी मुख्यमार्ग पर बुधवार को भागू खेड़ा के पास दो बाइको की अमाने समाने की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल सूचना पर पहुची सेमरी चौकी पुलिस ने दो घायल युवको को सीएचसी खीरो पहुंचाया।

सरेनी थाना क्षेत्र के राम खेड़ा के रहने वाले गोविंद पुत्र राम खेलावन बुधवार को अपने साथी जीतू पुत्र छेदी के साथ बाइक से सेमरी चौराहा आए थे।

करीब 3 बजे वापस अपने घर जा रहे थे ।जैसे ही भागू खेड़ा के पास पहुचे थे तभी समाने से आ रहे देवली निवासी सूरज पुत्र राज कुमार दोनों



बाइको की टक्कर हो गई।जिससे राम खेड़ा के गोविंद, जीतू गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुकानदारों की सूचना पर पहुंचे सेमरी चौकी प्रभारी बृजेंद्र सिंह ने दोनों घायल युवको को डॉयल 108 द्वारा सीएचसी खीरो पहुंचाया। जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल महा भंडारा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम कथा समापन के बाद नवनिर्मित भव्य मंदिर में बजरंगबली महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल महा भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।सलोन विकासखंड के इटारा सूची स्थित नवनिर्मित मंदिर संकट मोचन धाम में अयोध्या से पधारे स्वामी श्री नरेंद्राचार्य महाराज के मुखारविंद से पांच दिवसीय श्री राम कथा का बडी संख्या में भक्तों ने श्रवण किया।कथा के तत्पश्चात आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान के साथ मंदिर में हनुमान जी महाराज व शनि महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई।व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की जो प्रतिबद्धता दिखी व बडे परिवर्तन का सूचक हैं। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय होकर जयकारों से गुंजायमान हो गया। इसके बाद विशाल महा भण्डारा का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें लाखों भक्तों ने हनुमान जी महाराज के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। अध्यात्म के इस कार्यक्रम में भक्तों का जबरदस्त आकर्षक देखने को मिला।वहीं सुरक्षा व्यवस्था की बात की जाए तो पुलिस प्रशासन मौजूद था।इस शुभ अवसर पर लाखों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गर्मी की चपेट में आए कई लोगों की मौत से हड़कंप

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लगातार हो रही भीषण गर्मी व तेज तपिश के चलते हीट वेव के चपेट में आए आधा दर्जन लोगों की मौत होने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग मौत की वजह हीट वेव तथा हार्ट अटैक बता रहा है। भीषण गर्मी तथा लू की चपेट में आने से लोगों को सबसे पहले तेज बुखार आता है और उसके बाद घबराहट बेचैनी शुरू हो जाती है और कुछ ही घंटे में जान चली जाती है ।

ऐसा ही कुछ क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन लोगों के साथ हुआद्य पहला मामला क्षेत्र के नंदा खेड़ा गांव





के रहने वाले अवधेश सिंह 60 वर्ष पुत्र सुरेंद्र सिंह के साथ हुआ वह बाहर से घर आए और उन्हें घबराहट शुरू हो गई अचानक तेज बुखार के बाद घर वाले उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे वहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी तरह दूसरा मामला हसनगंज गांव के रहने वाले भोला उम्र 33 वर्ष पुत्र रामशंकर जानवर चराने खेतों की तरफ गए थे और शाम को जब वापस आए तो उन्हें तेज प्यास लगी पानी पीने के बाद उन्हें घबराहट होने लगी घर वाले उन्हें अस्पताल लेकर गए वहां पर उनकी मौत हो गई ।इसी तरह तीसरा मामला राम जियावन उम्र 85 वर्ष पुत्र रामकुमार निवासी महाराजगंज रोड बछरावां तथा चौथा मामला सुबराता 72 वर्ष निवासी महाराजगंज रोड बछरावां, पांचवा मामला आसमा बानो 7 वर्ष पुत्री अच्छे निवासी थुलेडीं एवं छठवा मामला रुबिया बानो 35 वर्ष पत्नी अब्दुल वाहिद निवासी कुंदनगंज को भी घबराहट बेचैनी तथा बुखार आने के कारण परिजन बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, परंतु वहां पर सभी को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दियाद्य एक साथ हुई आधा दर्जन से अधिक मौतों से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

इस बारे में चिकित्सक प्रियेश कांत ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या लू एवं गर्मी तथा हीट वेव एवं हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी के कारण लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है और तेज बुखार आ रहा है जिससे ऐसी घटनाएं हो रही है।

# हीट वेव से बचाव के लिए कूलर के साथ-साथ ठण्डे पानी व ओआरए की कराई व्यवस्था



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में आमजन को गर्मी से बचाने के लिए नगर निकायों द्वारा कूलिंग प्वाइंटस का निर्माण किया गया है। जिले मे प्रचंड गर्मी (हीटवेव) से राहत के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सभी नगरीय क्षेत्रों में आम जनमानस के लिए प्याऊँ, वाटर एटीएम अथवा टैंकर में माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है तथा गर्मी से राहत के उपाय किये जा रहे है।

हीटवेव की निरन्तरता के कारण आमजनता को राहत प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जिले के सभी नगर निकायों में विभिन्न स्थानों पर कूलिंग प्वाइंटस् बनाये गए है। यहां पर पानी, कूलर और बैठने की व्यवस्था है। इनका निर्माण सभी नगर क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में किया गया है। उन कूलिंग प्वाइंटस् को शत् प्रतिशत जन उपयोगी बनाने हेतु डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी अधिशासी अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देशों भी दिए है। इन प्वाइंट्स कूलिंग प्वाइंटस् पर कूलर क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ठण्डे पानी व ओ आर एस की व्यवस्था भी की गई है। बताते चलें कि नगरीय क्षेत्रों में कूलिंग प्वाइंटस् ऐसे स्थानों पर बनाये गए है जहाँ मजदूर एकत्रित होते हो अथवा बड़े निर्माण स्थल जहाँ पर अधिक संख्या में मजदूर कार्य कर रहे हो। या साइकिल रिक्शा स्टैण्ड, टैम्पों स्टैण्ड इत्यादि स्थानों पर दिन भर धूप में कार्य करना जनता की मजबूरी हो। फुटपाथों पर लगने वाले बड़े बाजार जिसमें फुटपाथ दुकानदार एवं मध्यम व गरीब वर्ग द्वारा खरीददारी की जा रही हैं।

### गोला के सदर चौराहे पर कूलिंग पाइंट का शुभारंभ

प्रदेश में भीषण गर्मी ( हीटवेव) को देखते हुए आमजन को राहत देने के लिए सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने तत्काल नगर के सदर चौराहे पर एक कूलिंग पाइंट बनवाया। कूलिंग पाइंट चारों तरफ से ढका हुआ है जिसमें एक द्वार बनाया गया है तथा इसमें कूलर ,ठण्डे पानी के लिए वाटर कूलर, बैठने के लिए कुर्सियों आदि की व्यवस्था की गई है। सरकार ने गरीब, मजदूर, पटरी दुकानदार, रिक्शा चालक, टैम्पो चालकों के साथ भीषण, हीटवेव से राहगीरों को राहत दिलवाने के लिए निर्देशित किया था जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने संज्ञान लेते हुए त्वरित अस्थायी निर्माण करवाया है।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज जनपद में निर्मित व निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित हुई ।जिसमें 50 लाख रुपये से अधिक लागत, मुख्यमंत्री की घोषणा से सम्बन्धित परियोजना, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण, सांसद निधि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम 50 लाख रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान पूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाय।

जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन नियमितरूप से करते रहें एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि



नोडल अधिकारियों द्वारा सत्यापन में जो कमियां अंकित की जा रही हैं, उसे तत्काल ठीक कराकर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपनिदेशक-कृषि श्रवण कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला श्री संतोष देव पांडेय, अधिशासी अभियन्ता-प्रा0ख0 लो0नि0वि0, निर्माण खण्ड-1व निर्माण खण्ड-3, तथा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल्द शुरू होगा अतिक्रमण हटाने का अभियान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर सड़क की दोनो पटरियों पर अतिक्रमण हटाने के क्रम में आज लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से आए जेई अनिल कुमार बिंद ने 24 मीटर सड़क चिन्हित कर दी। जिस पर जल्द ही अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू होगा। गौरतलब हो कि कस्बा हैदरगढ़ में मुख्य चौराहे से रायबरेली मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए बीते मार्च व अप्रैल में राजस्व एवं नगर पंचायत टीम में सड़क की भूमि पर अवैध कब्जों की जांच की थी इस दौरान कई ऐसे लोग चिन्हित हुए थे जिन्होंने पक्की दीवाल टीन सेट और कमरा तक सड़क की जमीन पर बना लिए थे।

# राहुल गांधी का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी 54वा जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस बार राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसियों के लिए बेहद खास रहा।बाराबंकी सहित यूपी मे कांग्रेस की वापसी,राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन को मजबूती समेत कई ऐसी उपलब्धियां है जिन्होंने राहुल गांधी के जन्मदिन को खास अंदाज में मनाने की वजह दी है। बाराबंकी मे यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिज़वी के नेतृत्व मे राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर सांसद तनुज पुनिया ने केक काटकर लोगो को ठंडा शरबत वितरित किया।सांसद तनुज पुनिया ने जन्मदिन के अवसर पर मौजूद लोगो को संविधान की कॉपी बांटते हुए कहाकि राहुल गांधी संविधान बचाने के जिस लक्ष्य को लेकर चले है उसे हम सब लोगो को साकार करना है और लोगो को उनके अधिकार के बारे मे बताना है। इस अवसर पर विशेष रूप से युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकन्दर अब्बास रिज़्वी, सभासद सादिक हुसैन, सभासद मो फैसल, सभासद शिवा, अमित, शब्बर, शुभम, सद्दाम, आदिल, राम हरक, केसी श्रीवास्तव, अकबर, मो. नफीस, शारिक, सिद्धार्थ, शीनू, पप्पू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद - कन्नौज**

संख्या 54/ न0पं0 समधन/(2024-25) दिनांक 19/06/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन अपनी सीमाअंतर्गत आने वाली 40 किलो या इससे अधिक प्रतिदिन कूड़ा उत्पन्न करने वाले संस्थान एवं व्यक्ति, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अनुसार थोक कचरा उत्पादन की श्रेणी में माने जाएंगे। अतः निकाय द्वारा सभी थोक कचरा उत्पादकों को पत्र जारी करते हुए सूचित करने के साथ-साथ यह अपेक्षा करेगी कि सभी ठोस कचरा उत्पादन अपने कचरा उत्पन्न स्थल पर गीले कूड़े से खाद बनाने का कार्य करेंगे। जिसका निकाय द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा एवं अच्छा कार्य पाए जाने पर प्रोत्साहन देने हेतु पुरुस्कृत किया जाएगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद - कन्नौज**

## रेल हादसों की हद

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जनपद में कंचनजंगा एक्सप्रेस को मालगाड़ी द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने से हुई क्षति बताती है कि बीते वर्ष ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस के भीषण हादसे से हमने कोई सबक नहीं सीखा। कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे में मरने वालों की संख्या ग्यारह बतायी जा रही है और चालीस से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीते साल रेलवे इतिहास की बड़ी दुर्घटनाओं में शामिल कोरोमंडल एक्सप्रेस और दो अन्य ट्रेनों में हुई टक्कर में 290 से अधिक लोगों की जान चली गई थीं। उल्लेखनीय है कि कंचनजंगा ट्रेन हादसे में मरने वालों में मालगाड़ी के चालक व सहचालक भी शामिल हैं। हालांकि दुर्घटना का वास्तविक कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन बताया जा रहा है कि रानीपतरा रेलवे स्टेशन व छत्तर हाट जंक्शन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली दुर्घटना से तीन घंटे पहले से ही खराब थी। हमेशा की तरह मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख का मुआवजा देने की घोषणा हुई है। साथ ही दुर्घटना की वजह तलाशने और जवाबदेही तय करने की बात कही जा रही है। पहले उम्मीद जगी थी कि बालासोर त्रासदी से सबक लेकर रेल दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएंगे, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदलते नजर नहीं आ रहे हैं। रेलवे तंत्र में कोताही का नमूना इस साल फरवरी में देखने को मिला था जब कठुआ से दासुया (पंजाब) के बीच लगभग सत्तर किलोमीटर दूरी तक एक मालगाड़ी बिना चालक के चली गई थी। सौभाग्य की बात है कि इस ट्रैक पर किसी रेल के न आने से दुर्घटना टल गई थी। बहरहाल, कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। बढ़-चढ़कर बताया जा रहा है कि सत्ता व विपक्ष में से किसके कार्यकाल में ज्यादा रेल दुर्घटनाएं हुईं। बहरहाल, रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिये बनायी गई टक्कर रोधी तकनीक के क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कहा जा रहा कि व्यस्त पूर्वोत्तर मार्ग पर यदि इसका क्रियान्वयन होता तो शायद इस दुर्घटना को टाला जा सकता था।सवाल यह है कि रेल मंत्रालय मानवीय भूल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को टालने के लिए गंभीर पहल क्यों नहीं करता। क्यों रेल दुर्घटनाएं रोकना सत्ताधीशों की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं होता? जिस ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली 'कवच' को चरणबद्ध तरीके से जल्दी से लागू किया जाना चाहिए था, उस पर कछुआ गति से काम क्यों हो रहा है? एक ओर देश में बुलेट ट्रेन और तेज गति से चलने वाली अन्य ट्रेनों की बात की जा रही है, वहीं सामान्य गति से चलने वाली ट्रेनों को भी दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में हम विफल साबित हो रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि देश में फास्ट ट्रेनों की चकाचौंध व ग्लैमर के बजाय सामान्य गति की ट्रेनों की सुरक्षा को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि रेलवे में रिक्त पड़े लाखों पदों को नहीं भरा जा रहा है, जिससे रेलवे बढ़ती आबादी के दबाव में सुरक्षित रेल सेवा उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। आखिर हम इन रेल हादसों से सबक कब लेंगे? निस्संदेह, रेल यातायात को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये बुनियादी ढांचे में सुधार व अधिक निवेश की जरूरत है। हम अतीत के हादसों से सबक लेकर परिचालन व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करें। हादसों की जवाबदेही तय हो ताकि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# जलते जंगल, अमंगल के संकेत

कुलभूषण उपमन्यु

दुनिया भर में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है।

जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बनडाई आक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भू-जल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टे।प वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6।61 करोड़ रु। का नुकसान अनुमानित है। किन्तु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपये में जाएगा।

इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए



**इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो।**

दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा। और आग प्रतिरोधक स्थाई योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क, और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिए जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसन था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदी थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे। आज इन बातों की कमी हो गई है जिससे आधुनिक तकनीकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। झाड़ियों से पीट कर आग बुझाने की मजबूरी से बाहर निकलना होगा। आधुनिक तकनीकों के बिना आग नियंत्रण के प्रयास करते हुए गत वर्ष भी वनकर्मी हिमाचल प्रदेश में काल का ग्रास बन गए थे। संवेदनशील बीटों में प्राकृतिक जल स्रोतों को चिह्नित करके स्थाई तौर पर पाइप लाइनें बिछा कर उच्चस्तरीय व्यवस्था बनाई जानी चाहिए ताकि तत्काल वहां से पानी लेकर रोलिंग पाइप बिछा कर आग पर काबू पाया जा सके।

जहां-जहां सडकें पहुंच गई हैं वहां मोबाइल वाटर टैंक की व्यवस्था होनी चाहिए। हर तरह की स्थलाकृति में चल सकने वाले छोटे अग्नि शमन वाहनों का प्रबंध होना चाहिए। कम पानी से अधिक सफल अग्नि नियंत्रण के लिए धुंध स्प्रे तकनीक का प्रयोग किया जा सकता है। इस तकनीक में अग्निशमन वाहन पर टरबाइन स्प्रयेर लगा होता है जो पानी को धुंध में परिवर्तित करके स्प्रे करता है, जिससे अग्निशमन की कुशलता बढ़ जाती है।

पिट्ठू स्प्रयेर भी कारगर हो सकते हैं। यदि पानी में डिटरजेंट मिला कर स्प्रे किया जाए तो अग्निशमन की क्षमता बढ़ जाती है। छोटे रास्तों के लिए अग्निशमन बाइक भी उपलब्ध हैं। इनमें 40-50 लीटर पानी के टैंक लगे होते हैं और स्प्रे व्यवस्था होती है। अग्निशमन कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। इनमें अग्निरोधी वर्दी, फिल्टर मास्क, अग्निरोधी बूट, रीहाईड्रेशन घोल आदि मुख्य हैं। पानी लेने के लिए स्थान-स्थान पर पाइप पॉइंट और तालाब निर्माण होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था होगी तो अग्निशमन कर्मी उत्साहित हो कर काम कर सकेंगे और जन सहयोग लेना भी आसान होगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चीड़ का एकल रोपण भी आग के लिए बड़ा जिम्मेदार है। अत~ प्रयास किया जाना चाहिए कि चीड़ वनों को मिश्रित प्राकृतिक वनों में बदला जाए। वन संबंधी विविध डेटा विश्लेषण के आधार पर अग्नि शमन दीर्घकालीन योजना बनानी चाहिए। जिसमें भूमि आच्छादन, स्थलाकृति, मिटटी का प्रकार, वनस्पति प्रकार और मानव गतिविधि को ध्यान में रखकर योजना बने तो संपूर्णता से स्थाई समाधान की ओर बढ़ा जा सकता है।

**विचार**

# विपरीत विचारों को सुनने का अभ्यास करना होगा सरकार को

डॉ. दीपक पाचपोर



प्रसिद्ध लेखिका अरुंधति रॉय पर एक 14 साल पुराने मामले को लेकर मुकदमा चलाने की अनुमति देकर दिल्ली के उप राज्यपाल ने साबित कर दिया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारत के लिये अब भी दूर की कौड़ी है। देश के संविधान ने चाहे लोगों को अपनी राय रखने की आजादी के मजबूत प्रावधान कर रखे हों लेकिन समाज इस बात का आदी नहीं है कि वह नये विचारों की ओर कान और ध्यान देय या किसी विषय पर नये दृष्टिकोण से विचार कर सके। वैसे समाज में विचारों के स्तर पर नवाचार लाना या उनमें ताजगी भरना सरकार का ही काम है।

उनमें विचार बोने का काम चाहे सरकार का न हो लेकिन आजाद खयाली को प्रोत्साहन देना और उसे संरक्षित रखना लोकतांत्रिक समाज की ही जिम्मेदारी है। ये विचार प्रचलित मान्यताओं के खिलाफ हो सकते हैं या फिर परम्पराओं से हटकर भी, उनमें सांस्कृतिक हस्तक्षेप न करते हुए देश में एक वैचारिक प्रवाह को मुक्त बनाये रखने के लिये आवश्यक वातावरण बनाना उसी का काम है। अगर विचारधारा को कोई बाधित करता है तो उन अवरोधों को संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से हटाना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का उत्तरदायित्व होता है। इसके बिना उस देश का लोकतंत्र की जननी होने का दावा बेकार है। संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को इसलिये दुनिया भर में तवज्जो दी जाती है। अपने खिलाफ उठने वाली आवाज को सुनकर और उसे सम्मान देकर सरकारें अपना कद बढ़ाती हैं। दुर्भाग्य से भारत में नये विचार जन्म लेने के पहले ही मर रहे हैं।

अरुंधति रॉय के सन्दर्भ में यह बात और पुख्ता हो जाती है। 9 से अधिक पुस्तकों की अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजी गयी लेखिका अरुंधति के खिलाफ यह मामला 27 नवम्बर, 2010 को उनके द्वारा दिल्ली के एलटीजी सभागार में दिये भाषण को लेकर दर्ज हुआ है। इसमें उन्होंने कश्मीर पर अपनी राय रखी थी। आजादी- द ओनली वे नामक इस कांफ्रेंस में उन्होंने कथित रूप से कश्मीर को भारत से अलग करने सम्बन्धी प्रचार किया था। इस कार्यक्रम में उनके साथ सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी, डॉ. शेख शौकत हुसैन एवं कवि करवर राव शामिल थे। दोनों गिलानी तो बरी हो गये, शेष के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। वैसे उनके खिलाफ कई धाराओं के अंतर्गत मामले चलाने की अनुमति मांगी गयी थी, पर मंजूरी केवल 153ए तथा 153बी के तहत ही मुकदमे दर्ज करने की दी गयी जो नस्ल, धर्म, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर वैमनस्यता बढ़ाने व सद्भाव के खिलाफ काम करने तथा राष्ट्रीय एकीकरण को नुकसान पहुंचाने से सम्बन्धित हैं।

**अरुंधति रॉय के सन्दर्भ में यह बात और पुख्ता हो जाती है। 9 से अधिक पुस्तकों की अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजी गयी लेखिका अरुंधति के खिलाफयह मामला 27 नवम्बर, 2010 को उनके द्वारा दिल्ली के एलटीजी सभागार में दिये भाषण को लेकर दर्ज हुआ है। इसमें उन्होंने कश्मीर पर अपनी राय रखी थी। आजादी- द ओनली वे नामक इस कांफ्रेंस में उन्होंने कथित रूप से कश्मीर को भारत से अलग करने सम्बन्धी प्रचार किया था। इस कार्यक्रम में उनके साथ सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी, डॉ. शेख शौकत हुसैन एवं कवि करवर राव शामिल थे।**

14 वर्ष बाद मामला दर्ज करना यही बतलाता है कि नरेन्द्र मोदी सरकार अपने खिलाफ विचार रखने वालों की शिनाख्त जारी रखे हुई है और मौका मिलते ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजने पर आमादा है। वैसे देखें तो मामला कांग्रेस सरकार के वक्त का है और इतने समय के बाद भी उनके भाषण का अब तक कोई प्रतिकूल असर समाज पर न पड़ना बतलाता है कि मोदी सरकार तिल का ताड़ बनाना चाहती है। अरुंधति ऐसी लेखिका नहीं हैं जो किसी कोने में बैठकर गल्प साहित्य लिखे और पुरस्कार लेती फिरें। समाज के प्रति उनकी संपृक्तता बेहद सराही जाती है। हर तरह के सामाजिक सरोकारों पर वे लेख लिखती हैं और मौका मिले तो भाषणों, साक्षात्कारों आदि में भी अपने विचार रखती हैं।

उन्मुक्त विचारों के लिये जानी जाने वाली रॉय एक लोकप्रिय लेखिका हैं जो हमेशा देश व दुनिया के सर्वहारा के साथ खड़ी नजर आती हैं। उनके विचारों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरा आग्रह दिखलाई देता है। संविधान में निहीत स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व के मूल भावों को उन्होंने न केवल संजोया है वरन उनकी प्रभावी अभिव्यक्ति उनके लेखन में हुई है। यहीं से मोदी सरकार से उनकी दुश्मनी शुरू होती है। वे मोदी सरकार की निरंकुश कार्यपद्धति की हमेशा से विरोधी रही हैं। राजनैतिक असहमतियों से भरे उनके लेखों के संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें अरुंधति ने मोदी सरकार की जमकर आलोचना की है। 2022 में प्रकाशित एक लेख में उन्होने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की तुलना यूएस कैपिटल हिल के दंगाइयों से की थी।

ऐसे ही, सुप्रसिद्ध पत्रकार करण थापर को द वायर के लिये दिये एक इंटरव्यू में अरुंधति रॉय ने हिन्दू राष्ट्रवाद की सोच को विभाजनकारी बतलाते हुए कहा था कि भारत की जनता इसे कभी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने इसी साक्षात्कार में भाजपा को फासीवादी करार दिया था। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई थी कि एक दिन देश इसका विरोध करेगा। उन्होंने कहा था कि वे भारतीयों पर भरोसा करती हैं और एक दिन देश इस अंधेरी खाई से बाहर निकल आयेगा। विभिन्न अवसरों पर अरुंधति ने कभी कश्मीर को भारत का हिस्सा मानने से इंकार कर दिया तो कभी गोवा की आजादी को गलत बताया तो कश्मीर की जनता पर भारतीय सेना के अत्याचारों की बात भी कही।

## मणिपुर पर भाजपा का अजीब रवैया

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष को खड़े हुए साल भर से अधिक का वक्त बीत गया है। लेकिन वहां शांति कायम होने की पुख्ता जमीन अब तक तैयार नहीं हो पाई है। अलबत्ता गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें मणिपुर के हालात पर समीक्षा की गई। जिसमें फैसला लिया गया कि गृह मंत्रालय मैतेई और कुकी समुदाय से बात करेगा। गृह मंत्री शाह ने राज्य के मुख्य सचिव विनीत जोशी को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाएं और उनके पुनर्वास को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय को ओर से जारी बयान में कहा गया कि जरूरत पढ़ने पर राज्य में केन्द्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी।

राज्य में शांति और सौहार्द्र बहाल करने के लिए बलों को रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए। मणिपुर में हिंसा फैलाने वालों को खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस बैठक में अमित शाह के साथ केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर शामिल थे। लेकिन मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का नाम इसमें नहीं था। केन्द्र और राज्य के प्रशासनिक, पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों का बैठक में होना जरूरी था, क्योंकि सरकार के निर्णयों को जमीन पर उतारने का काम इन्हीं का होता है। लेकिन क्या मणिपुर की सत्ता राज्य सरकार नहीं बल्कि केंद्र सरकार संभाल रही है। अगर ऐसा नहीं है तो फिर बीरेन सिंह के इस बैठक में शामिल न होने के क्या कारण हो सकते हैं। क्या राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के मामले में उन्हें दूर रखकर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यह संदेश दिया है कि उन पर अब भरोसा नहीं रहा। कारण जो भी हो, लेकिन केंद्र सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक नहीं है। मणिपुर और केंद्र दोनों जगह भाजपा ही सत्ता में है। भाजपा की जुबान में इसे डबल इंजन सरकार कहा जाता है। लेकिन दोनों जगह भाजपा के सत्ता में होने का यह अर्थ कतई नहीं है कि मणिपुर का शासन केंद्र से चले। अगर भाजपा को एन बीरेन सिंह की प्रशासनिक अक्षमता से शिकायत है, तो उन्हें पद से हटाना चाहिए या फिर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। वैसे भी मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया समझ से परे ही रहा है। पिछले साल मई के शुरुआती दिनों में जब मणिपुर के हालात बिगड़ने शुरु हुए, प्रधानमंत्री मोदी तब भी वहां नहीं गए थे और अब जबकि उन्होंने फिर से प्रधानमंत्री का पद संभाल लिया है, उनकी प्राथमिकता में मणिपुर शायद अब भी नहीं है। जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए वे इटली तक हो आए, लेकिन मणिपुर जाने का उन्हें वक्त नहीं मिला है। मणिपुर पर अब भी अमित शाह बैठक कर रहे हैं। पिछले साल अमित शाह ने वहां का दौरा भी किया था, लेकिन हालात नहीं सुधरे और अब आलम ये है कि हाल ही में मुख्यमंत्री के काफिले पर हमले से लेकर उनके आवास के पास में आगजनी तक हो गई। फिर भी केंद्र सरकार मैतेई और कुकी समुदाय से चर्चा की बात ही कर रही है। पिछले एक साल में केंद्र सरकार ने दोनों पक्षों से बातचीत की ऐसी कितनी कोशिशें की हैं, और उनका क्या नतीजा निकला है, यह भी अमित शाह को बता देना चाहिए, ताकि जनता को यकीन हो कि मणिपुर को लेकर सरकार वाकई गंभीर है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर के मामले में अपनी नाखुशी जाहिर करते हुए कहा था कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। श्री भागवत के इस कथन के बाद ही अमित शाह ने यह उच्च स्तरीय बैठक की है, जिस पर कहा जा रहा है कि यह संघ के दबाव का असर है।



## राशिफल

**मेष :-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**बृषभ :-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन :-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क :-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह :- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।**

**कन्या :-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**वृश्चिक :-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। प

**मकर :-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ :-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन :-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# मनोरंजन का बाजार, संस्कृति पर प्रहार

सुशील शर्मा

आजकल देश में मनोरंजन का बाजार भारतीय संस्कृति पर तगड़ा प्रहार कर रहा है। धारावाहिकों और मनोरंजन शोज में द्विअर्थी-भद्दे संवाद और दृश्य खुल्लम-खुल्ला सुनाए और दिखाए जा रहे हैं। सिनेमा के परदे पर शीला-मुन्नी जैसे गानों की भरमार है। युवा रास्ते में आती-जाती लड़कियों पर इन गानों के माध्यम से फब्तियां कसते हैं। फिल्म और टेलीविजन ऐसी चीजों की जानकारी देने लगते हैं जिन्हें बच्चे सही अर्थों में जानने के बजाय गलत तरीके से अपनाने लगते हैं। इसी का परिणाम जघन्य यौन अपराध के रूप में बार-बार प्रकट हो रहा है।

अश्लीलता परोसे जाने की इस प्रवृत्ति के साथ फूहड़ विज्ञापनों की भरमार ने सुसभ्य समाज की चिंता बढ़ा दी है। इनमें सामान्यतः नारी की फूहड़ छवि प्रस्तुत की जा रही है। इसका विरोध हमेशा शून्य रहा है। तभी तो यह सब धड़ल्ले से चल रहा है। यदि समय रहते इन अश्लील विज्ञापनों, पोस्टरों, पत्रिकाओं व फिल्मी दृश्यों पर लगाम कसने के प्रयास की किसी ने पहल नहीं की तो आने वाले कुछ वर्षों में यह स्थिति और भी असहज हो जाएगी। वासना के विस्फोट की यह चिंगारी भारतीय संस्कृति को तार-तार कर



देगी। मनोरंजन के नाम पर फिल्मों में परोसी जा रही अश्लीलता समाज को कहां ले जाएगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में कुछ समय पहले एक छात्रा के साथ हुई गैंगरेप की घटना इसकी सबसे भयंकर परिणति कही जा सकती है। इस घटना पर समाजशास्त्री डॉ. विज्ञा तिवारी का कहना है कि आजकल फिल्मों और टेलीविजन का किशोरों और युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जहां पहले फिल्में सामाजिक और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाती थीं, आज वह अश्लीलता परोस रही हैं। अफसोस तो इस बात का है कि यह सब कुछ हर किसी के जेहन में भी है मगर इसके विरोध में अपनी आवाज मुखर करने वाला कोई नहीं है। हर कोई जानता है कि ऐसे दृश्यों और संवादों से बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों के मन-मस्तिष्क पर गलत प्रभाव पड़ता है। हालात इतने विस्फोटक हैं कि किशोरवय की दहलीज पर पांव रखते ही लड़कियां बहक जाती हैं। फूहड़ मेकअप, बदन दिखाऊ पोशाक, लड़कों से दोस्ती इनकी पहचान बन जाती है। सड़कों, स्कूलों और दीगर स्थानों से शुरू यह दोस्ती बेडरूम में जाकर खत्म होती है। स्थिति विस्फोटक होने पर हाथ मलने के सिवा कुछ बाकी नहीं रहता। हद तो यह है कि ऐसे बच्चों के माता-पिता को कोई आपत्ति नहीं होती। ऐसी सोच रखने वाली नई पीढ़ी व उनके बदलते अभिभावक मॉर्डर्न जमाने की बात कहकर घटिया संस्कृति के अंधेरे में लुप्त होते जा रहे हैं।

इसी मनोवृत्ति का ही नतीजा है कि आज देश में चारों तरफ यौन अपराध बढ़ रहे हैं। हद तो यह है कि खूनी रिश्तों की आंखों में भी वहशत समाने लगी है। अब तो लोग परिचित परिवारों की लड़कियों तक को हवस की नजरों से देखने लगे हैं। पिछले दिनों आफताब नामक युवक ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा की हत्या कर उसके 35 टुकड़े कर दिए। खुलासा होने पर खूब हंगामा बरपा। समाज के पहरेदारों ने शुचिता की दुहाई दी। नेताओं ने कठोर कानून बनाने के वादे किए। गुजरते दिनों के साथ सब लोग घटना को भूल गए। भारत में सिनेमा को एक समय आदर्श संस्कारों एवं प्रेरणा का मुख्य स्रोत माना जाता था। रामायण, महाभारत जैसे धारावाहिक व राजा हरिश्चंद्र, संतोषी माता जैसी फिल्में देखने के लिए लोग बेताब रहते थे। रामायण और महाभारत के प्रसारण समय पर तो सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा होता था। अब तो सिनेमा सारी हदें पार कर चुका है। फिल्मों के नाम और शहर के चौराहों पर लगे पोस्टर अश्लीलता की सीमाएं पार कर रहे हैं । फिल्में दर्शकों को अपनी आदर्शवादिता की बजाए बेशर्मी से आकर्षित कर रही है। अश्लील दृश्य एवं नामों वाली फिल्मों को हिट फिल्मों का दर्जा मिल जाता है। आज माता-पिता के लिए बहुत मुश्किल हो गया है कि वो किस तरह अपने बच्चों में बढ़ती हुई इस महामारी जैसी मानसिकता को रोकें। उनमें संस्कारों का निर्माण करें । दुर्भाग्य से सरकार एवं फिल्म सेंसर बोर्ड भी आंख बंद किए हुए हैं।

**हद तो यह है कि खूनी रिश्तों की आंखों में भी वहशत समाने लगी है। अब तो लोग परिचित परिवारों की लड़कियों तक को हवस की नजरों से देखने लगे हैं। पिछले दिनों आफताब नामक युवक ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा की हत्या कर उसके 35 टुकड़े कर दिए। खुलासा होने पर खूब हंगामा बरपा। समाज के पहरेदारों ने शुचिता की दुहाई दी। नेताओं ने कठोर कानून बनाने के वादे किए। गुजरते दिनों के साथ सब लोग घटना को भूल गए। भारत में सिनेमा को एक समय आदर्श संस्कारों एवं प्रेरणा का मुख्य स्रोत माना जाता था। रामायण, महाभारत जैसे धारावाहिक व राजा हरिश्चंद्र, संतोषी माता जैसी फिल्में देखने के लिए लोग बेताब रहते थे। रामायण और महाभारत के प्रसारण समय पर तो सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा होता था। अब तो सिनेमा सारी हदें पार कर चुका है। फिल्मों के नाम और शहर के चौराहों पर लगे पोस्टर अश्लीलता की सीमाएं पार कर रहे हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# समय से पूर्ण हो पशुओं का टीकाकरण : डीएम

- जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- सेतु निगम के कार्य में धीमी गति पर जताई नाराजगी



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में विकास कार्यों, 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा व सीएम डैशबोर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, श्रमिक पंजीयन , पोषाहार वितरण ,कौशल विकास मिशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशुधन योजना,सामूहिक विवाह, वृक्षारोपण, आईजीआरएस के लंबित प्रकरण आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख से अधिक के कार्यों को लेकर एक जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी बनाई गई है जिसका इनके द्वारा प्रति माह निरीक्षण किया जा रहा है, जो भी अधिकारी भ्रमण पर जाते हैं वह इसकी व्याख्या भरकर संबंधित को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुधन योजना के तहत टीकाकरण का कार्य सा समय किया जाए।

उन्होंने सेतु निगम के कार्य में धीमी गति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सेतु निगम का कार्य जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने नलकूप अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस विभाग द्वारा अभी तक परियोजना सीएम डैशबोर्ड पर फीड नहीं की गई है वह तत्काल फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी हर रोज सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा कर रहे हैं इस पर आप सभी ससमय डाटा फीड करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम, पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न



जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से कबरई के अलीपुरा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या, क्रेशर यूनियन द्वारा मानक से ज्यादा ओवरलोडिंग के कारण जारी की गई आर सी तथा भंडारण से संबंधित प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों का प्रकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को कार्य होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त उद्यमियों तथा निवेशकों द्वारा बैंक ऋण से संबंधित आने वाली समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर लीड बैंक मैनेजर द्वारा प्रकरणों पर विचार करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही व्यापार बंधुओ से संबंधित प्रकरण भी प्रस्तुत किए गए जिसमें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा को जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी नें विद्युत की बार- बार ट्रिपिंग की समस्या पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को तत्काल समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिए ।बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, विद्युत विभाग, व्यापार कर विभाग व अन्य संबंधित विभाग तथा उद्यमी संगठनों की तरफ से राम किशोर सिंह, देवेंद्र मिश्रा, भागीरथ नगाइच इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज द्वारा किया गया।

# कांग्रेस कार्यालय पर मना राहुल गांधी का जन्मदिन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, संविधान की रक्षा के लिए अडिग जननायक राहुल गांधी का जन्मदिवस पूरे उत्साह एवं जोशो-खरोश के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सेवादल के शहर अध्यक्ष सरवर अली एवं प्रभुदयाल शाक्य ने राहुल गांधी के चित्र पर तिलक कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके बाद कांग्रेसजनो ने नगरपालिका चौराहा पर मिष्ठान वितरण कर राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया एवं लोगों को बधाइयां दी।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि राहुल गांधी जी ने एक जननायक की तरह अपना कद बढ़ाया है उन्होंने यूपीए सरकार में भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, रोजगार का अधिकार, एवं सूचना का अधिकार जैसी योजनाओं को लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वहीं आज के दौर में पूरे में भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से देश के हर नागरिक से जुड़ने एवं समस्याओं को जानने एवं उनके समाधान का कार्य किया है। श्री राहुल गांधी जी निडर एवं निर्भीक होकर जिस प्रकार आज की तानाशाह सरकार के सामने खड़े होकर जनहित के मुद्दे उठा रहे हैं उससे निश्चित तौर पर देश के लोग उनसे और अधिक प्रेम करते हुए उन्हें दुआएं दे रहे हैं हम सभी कांग्रेसजन उसके साथ खड़े हैं। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलोक यादव, संजय दोहरे, अनूप परमार, अवनीश वर्मा, आसिफ जादरान, आनंद दुबे,सचिन शंखवार, अमित अग्निहोत्री, हरेंद्र पाल सिंह दिवाकर,सूर्या शंकर दीक्षित, सतीश शाक्य,अंसार अहमद, सुबोध यादव, आशाराम कठेरिया,पुनीत पाठक, रिजवान अंसारी, सोहेल खान, मोहम्मद आदिल, आहद अब्बासी, प्रशांत चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जान से मारने की नियत से फायर करने वाला गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की नियत से फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमन्चा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। वादिनी अफरोज पत्नी अकबर हुसैन निवासी गाड़ीपुरा थाना कोतवाली जनपद इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर सूचना दी गयी कि दिनांक 17 जून 2024 को उन्हीं के पड़ोसी जीशान पुत्र नसीर, हसीन पुत्र जमील, नईम पुत्र सलीम, एहसान पुत्र नसीर, आसिफ उर्फ तोता पुत्र जमील द्वारा वादिनी के पति एवं बच्चों के साथ लाठी, डण्डे से मारपीट की गयी एवं फायर करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी जिनका इलाज पीजीआई सैफई इटावा में चल रहा है। थाना कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी आसिफ उर्फ तोता पुत्र जमील निवासी गाड़ीपुरा थाना कोतवाली इटावा को काली कबरे वाले नाले की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, उ.नि. सुरेन्द्र पाल, का. अक्षय कुमार, का. रंजीत सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत चिंता जनक होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताते चलें कि मंगलवार की देर शाम सौरभ 19 वर्ष पुत्र श्रीचंद्र सुमेरपुर ब्लाक के इगोहटा गांव निवासी बाइक मैं सवार हो मौदहा की ओर से अपने गांव इगोहटा जा रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन नें बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं राहगीरों की मदद से लहुलवान की हालत में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत चिंता जनक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### 10 वर्षीय बालक की तालाब में डूब कर मौत

**राठ, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के चिल्ली गांव में साथियों के साथ नहाने गए 10 वर्षीय मासूम बालक की तालाब में डूब कर मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत पर स्वजनों में मातम छा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिल्ली गांव निवासी नंदकिशोर उर्फ नंदू प्रजापति ने बताया कि वह मथुरा में पत्नी और बच्चों के साथ ईंट भट्टे पर मजदूरी करता हैं?। 10 दिन पहले ही गांव वापस आया था। बुधवार दोपहर दो बजे उसका 10 वर्षीय पुत्र कौशल प्रजापति अन्य बच्चों के साथ गांव के बाहर बने मंझली तालाब में नहाने गया था। तभी वह गहरे गड्ढे में चला गया और पानी में डूबने लगा। साथी बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे तालाब से निकलकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉ दयाशंकर वर्मा ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। पुत्र की मौत पर मां आशा, बहन प्रियंका और ममता का रो रो का बुरा हाल है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरा जा रहा है।

### अनियंत्रित ई-रिक्शा की टक्कर से युवक की मौत

**राठ, समृद्धि न्यूज।** मप्र छतरपुर के थाना लवकुश नगर अंर्तगत रनमउ निवासी चंद्र किशोर कुशवाहा ने बताया कि 27 मई की रात साढ़े आठ बजे उसका भाई धर्मदास के साथ चचेरा भाई कालीचरन पुत्र मथुरा प्रसाद बाइक से राठ के बड़ा गांव जा रहे थे। जैसे ही चरखारी रोड जगतराज स्कूल के पास पहुंचे तो राठ की ओर से आ रहे ई रिक्शा चालक पुष्पेन्द्र पुत्र बाबूसिंह निवासी पड़रा लापरवाही से रिक्शा चलाते हुए भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक से गिरकर भाई व चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए थे। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। उरई से झांसी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसके भाई धर्मदास की मौत हो गई। जबकि चचेरा भाई का झांसी में इलाज चल रहा है। मृतक के भाई ने ई रिक्शा चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### धोखाधड़ी से ट्रक ले जाने का मुकदमा दर्ज

**राठ, समृद्धि न्यूज।** मुस्करा थाने में तैनात दरोगा संजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 2023 में राठ कोतवाली में तैनात था। 2023 को चौकी प्रभारी मंडी समिति उप निरीक्षक के पद पर नियुक्त था। 28 नवंबर 23 को समी अहमद कन्नौज अपने साथी के साथ कोतवाली में आए और कहां की एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का फाइनेंसर हूं। एक ट्रक वाहन स्वामी मुस्तकीम खान ने किस्त अदा नहीं की और ट्रक जब्त करने के लिए भेजा गया है। संजय यादव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक के मौखिक आदेश अनुसार अपने हमराही अनुज कुमार के साथ सनी अहमद साथ में एक व्यक्ति के साथ मौके पर पहुंचा। समी अहमद ट्रक को जब्त करके अपने साथ ले गया। बताया कि उक्त वाहन स्वामी मुस्तकीम खान द्वारा बताया गया कि ट्रक का लोन भर दिया है। उसका ट्रक एचडीबी फाइनेंशियल सर्विस में जमा नहीं है और शमी अहमद नाम का कोई भी व्यक्ति सीजर के पद पर नहीं है। उपनिरीक्षक ने धोखाधड़ी से ट्रक ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

# पुलिस अधीक्षक ने प्रधान लिपिक शाखा का किया वार्षिक निरीक्षण



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय अवस्थित प्रधान लिपिक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक कार्यालय में प्रचलित समस्त पत्रावलियों व अभिलेखों का गहनता से अवलोकन कर लंबित प्रपत्रों/अहकमातो की समीक्षा की गयी तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये।

चरित्र पंजिकाओं में अंकित दण्ड/प्रमोशन, रिवार्ड आदि प्रविष्टियों का अवलोकन कर चरित्र पंजिकाओं को अद्यावधिक करने, अभिलेखों के रखरखाव तथा साफ-सफाई के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान दीपक दुबे क्षेत्राधिकारी सदर, शशि तोमर निरीक्षक (लिपिक/प्रधान लिपिक), निरीक्षक संतोष कुमार दुबे वाचक पुलिस अधीक्षक कार्यालय, निरीक्षक अरविन्द कुमार गौर पीआरओ पुलिस अधीक्षक, सुनील यादव एएसआई (लिपिक) सहित प्रधान लिपिक कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित पालीथिन अपनी दुकानों पर न रखें व्यापारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एंव नगर पालिका स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड ऐबेसडर आलोक दीक्षित नें सभी व्यापारियों से अपील की है, कि पर्यावरण की सुरक्षा एंव अपने नगर को स्वच्छ एंव सुदंर बनाये रखने के लिए प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग न करें। उन्होंने कहा नगर पालिका इसके खिलाफ अभियान चला सकती है, जिसमें जुर्माना एंव पालीथीन जब्तीकरण का भी प्रावधान है,पालीथीन की वजह से जमीन की उर्वरा शक्ति लगातार कम हो रही है,जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है साथ ही नालियां भी जाम हो रही हैं, उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि बाजार जाते समय कपड़े का झोला लेकर आयें,दूध दही आदि तरल द्रव्य पालीथीन में न लें, इनमें ये तरल पदार्थ ले जाना स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हैं, जो कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों का कारण बनता है, जिलाध्यक्ष नें जिला प्रशासन से भी मांग की है कि प्रतिबंधित पालीथीन को बाजार में आने से रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान किये जाएं, व्यापारियों को अनावश्यक परेशान न किया जाए।

# पनवाड़ी ब्लॉक में योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया योगाभ्यास




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ नीलम के मार्गदर्शन में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम योग स्वयं एवम समाज के लिए के अंतर्गत आयोजित योग सप्ताह के पनवाडी ब्लॉक परिसर पर योग प्रशिक्षक राजेश कुमार खरे प्रियंका के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को ब्लॉक परिसर पनवाड़ी पहुंचकर योगाभ्यास में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। नोडल अधिकारी डां कमलेश्वर सिंह ने बताया कि जनपद में अन्य जगह भी योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जैसे योग प्रशिक्षकों के द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग दिवस के माध्यम से जन सामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना ही मुख्य उद्देश्य है। जिसके फलस्वरूप लोगों द्वारा बड़ी संख्या में योगाभ्यास में प्रतिभाग किया जा रहा है। पनवाड़ी ब्लॉक परिसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम में नोडल अधिकारी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलेश्वर सिंह, योग्य प्रशिक्षक राजेश खरे , डां प्रियंका राजपूत रामप्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पुलिस अफसरों व कर्मियों ने किया थानों पर योगाभ्यास

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त पुलिस अधिकारियो/ कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया । समस्त थानाध्यक्षों द्वारा योगाभ्यास कर समस्त पुलिसकर्मियों एवं आम जनमानस को योग के द्वारा स्वयं को स्वस्थ रखने हेतु संदेश दिया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष द्वारा कहा गया कि व्यायाम करने से मनुष्य शारीरिक एवं मानसिक रूप से हर समय स्वस्थ रहता है। मनुष्य को प्रतिदिन निरोगी रहने के लिए योग एवं व्यायाम अवश्य करना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही अच्छा मस्तिष्क निवास करता है। विभिन्न बीमारियों एवं रोगों से बचने का व्यायाम एकमात्र और सशक्त माध्यम है। प्रतिदिन व्यायाम करने से मनुष्य के शरीर को नई ऊर्जा मिलती है, जिससे पूरे दिन मनुष्य में स्फूर्ति बनी रहती है, इसलिए जरूरी है कि मनुष्य रोजाना योग एवं व्यायाम करें।

# ग्राम प्रधान ने ग्राम विकास अधिकारी पर लगाए फर्जी हस्ताक्षर कर धनराशि निकालने के आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान ने पंचायत द्वारा संचालित गोशाला के भूसा की धनराशि ठेकेदार द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर ग्राम विकास अधिकारी की मिली भगत से निकालने के आरोप लगाते हुए सदस्यों के साथ ब्लाक पहुंच हंगामा काटा। पूरे मामले की जांच करा कार्रवाई की मांग उठाई है।

कबरई विकास खंड के मामना ग्राम प्रधान सीताराम ने ग्राम विकास अधिकारी आरती गुप्ता पर ठेकेदार से सांठगांठ कर फर्जी हस्ताक्षर के जरिए भूसा की धनराशि आहरित करने का आरोप लगाया है।

उच्चाधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया गया है कि पशु आश्रय योजना के तहत भूसा चारा की व्यवस्था के लिए पंचायत को धनाराशि मिली थी मगर ग्राम विकास अधिकारी आरती गुप्ता ने ठेकेदार आशाराम साहू के साथ सांठ गांठ कर संस्था के नाम भुगतान आहरित कर दिया है। शिकायती पत्र में बताया गया है अगला शिवधाम कंट्रेक्शन के नाम से 1 लाख 78 हजार 850 व 1 लाख 67 हजार 617 का भुगतान चेकों के जरिए किया गया है। आरोप है कि फर्जीवाड़ा का विरोध करने पर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी जा रही है।

ग्राम प्रधान का आरोप है कि उसके फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी धनराशि का गबन किया जा रहा है पूरे मामले की जांच करा कार्रवाई की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान ने पंचायत सदस्यों के साथ विकास खंड कार्यालय पहुंच जमकर हंगामा काटा। अधिकारियों ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### पुलिस ने जनता को सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग की गयी। जनपद की कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# हल्की बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में शाम को हल्की बारिश होने से मौसम में बदलाव आया। भीषण गर्मी व उमस से लोगो ने राहत की सांस ली।

कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में करीब तीन बजे तक तेज़ धूप के बाद शाम पांच बजे के आसपास आसमान में बादल छा गए। और मध्यम गति से बारिश होने लगी। 20 मिनट हुई मध्यम गति की बारिश से जहा मौसम सुहाना हुआ वही हवा में भी नर्मी आई और लोगो को तेज गर्मी व उमस से राहत मिली। इस पहली बारिश से किसान भी खुश नजर आए।

### पिता ने दो युवकों पर दर्ज कराया बलात्कार का मुकदमा

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना व कस्बा कुरारा के भौली रोड निवासी पिता ने दो युवकों द्वारा पुत्री का अपहरण कर बलात्कार करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के भोली रोड वार्ड चार निवासी बृज लाल पुत्र स्व भागीरथ ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार की रात नौ बजे मेरी नाबालिक पुत्री को पड़ोस की दुकान से सामान लेकर घर वापस आते समय मोहल्ले के निवासी युवक अभिषेक यादव पुत्र बद्दू व रवि पुत्र बंशी चार पहिया वाहन अर्टिगा जिसका नंबर यू पी 91 ओ 8265 लेकर आए तथा रुमाल से मेरी पुत्री का मुंह दबाकर व कट्टा लगाकर जबरन गाड़ी में बैठा लिया। जब आधा घंटे तक पुत्री वापस घर नहीं आई तो उसकी खोजबीन की तो कुछ पता नहीं चल पाया अगले दिन दोपहर 12 बजे पुत्री के सुमेरपुर में बदहवास की सूचना मिली तब जाकर उसे वापस ले कर आए। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनो युवकों के खिलाफ अपहरण व बलात्कार करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। दबिश दी जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव को लेकर जारी किया अलर्ट

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




जनपद वासियों को गर्म हवाएं या हीटवेव (लू) मैं फिर एक बार परेशान किया पिछले कुछ दिनों से गर्मी का पारा चढ़ रहा है। ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव (लू) के प्रति अलर्ट जारी कर दिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीता राम ने आमजन से इस मौसम में बचाव करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के आवश्यक उपाय स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे हैं। साथ ही समस्त स्टॉफ को सक्रिय रहने व विपरीत परिस्थितियों में तत्काल राहत देने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है। महामारी की स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन कर दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि अप्रैल, मई व जून माह में हीटवेव (लू) का असर रहता है। इससे संबंधित एडवाइजरी जारी की गयी है। मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया गया है। इस मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के आवश्यक उपाय स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि समस्त स्टॉफ को प्रशिक्षित किया गया। सीएमओ ने बताया कि जनपद में हीटवेव (लू) के दृष्टिगत ब्लॉक स्तर पर इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए ओआरएस एवं आईवी फ्ल्यूड का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला महिला व पुरुष अस्पताल में लू से ग्रसित मरीजों के लिए विशेष वार्ड भी बनाए गए हैं और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी लू से ग्रसित मरीज के इलाज के लिए निर्देश दिए गए व स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित करा दी गई है, ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके ।

# फल-पानी व बिस्किट वितरित कर की राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर मौदहा कांग्रेस कमेटी ने मौदहा रेलवे स्टेशन में बिस्किट एवं फल और पानी एंटर सिटी एक्सप्रेस में वितरित कर दीर्घायु की कामना की।

मौदहा कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक तबीब खान नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मौदहा कांग्रेस कमेटी ने मौदहा रेलवे स्टेशन में बिस्किट एवं फल और पानी एंटर सिटी एक्सप्रेस में वितरित कर दीर्घायु की कामना की। अल्पसख्यक प्रदेश सचिव तबीब खान ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जन जन के सर्वमान्य नेता बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष आज राहुल गांधी के साथ मजबूती से खड़ा है, देश की जनता राहुल गांधी को भावी प्रधानमंत्री के रूप में देख रही है।

इस अवसर पर डॉक्टर शाहिद अली सफकतुल्लाह राजू उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य आशाराम अहिरवार जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोहम्मद जाकिर प्रदेश सचिव शहजादा चिस्ती मोहम्मद यूसुफ उर्फ मुन्ना बाडर पवन कुमार अहिरवार इस्लामुद्दीन नगर अध्यक्ष मौदहा फरत उल्लाह सेवा दल जिला महासचिव हमीरपुर हाजी समसुद्दीन जिला अध्यक्ष सेवा दल हमीरपुर विवेक चंद यूथ कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### युवक ने पशुबाड़े में लगाई आग, महिला झुलसी

**राठ, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी शिवकली पत्नी महिपाल ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे उसकी जेठानी रामफल पत्नी मदन पशुबाड़े में जानवरों को चारा पानी देने गई थी। तभी प्रमोद उर्फ कल्लू निवासी बड़ी जुलहेटी आया और पेट्रोल डालकर पशुबाड़े के छप्पर में आग लगा दी। जिससे पशुबाड़े में बंधी चार गाय, एक बकरा, एक बकरी, एक बछिया की जल कर मौत हो गई। साथ छप्पर में रखा भूसा जलकर राख हो गया था। बताया कि जब उसने छप्पर में देखा तो उसकी जेठानी भी गंभीर रूप से झुलस गई थी। मोहल्लेवासियों ने किसी तरह जेठानी को बाहर निकाला और पानी डाल आग पर काबू पाया। तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था। बताया कि उसकी जेठानी का इलाज चल रहा है। बताया कि प्रमोद गाली गलौज करते हुए भाग गया। महिला ने प्रमोद के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मकान में मिला युवक का शव, हड़कंप

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार की सुबह अचानक सड़ांध फैलने से मची कस्बा लखना के मुहाल ठाकुरान स्थित पुलिस चौकी के पास एक मकान में सनसनी फैल गई जब उसमें रह रही वृद्ध महिला ने कमरे को खोलकर देखा तो उसका पुत्र मृत अवस्था में तख्त पर पड़ा मिला। इसकी सूचना जब पुलिस को दी तो पुलिस ने भीषण गर्मी के साथ दो दिन पूर्व अधेड़ के मृत होने की बात कही। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

इस घटना के सम्बंध जसबंत सिंह पुत्र स्वं सरमन सिंह कुशवाहा ने बताया कि उसका भाई धूप सिंह उम्र 50 वर्ष अपनी मां मालती देवी 85 वर्ष के साथ घर पर एक कमरे में रहता था मां की तवियत खराब होने के कारण वह अन्दर कमरे में दबा खाकर लेटी रहती थी जब बुधवार की सुबह राहगीरों को उनके मकान के सामने से निकलने पर बदबू की सडांध लगी तो उन्होंने सामने रह रहे बडे भाई रुप सिंह को बताया तो हम लोगों ने जब उनका कमरा खोला तो देखा कि पूरे कपड़े पहने हुए धूप सिंह का शव काला पड गया और मुंह से खून की झाग बन रही और भयंकर शव से बदबू आ रही थी तो उसकी सूचना पडोस में पुलिस चौकी पर दी जिस पर चौकी इंचार्ज ललित कुमार ने आकर शव को देखा और इसके बाद प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश शर्मा सहित उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी इसके बाद परिजनों से बात की तो बताया गया कि वह बीमार से रहते थे और हो सकता कि उन्होंने पंखा चलाने के लिए बिजली के तारों को बोर्ड में लगाया हो तो करेंट की चपेट में आने से चिपक गये हो और मृत हो गये हों। मौत का कारण भीषण गर्मी होने पर शव के सडांध आने से नहीं लग सका। तो शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जिससे मौत की स्थित स्पष्ट हो सके। इस घटना से कस्बा व मुहल्ले में लोग सशंकित हैं कि युवक की मौत के बाद कोई दो दिन तक नहीं जान पाया और शव सड़ता रहा। वहीं प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश शर्मा से जब बात की तो उन्होंने बताया कि युवक बीमारी से पीडित होने के साथ अकेला मां के पास रहता था जो कि अविवाहित था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया कि करेंट लगने या बीमारी से उसकी मौत हो गयी है। भीषण गर्मी होने के चलते यह मौत दो दिन पूर्व की है। तभी शव सडांध मार रहा है।

# डीएम के निर्देशन में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

दशम अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के तत्वाधान में जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशन में विभिन्न तहसील, ब्लॉक, पर्यटक स्थल, सांस्कृतिक विरासत स्थलों पर होने वाली योगाभ्यास श्रंखला के पांचवे दिन मुख्य कार्यक्रम तहसील जसवंतनगर में नोडल अधिकारी एसडीएम जसवंतनगर कुमार सत्यम जीत के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ लोकेश कुमार सिंह के निर्देशन में डॉ ओम पांडेय द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक सौरभ कुमार ने किया। एसडीएम कुमार सत्यम जीत द्वारा योग से होने वाले लाभों से मौजूद जन सामान्य को अवगत कराते बताया गया कि योग द्वारा हम अपनी मन स्थिति को नियंत्रित कर सकते हैं। अंतः विकारों को दूर कर सकते हैं। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने आत्म नियंत्रण द्वारा विकास की बात को दृढ़ता से बताते हुए कहा कि परानुभूति, सहानुभूति जैसे संवेदनशील गुण मानव के अंदर समाहित होते हैं।योग आत्म नियमन का वाहक है। यह व्यक्ति के व्यक्तित्व को गरिमामई बनाता है। योग के महत्व को बताते हुए डॉ कमल कुमार कुशवाहा ने कहा कि योग मानवीय चेतना के निर्माण में सहायक है। जसवंत नगर ब्लॉक पर आयोजित कार्यक्रम नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी जसवंतनगर के निर्देशन में डॉ अरविंद कुमार द्वारा संपन्न कराया गया। संचालन अनुज यादव द्वारा कराया गया।

# हरदोई राजा में नया पावर हाउस बनना प्रस्तावित

**जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज**

नगर को बेहतर बिजली उपलब्ध हो सके इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र की बिजली अलग कर नगर में 36 नए ट्रांसफार्मर और 10-10 एमबीए के तीन ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। जिससे नगरवासियों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हरदोई राजा में एक नया बिजली पावर हाउस बनाया जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता द्वितीय महेंद्र नाथ भारती ने दी है।


जानकारी देते अधिशासी अभियंता विद्युत द्वितीय महेंद्र नाथ भारती।

अधिशाषी अभियंता द्वितीय महेंद्र नाथ भारती ने बुधवार को विद्युत व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए नगर में भ्रमण किया। उन्होंने पुराने बिजलीघर का निरीक्षण कर वहां साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि नगर में सब्जी मंडी स्थित छोटे बिजलीघर पर बिजली बिल जमा करने का काउंटर खोला गया है। नगरवासी अब इस काउंटर पर भी अपना बिल जमा कर सकते हैं। बताया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बेहतर रखने के लिए विभाग प्रयासरत है। इसके लिए 10-10 एमबीए के तीन ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इसके अलावा हरदोई और बाबई में भी लोड की क्षमता बढ़ने पर वहां भी अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए गए। नगर में बिजली का लोड बढ़ने पर नए 36 ट्रांसफार्मर और लगाए जा चुके हैं। अब नगर में 140 ट्रांसफार्मर हो गए हैं जिनसे बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा 490 पोल लगाए गए जिन पर लगभग 19 किलोमीटर की केबिल बिछाई गई है। आरडीएस के तहत 553 पोलों पर 35 किलोमीटर की केबल डाली जा रही है। जो बैठगंज, तोपखाना, बालाजी, सहावनाका में डाली जा रही है। हरदोई राजा में नया बिजली घर बनाया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए जगह को चिन्हित कर लिया गया है। इस बिजली घर के बन जाने से ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में और भी सुधार होगा। वहीं, नगर क्षेत्र भी प्रभावित नहीं होगा और नगर में अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। इस मौके पर एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने फरियादियों की समस्याओं का कराया निदान

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रातःकाल 9.30 बजे से ही एक-एक फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता सुना गया।

प्राप्त जन समस्याओं में कई जनशिकायतों एवं समस्याओं को मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर उनका निस्तारण कराया गया तथा शेष फरियादियों की समस्याओं को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों ईमेल और उनके मोबाइल पर व्हाट्सप भेजकर व फोन पर वार्ता कर ससमय शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर निवास करें और प्रातः10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जो जन समस्याएं उनके पास संदर्भित की जा रही है उनकी समस्याओ को विधिपूर्वक सकारात्मक दृष्टिकोण से गम्भीरता पूर्वक सुना जाए तथा निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करते हुये फरियादी को अवगत भी कराया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायत का निस्तारण किया जाये। एसडीएम तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालयों में बैठे और भूमि विवाद पैमाईश चकरोड से अतिक्रमण हटाना वरासत और दखलंदिहानी पत्थर गढ़ी के प्रकरण खेत में बुवाई से पूर्व करा लिए जायें।


जनता की समस्यायें सुनते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

# 444 हैक्टेयर में 13 लाख पौधे रोपित करने की तैयारी पूर्ण

**कालपी (जालौन)।** वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार की मौजूदगी में पेड़ लगाओ पेड़-बचाओ गोष्ठी नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस दौरान वर्तमान सीजन में 13 लाख से अधिक शोभाकार, छायादार तथा फलदार वृक्ष रोपित किये जाने का आव्हान किया गया। वन रेंज क्षेत्र कालपी के परिसर में स्थित नर्सरी में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पालिकाध्यक्ष ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण तथा धरती को हरा भरा करने के लिए वृक्षों का होना बहुत ही जरूरी है। इसलिए सभी नागरिक जागरुक होकर पौधों को रोपित करें। तथा पेड़ों को संतान की तरीके से संरक्षित करें। कार्यक्रम में वन क्षेत्रीय अधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि उपवन संरक्षक प्रदीप कुमार के निर्देशन पर इस वर्ष सीजन में वनराजि क्षेत्र कालपी में 444 हैक्टेयर भूमि में वृहद वृक्षारोपण कार्य के अंतर्गत 13 लाख से अधिक शोभाकार छायादार पेड़ लगाये जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि पहली बारिश होते ही पौध लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। नेशनल हाईवे के किनारे छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाकर हराभरा किया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि वनराजि क्षेत्र के अलग-अलग जंगलों तथा सार्वजनिक स्थानों में पौधारोपण करने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। भूमि में अग्रिम मृदा कार्य भी पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन ग्रामों में पौधारोपण किया जाएगा उनमें जोल्हूपुर में 55 हेक्टेयर भूमि में, छौंक गांव में 40 हेक्टेयर, हरकूपुर में 20 हेक्टेयर, शाहजहांपुर 15 हेक्टेयर, उकासा में 20 हेक्टेयर, जयरामपुर में 15 हेक्टेयर, आलमपुर में 75 हेक्टेयर, इमिलिया में 90 हेक्टेयर, काशीरामपुर में 20 हेक्टेयर, सुल्तानपुर में 40 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण किया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी के अनुसार झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे 17 हेक्टेयर भूमि में अभियान के तहत छायादार तथा फलदार वृक्ष लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि पहली ही बारिश में पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए विभाग के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गोष्ठी में हरिओम, प्रदीप कुमार के अलावा ग्राम प्रधान तथा सभासद गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुराने बस स्टैंड के समीप लावारिश अवस्था में युवक का शव बरामद

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर के पुराने बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला। लोगों ने जब युवक के शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। युवक की शिनाख्त मोहन उर्फ छोटू निवासी दबगरान के रूप में हुई है। मंगलवार की देर रात करीब आठ बजे एक युवक बस स्टैंड के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ था। पहले तो लोगों ने सोचा कि युवक किसी नशे की हालत में लेटा है। लेकिन काफी देर तक जब उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो वहां मौजूद लोगों ने उसे उठाना चाहा। तब उन्हें जानकारी हुई कि युवक मृत हो चुका है। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान मोहन उर्फ छोटू निवासी मोहल्ला दबगरान के रूप में हुई। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि मोहन के पिता विनोद व मां की मृत्यु काफी समय पूर्व हो चुकी है। उसके बहिन की शादी हो चुकी है और भाई बाहर रहकर काम धंधा करता है। उन्होंने भाई को सूचना दे दी है। मृतक की शादी नहीं हुई थी और होटल और अन्य जगह मजदूरी कर वह अपना भरण पोषण करता था। अकेले रहने के चलते वह शराब भी पीने लगा था। शायद दिन में अधिक गर्मी और लू को वह बर्दाश्त नहीं कर सका और उसकी मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# अवैध रिफिलिंग की शिकायत पर दुकानों की हुई चेकिंग

▸ अवैध रूप से रिफिलिंग कर रहे दुकानदारों में मची खलबली

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन के नेतृत्व में आपूर्ति लिपिक की टीम के द्वारा कालपी के बाजारों में घूम-घूम कर अवैध गैस रिफिलिंग की दुकानों का औचक निरीक्षण किया तथा दुकानदारों को जरूरी हिदायत दी।

पूर्ति विभाग की टीम ने कालपी में भ्रमणशील रहते हुए मुख्य बाजार टरननंगंज, जुलैहटी, बाईपास, खोयामंडी के आसपास की दुकानों में छापेमारी की। पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन तथा आपूर्ति लिपिक शुभेंद्र तिवारी के द्वारा अवैध रूप से गैस रिफिल करने वाले दुकानदारों को कड़े तेवर दिखाते हुए चेतावनी दी गई कि यदि गैस रिफिलिंग के अवैध कार्य में संलिप्त पाए गए तो नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। पूर्ति विभाग की टीम के औचक निरीक्षण से अवैध रूप से रिफिलिंग करने वाले दुकानदारों में खलबली मच गई तथा अपने-अपने दुकानों के शटर गिराकर रफू चक्कर हो गए। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि चेकिंग करने की कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी।


दुकान का निरीक्षण करते पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन।

# खेत में भैंस चराने गये पशुपालक का शव बरामद, हड़कंप

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार को खेत पर भैंस चराने गए पशुपालक का शव रात में खेत में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलने पर चौकी पुलिस के साथ सीओ मौके पर पहुंचे और विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम चाकी निवासी रामविलास (55) मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे खाना खाकर भैंस चराने के लिए निकले थे। भैंस चराते हुए वह जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरपुरा तक पहुंच गए थे। भैंस चराने गए रामविलास जब रात तक घर नहीं पहुंचे तो घरवालों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। गांव के अन्य चरवाहों की मदद से खेतों में जब उनकी खोजबीन की गई तो वह मृत अवस्था में शेरपुरा के हार में रातकरीब साढ़े नौ बजे मृत अवस्था में पड़े मिले। खेत में शव मिलने की सूचना छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को दी। शव मिलने की खबर मिलने पर चौकी प्रभारी के साथ कोतवाल वीरेंद्र कुमार, सीओ रामसिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना को लेकर मौके पर मौजूद लोगों व उनके परिजनों से पूछताछ की। मौके पर मौजूद मृतक के पुत्र अनुज कुमार व भतीजे राघवेंद्र ने बताया कि वह घर से सुबह भैंस चराने के लिए निकले थे। घर न पहुंचने पर उनकी तलाश की गई तो उनका शव खेत में मिला है।

## खबरें एक नजर में

### मोबाइल के विवाद में दो युवकों में मारपीट

**जालौन (उरई)।** मोबाइल को लेकर हुए विवाद में दो युवकों के बीच मारपीट व गाली, गलौज हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी कल्यान सिंह व आजम के बीच मोबाइल को लेकर विवाद हो गया। मोबाइल को लेकर हुए विवाद में पहले तो दोनों के बीच कहासुनी होती रहौ। इसके बाद उनके बीच गाली, गलौज व मारपीट होने लगी। वहां मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है।

### रनवां गांव के समीप नरकंकाल मिलने से हड़कंप

**जालौन (उरई)।** सड़क किनारे खंती में लगभग 15 दिन पुराना शव मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रनवां के पास मैदान सिंह कुशवाहा के खेत के समीप खंती में नर कंकाल पड़ा था। मंगलवार की शाम करीब सात बजे खेत से होकर कुछ लोग निकल रहे थे। तभी उनकी नजर नर कंकाल पर पड़ गई। नर कंकाल पड़े होने की सूचना उन्होंने गांव के लोगों और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल वीरेंद्र पटेल व छिरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने आसपास लापता लोगों के बारे में पूछतांछ की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए कंकाल का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसे लेकर कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि शव लगभग 15 दिन पुराना लग रहा है। क्योंकि शव पर मांस बचा ही नहीं है। कंकाल भी सूख चुका है। अभी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आसपास लापता लोगों के बारे में जानकारी की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

### सहाब गांव के तीन तालाब सूखे, ग्रामीण परेशान

**जालौन (उरई)।** सहाव गांव में तीन तालाब हैं। तीनों तालाब अभी तक भरे नहीं गए हैं। भीषण गर्मी के मौसम में तालाब सूखे पड़े होने से पशु, पक्षी पानी को बेहाल हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सूखे पड़े तालाबों को भरवाए जाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सहाव में तीन तालाब हैं। इन तालाबों का पानी ग्रामीण अपने उपयोग में लेने के साथ ही पशु पक्षी भी प्रयोग करते हैं। गर्मी के मौसम में यह तालाब ही पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के काम आते हैं। तालाब के करीब 500 मीटर की दूरी पर बंबी निकली है। प्रत्येक वर्ष इस बंबी के पानी से तालाबों को भरा जाता था। ग्रामीण प्रशांत कुमार, जयदीप दीक्षित, राजाराम, आकाश दीक्षित, राजकुमार, कमलकांत परिहार, नेहा पाल, अखिलेश कुमार, चंद्रशेखर, नसरूद्दीन, राजेंद्र कुमार, देवेंद्र मिश्रा, शिवसिंह, प्रदुम्न, वेदप्रकाश, प्रफुल्ल दीक्षित आदि ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि तालाबों में पानी होने से पशु पक्षियों को सुविधा होती थी और ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिलता था।



# खेल, स्वास्थ्य फिटनेस का सच्चा माध्यमः कृष्ण देव

**दुद्धी,सोनभद्र।** टाउन क्रिकेट मैदान पर समर कैंप का चौदहवां दिन आज के मुख्य अतिथि श्री कृष्ण देव एडवोकेट दुद्धी जिला के प्रचार प्रमुख ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया उन्होंने कहा कि मैं अधिकतर खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से जनता हूं व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य,अनुशासन के साथ साथ सभ्यता और संस्कृति का विशेष महत्व है एक दूसरे को सम्मान देना एवम भाईचारा बनाए रखना बहुत आवश्यक है खेल दिलो को जोड़ती है राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है यह हमारा मूल मंत्र होना चाहिए आप सभी आगे बढ़िए मेरी शुभकामना है।मुख्य अतिथि ने सभी के लिए फल का वितरण कराया इस अवसर पर आनंद प्रकाश,मुजीब,संदीप,आर्यन ,दीपू, सुभम ,दिव्या, सन्नी आदि खिलाड़ियों के साथ मैं स्वयं शिवशंकर प्रसाद एडवोकेट मौजूद रहा कल दिनांक 20 जून को समर कैंप का आखरी दिन है आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

# टेबलेट से छात्र-छात्रायें डिजिटल क्रांति से होंगे सशक्तः डीएफओ

## श्री सत्य सांई इंस्टीट्यूट ऑफ फर्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च कालेज में टेबलेट वितरित

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत श्री सत्य साई इंस्टीट्यूट ऑफ फर्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च जालौन रोड उरई में अध्ययनरत वर्ष 2021-22 के सभी छात्र-छात्राओं को टेबलेट फोन वितरण का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार यादव डिस्ट्रिक फारेस्ट ऑफिसर के द्वारा टेबलेट फोन का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुये कहा कि हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना है कि समस्त छात्र-छात्राओं को डिजिटल क्रांति के माध्यम से सशक्त किया जयो। जिसमें यह टेबलेट फोन सभी छात्र-छात्राओं को सहारा देगा। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के चलते जो तापमान बढ़ रहा है उसके लिये संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी गयी कि वह प्रत्येक जगह कम से कम एक व्यक्ति को पांच पेड़ों का रोपण करें और उसकी अपनी देखरेख में 4 वर्षों तक सेवा भी करें जिससे हम सभी को स्वच्छ ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। संस्था के सचिव नितिन श्रीवास्त्व ने बताया कि इसी क्रम में माह बाद वर्षात के मौसम में समूचे जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम संस्था द्वारा पूरे जिले में चलाया जायेगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार यादव डिस्ट्रिक फारेस्ट ऑफिसर का माल्यार्पण एवं स्वागत संस्था के सचिव नितिन श्रीवास्त्व व माल्यार्पण संरक्षक वेदप्रकाश श्रीवास्त्व द्वारा किया गया।


टेबलेट के साथ कालेज के छात्र-छात्रायें प्रसन्न मुद्रा में

आभार पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया व कालेज की स्टाफ सुनीता गौतम, राधिका पंडित रिंकी, अनुराग गुप्ता अभय आदि ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराया। इस दौरान टेबलेट पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी के भाव प्रकट हो रहे थे।

# गौमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक की मांग



**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव में प्रशासन व्यस्त था। प्रशासन की व्यस्तता के चलते नगर में गोमांस और गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री शुरू होने का आरोप हिंदू संगठनों ने लगाया है। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर इसकी बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। जिससे नगर का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर गधेला, गौसंदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, मनोज गुप्ता आदि ने नगर में गोमांस व गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए एसडीएम अतुल कुमार को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि नगर में एक भी पशुवधशाला नहीं है और न ही कोई लाइसेंस धारक है। इसके बाद भी बड़े पशुओं के मांस की लगातार बिक्री हो रही है। आरोप लगाया कि इन दुकानों पर गोमांस के साथ ही गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री हो रही है। जिससे हिंदू समाज के लोगों में रोष पनप रहा है। इस संदर्भ में पूर्व तत्कालीन एसडीएम सना अख्तर ने टीम बनाकर चैकिंग कराई थी। लेकिन टीम ने होटलों में मिले मांस को बिना किसी लैब में भेजे ही चिकिन और मटन बता दिया। इसके बाद जब उन्होंने इसकी पुनः शिकायत की तो नगर में मांस की बिक्री बंद कराई गई। उन्होंने एसडीएम को बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रशासन की व्यस्तता के कारण नमूने नहीं भरे गए और चेकिंग नहीं की गई। इसका इन लोगों ने लाभ उठाया और एक बार फिर से बड़े मांस की बिक्री शुरू हो चुकी है। पदाधिकारियों ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि नगर में लगभग 20 होटलों पर बिक रहे बड़े मांस एवं मांस से बने अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बंद कराई जाए। ताकि नगर में अमन चैन और शांति व्यवस्था बनी रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गुरमा जेल में योग का आयोजन



**गुरमा,सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

स्थानीय कारागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के तत्वाधान में बुधवार को योग गुरु आचार्य अजय पाठक एवं संस्थान की उत्तर प्रदेश प्रभारी लाजो एवं सह ट्रस्त्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतिमा ने सयुक्त रुप से योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनिल मौर्य जेलर जेपी दुबे ने सयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने संबोधन करते हुए बताया कि धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक योग गुरू आचार्य अजय पाठक ने अपनी संस्थान के माध्यम से योग साधना संसार के परम वैभव की ओर ले जाने का सर्वोपरि माध्यम है जिसके बगैर इस जीवन की कल्पना कर पाना मुश्किल है।

# ग्राम प्रधान समिति की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श

**दुद्धी,सोनभद्र।** दुद्धी ब्लॉक के विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को ब्लॉक सभागार में प्रधान संघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लॉक से संबंधित दर्जन भर समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें मनरेगा योजना, ग्राम सचिवालय से कार्यों का क्रियान्वयन, सचिवों की उपस्थिति, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास, ग्राम प्रधानों के मानदेय में वृद्धि सहित अन्य कई मुद्दों पर आम सहमति बनी। बैठक में तय विन्दुओं को जल्द मुख्यमंत्री जी को पत्र भेजने पर सहमति जतायी गई।

इस दौरान रामप्रसाद यादव,प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुशवाहा, निरंजन जायसवाल, आनंद यादव, संजय यादव, गरीबा पाल,उदय पाल, मनोज कुमार, संजय कुमार, खुशीहाल यादव सहित अन्य ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# गोरखपुर के साहित्यकार सम्मानित

▸ लोकतंत्र की बुनियाद ने किया साहित्य श्री से सम्मानित

**गोरखपुर,समृद्धि न्यूज।**

नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सी डी देशमुख सभागार में लोकतंत्र की बुनियाद राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के ग्यारहवें वार्षिक उत्सव में देश के चौदह राज्यो से आए साहित्यकारों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में गोरखपुर के साहित्यकार योगेंद्र जिज्ञासु को पिछले पांच वर्षो के नियमित लेखन। के लिए साहित्य श्री से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली गवर्मेंट के सेक्रेटरी संतोष राय आइएएस,कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र यादव,साहित्यकार डॉ विनोद बब्बर,विधायक संजीव झा,उद्योगपति रमेश यादव, डॉ नीलम महेंद्र,अर्चना सिंघल,ललित गर्ग समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में रेवती ग्रुप की बच्चियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



# जीप को टीपर ने मारी टक्कर, छह यात्री घायल

**चोपन,सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार को चोपन से सवारी बैठा कर ओबरा जा रही एक कमांडर जीप को वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर यूको बैंक के समीप एक टीपर ने टक्कर मार दी जिससे जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई वहीं जीप चालक सहित पर यात्री घायल हो गये सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर लगभग 1.30 बजे चोपन से सवारी बैठा कर ओबरा जा रही कमांडर जीप जैसे ही यूको बैंक के समीप पहुंची तभी अशोक लीलैंड सर्विस सेंटर के सामने टीपर यूपी 64 बीटी 8041 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे जीप चालक जग्गन उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी चोपन तथा कमांडर जीप पर सवार यात्री शंकर केसरी पुत्र लक्ष्मण केसरी उम्र करीब 40 वर्ष, सीमा केसरी पत्नी शंकर केसरी उम्र करीब 38 वर्ष, सोनी केसरी पुत्री राजेश केसरी उम्र करीब 23 वर्ष, तथा आकांक्षा केसरी उम्र करीब 17 वर्ष, अनन्या केसरी उम्र करीब 10 वर्ष, आसमीन केसरी उम्र करीब 10 वर्ष पुत्रीगण शंकर केसरी सभी निवासीगण डिग्री कॉलेज ओबरा के पास थाना ओबरा जनपद सोनभद्र घायल हो गये घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है वहीं टीपर को पुलिस द्वारा अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि ऋषभ श्रीवास्तव पिता मुनेश कुमार श्रीवास्तव मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2511909 तथा इंटरमीडियट अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1902488 वास्तव मे कहीं खो गया है। वर्ष 2014 मे हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया था और इंटरमीडियट परीक्षा 2016 में उत्तीर्ण किया था।

**ऋषभ श्रीवास्तव पिता मुनेश कुमार श्रीवास्तव ग्राम वैरी महेशपुर, कैसरगंज- जिला बहराइच**

# सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को समय से पूरा करें: डीएम

**डीएम ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में अफसरों के साथ बैठक कर दर्पण पोर्टल पर विकास कार्यो की समीक्षा की**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि अण्डा उत्पादन 565.488 लाख के सापेक्ष 112.20 लाख अण्डा उत्पादन हुआ है, उत्पादन के प्रतिशत्ता और बढ़ाई जाये। क्रियाशील गो आश्रय स्थल 155 है, इनके अलावा जो बंद या अक्रियाशील गो आश्रय स्थल हैं उन्हे क्रियाशील किया जाये। सभी सुविधा सुचारु रुप से होनी चाहिये और पशुओ में कृत्रिम गर्भाधान में सुधार किया जाये। उन्होने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि 15 नई सड़को के सापेक्ष अभी 01 नई सड़क का निर्माण हुआ है, शेष सड़को का निर्माण भी समय से पूर्ण किया जाये, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नही होना चाहिये। उन्होने संबंधित को निर्देश दिये कि निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना व दिव्यांग पेंशन के अन्तर्गत जिनकी मृत्यु हो गई है अथवा दूसरे जनपद चले गये है या जो आपात्र है उनका आधार सीडिंग पुनः सत्यापन करायें, किसी के साथ नाजायज न किया जाये। पात्र लाभार्थी को लाभ अवश्य मिले। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत स्कूलों में शेष बाउण्ड्रीवाल का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये। पीएम पोषण के अन्तर्गत विद्यालय का निरीक्षण समय-समय से किया जाये। सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना के अन्तर्गत ब्लाकवार टारगेट दिया जाये, इसमें सभी खण्ड विकास अधिकारी तत्परता के साथ कार्य को प्रारम्भ करायें। विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि विद्युत आपूर्ति को लेकर शिकायतें ज्यादा आ रही है। विशेष ध्यान देकर सुधार किया जाये। निर्धारित समयनुसार विद्युत आपूर्ति की जाये। उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये कि कृषि रक्षा रसायन डीबीटी के अन्तर्गत किसानों में अवेयरनेंस करके दवाओं के विषय में जानकारी दी जाये। पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत 174 आवेदन के सापेक्ष 25 आवेदन स्वीकृत हो चुके है, जिसमें 25 सोलर पंप स्थापित भी हो चुके है। संबंधित कम्पनी के साथ बैठक कर लक्ष्य के सापेक्ष समय से सोलर पंप स्थापित किये जाये। धान के बीज किसानों को समय से उपलब्ध कराया जाये।

डे एनआरएलएम बैंक केडिट लिंकेज के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में बैंक केडिट लिंकेज 2844 के सापेक्ष 696 प्राप्त समूहों की संख्या है, जिसे लक्ष्य के सापेक्ष और बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना/मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अन्तर्गत जो आवास शेष बचे है, उन्हें जल्द आवंटित कर कार्य को पूर्ण किया जाये।

उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि एम्बुलेंस 102, 108, टेली रेडियालॉजी, डायलसिस, बायो मेडिकल उपकरण का रखरखाव, मोबाइल मेडिकल युनिट एंव सीटी स्कैन सेवायें पूर्ण रूप से संचालित होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये। डीएम ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं एसबीएम (जी0) फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों समय से पूरा किया जाये, गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। 15वीं वित्त आयोग ग्राम पंचायत के अन्तर्गत ग्राम पंचायतो में धनराशि समय से व्यय की जाये। उन्होनें ओडीओपी टूल किट योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है समय से पूर्ण किया जाए। उन्होनें निर्देश दिये कि दर्पण पोर्टल में जो बिन्दु है, मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की जाती है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो को समय से पूरा करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित नही रहना चाहिये। अभी से अलर्ट होकर कार्य को करेगें। माह के अंतिम दिन तक कार्य को अवश्य पूर्ण कर लेगें। अपनी परफॉर्मेंस अच्छी रखें।

डाटा के अनुसार मानिटरिंग हो रही है और उसी रैकिंग बनती है। कहा कि जो कार्य करें उसे पोर्टल पर फीडिंग अवश्य कराएं। प्रत्येक विभाग की रैंकिग अच्छी होनी चाहिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के भुन्ना गांव के निकट बुधवार की दोपहर एक अज्ञात वाहन ने आगे जा रहे बाइक सवार दो ग्रामीणों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुर्सी गांव निवासी रामऔतार (40) अपने मित्र श्याम सुन्दर (35) के साथ बाइक पर सवार होकर तिर्वा आ रहे थे। जब उनकी बाइक भुन्ना गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## उपयोगी जानकारियां देकर महिलाओं को किया जागरूक

**▸ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित**

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार तथा सचिव/अपर जिला जज श्रीमती लवली जायसवाल के दिशा निर्देशन में नगला लक्षीराम में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उपयोगी जानकारियां देकर महिलाओं को जागरूक किया गया। शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने के साथ उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने की नसीहत दी। महिला उत्पीड़न रोकने के लिए सरकार ने जो कानून बनाए हैं, उनकी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा जिन महिलाओं के पास अपने मुकदमे की पैरवी करने के लिए अधिवक्ता नहीं है, या वह वकील करने में सक्षम नहीं है, उन्हें प्राधिकरण निशुल्क वकील प्रदान कराएगा। उन्होंने 13 जुलाई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तुरंत सस्ता सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय का नैतिक अधिकार है। राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय स्तर तक मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने योग्य मामलों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए क्योंकि लोक अदालत में हुए निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ओमकार शाक्य, नगर पंचायत तालग्राम के पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव, देवश्री, मंजूलता, संतोषी, गायत्री, रीना, अशर्फी, विमला देवी, अनीता, देवकी, मीरा, श्रीदेवी, सावित्री, पूनम, रेखा, सुनीता, रामदर्शनी, शारदा, अनीता देवी, विमला, राममूर्ति, मुला देवी, ज्ञान देवी, राजाराम, राजबहादुर, सुरेश चंद्र व सुभाष शाक्य आदि मौजूद रहे।

## गुदर गडा तालाब की जमीन पर पक्के मकान प्रकाश में आए

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद द्वारा गुदर गडा तालाब क्या सुंदरीकरण कार्य चल रहा था मोहल्ला वासियों की शिकायत पर राजस्व टीम ने तालाब पैमाइश की। गुदर गडा तालाब का सुंदरीकरण कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जा रहा था। जिसकी शिकायत मोहल्ला के निवासियों ने उच्च अधिकारियों से की कि रास्ते को बंद कर सरकारी जमीन पर बने मकान को छोड़कर सुंदरीकरण कार्य कराया जा रहा है उप जिला अधिकारी रविवार को देर शाम तालाब पर पहुंचे और उनके साथ राजस्व टीम राजस्व टीम में कानूनगो सत्येंद्र शुक्ला वी कानूनगो कौशलेंद्र दुबे अध्यक्ष मनोज दुबे, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी लेखपाल विमल मिश्रा ने तालाब पैमाइश की जिसमें 10 कड़ी का चक्ररोड प्रकाश में आया तालाब की जमीन पर पक्के मकान भी बने हुए प्रकाश में आए उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि अब लोगों की आधार पर तालाब की जमीन की नाप कराई जा रही है जमीन पर कब्जा मिले हैं ऐसे में धारा 67 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी पक्के निर्माण जमीन जोत कराए जाएंगे दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## 12 दुकानों पर चला बुलडोजर

**छिबरामऊ,कन्नौज।** एनएच 34 को उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार उप जिला अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकार सहित5 थानों का पुलिस बल छिबरामऊ, गुरसहायगंज, विशुनगढ़, सौरिख, सकरावा थाना सहित पीएसी बल राजस्व टीम मैं दखल कार्रवाई संपन्न कराई करवाई । दो जेसीबी व एक पोकलैंड मशीन के द्वारा 12 दुकानों पर हाई कोर्ट के आदेश पर दुकानों पर चला बुलडोजर उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी क्षेत्राधिकार ओंकारनाथ शर्मा व तहसीलदार एवं 5 थानों का फोर्स व पुलिस एवं पीएसी बल की मौजूदगी में चला बुलडोजर से जमी जोद किया गया भारी मात्रा में पुलिस वल राजस्व वल की देखरेख में 34 के जिम्मेदार अधिकारियों को दखल दिलाया गया भवन स्वामियों से मलवा हटाने के निर्देश दिए गए।

## खबरें एक नजर में

### 10 मीटर चौड़े नाले को लेकर भूमाफियाओं को दिया जा रहा लाभ

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर पालिका परिषद नगर व छिबरामऊ देहात की सीमा पर स्थित तिलखुरिया नाला का निर्माण चल रहा है छिबरामऊ देहात व नगर पालिका परिषद की सीमा पर गंदा पानी निकालने के लिए तिलक्रिया नाला जो चर्चा के मुताबिक 10 मीटर चौड़ी थी नाला का निर्माण 3 मी का कराया जा रहा है बाद बाकी जगह पर भू माफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है अतिक्रमण हटाने के स्थान पर नाले की दशा में परिवर्तन किया गया भू माफियाओं के हिसाब से नाले को घूमा कर भू माफिया को लाभ दिया जा रहा है कोई जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेने के लिए तैयार नहीं है।

### अवैध बने 18 मकान, हटाने की दी गई चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सराफान मोहल्ला स्थित गुर्जर गडा तालाब का सुंदरीकरण कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जा रहा था जागरूक नागरिकों की शिकायत पर तालाब की नप जोक की गई जिसमें तालाब की जमीन पर 18 मकान अवैध बने हुए पाए गए लेखपाल विमल मिश्रा द्वारा आक्रमणकारियों को सूचित किया गया कि अतिक्रमण हटा ले वरना प्रशासनिक स्तर से अतिक्रमण को हटवा दिया जाएगा जिसके जिम्मेदारी अतिक्रमण कार्यों की होगी।

### श्रद्धालुओं ने अहरूआ में पंडाल लगाकर बांटा शरबत



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा शहर में सैकड़ो स्थान पर सरवत पंडाल लगाकर वितरित किया बड़े मंगल के अवसर पर शरबत वितरण करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता विवेक यादव, डॉ.सुमित यादव ,मनोज यादव प्रधान ततराई,मंजीत यादव, व टीम विवेक यादव गंगा दशहरा के पावन पर्व पर कल शाम से ही ग्रामीण क्षेत्र से ट्रैक्टर डीसीएम छोटा हाथी से श्रद्धालु संगी ऋषि के घाट सिंधी रामपुर घटियाघाट से स्नान कर वापस लौटे श्रद्धालु को अहिरवार राजा रामपुर मैं सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के मीडिया प्रभारी अंकुर यादव ने अरवा में अहिरुआ मैं गंगा जी जन्म उत्सव पर मीठा शरबत वितरित कियासनोज नविगुलाम अमर अली मुरली शाह आजाद चौकीदार संजू उदयबीर पूर्व प्रधान गोविन्द शानू उमर अली खुर्शीद आलम जुबैद अरशद अली मौजूद रहे।

## राहुल के जन्मदिवस पर बांटे फल, किया पौधरोपण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



वृक्षारोपण करते एवं फल बांटते कांग्रेसी नेता विजय मिश्रा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसजनों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को फ्ल बांटनें व विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने के उपरांत कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में विशाल जनाधार हासिल किया है।

बुधवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इण्टर कॉलेज में कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र नें कांग्रेस जनों के साथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर दर्जनों पौधों का रोपण कर नन्हे मुन्ने बच्चों को फ्ल वितरित किए। इस दौरान उन्होनें कहा कि जननायक राहुल गांधी युवाओं के प्रेरणा श्रोत हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष उषा दुबे, नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना, परमेश्वर दयाल विश्वकर्मा, डॉ. फिदा हुसैन मंसूरी, सन्दीप त्रिवेदी, कलीम खान, महेशचंद्र त्रिपाठी, राजेंद्रबाबू द्विवेदी, पीयूष चर्तुवेदी, रामू त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, तनिष्क गुप्ता, तरुण मिश्रा, सूरज गुप्ता, रमेश सविता, वरिष्ठ कांग्रेसी ओंकारनाथ त्रिपाठी, जुगुल किशोर पाठक, नीरेंद्र कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## पत्नी ने बेटी संग मिलकर की पति की हत्या

**▸ पति के आए दिन मारपीट करने से परेशान थी मां-बेटी**

**▸ सोमवार की रात भी शराब के नशे में हुआ झगड़ा, उत्तेजित मां-बेटी ने सूजे से आंख पर कर दिया था प्रहार**

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव में सोमवार की रात अधेड़ की हुई हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी व उसकी पुत्री को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक के नित्य शराब के नशे में घर आने व पत्नी व पुत्री के साथ आए दिन मारपीट करने से दोनो आजिज आ चुकी थी। घटना के दिन भी मृतक ने दोनो के साथ मारपीट की थी। जिस बजह से दोनो ने मृतक की आंख में नुकीले हथियार से प्रहार कर दिया था। अधिक रक्तश्राव से उसकी मौत हो गई थी।

कोतवाली प्रभारी जेपी सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अहेर गांव निवासी वहीद (50) मजदूरी का काम करता था। वह कुछ समय से बाहर था। बकरीद के पर्व को लेकर घर आया था। सोमवार की रात 11 बजे के करीब वह शराब के नशे में धुत होकर घर वापस लौटा। उसकी पुत्री ने दरवाजा खोला। पिता को नशे में देख उसने शराब पीने से मना किया। इसपर उसने पुत्री को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उसकी पत्नी आई, तो उससे भी मारपीट शुरू कर दी। तैस में आकर पत्नी मजीतून व पुत्री फरीन ने घर में रखा नुकीले सूजे से वहीद पर हमला बोल दिया। सूजा वहीद की आंख में जा घुसा। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब मौत की जानकारी हुई, तो मृतक की पत्नी ने अपने जेठ पर पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। इसपर पुलिस पूछताछ के लिए जेठ को कोतवाली ले आई। यहां पर जेठ ने पुलिस को पूरी सच्चाई बता दी। जिसके बाद पुलिस ने मां-बेटी को कोतवाली आई और उसने कड़ाई से पूछताछ की। जिसके बाद मामले की सच्चाई सामने आ गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त नुकीले सूजे को बरामद कर लिया है। इसपर पुलिस ने बुधवार को दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

# अराजकता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: आलोक कुमार दुबे

**▸ नवागंतुक कोतवाल ने पदभार ग्रहण करनें के बाद ली बैठक**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखनें के लिये उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुपालन में नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे नें स्थानीय कोतवाली का पदभार ग्रहण करनें के उपरान्त कहा कि अपराधी अपराध करना छोड़े या फिर कोतवाली क्षेत्र छोड़ कर चले जायें। स्थानीय कोतवाली में पदभार ग्रहण करने के दौरान नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने अधीनस्थों की बैठक लेकर कानून का पालन करने सहित दलालों से दूरी बनाने के निर्देश देते हुये कहा कि सभी जिम्मेदार उपनिरीक्षक पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य करें।

कहा कि शासन की मंशानुसार कार्य करते हुये फरियादियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण करनें का कार्य किया जायेगा। क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कार्य और किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि अब अपराधियों की सही जगह जेल में होगी। इससे पूर्व नागरिकों नें नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक का फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, जसोदा चौकी प्रभारी सुनील चौधरी, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, रामाश्रम चौकी प्रभारी चन्द्रभान सिंह, अनौगी चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह, नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा, बनियानी चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह, सरायप्रयाग चौकी प्रभारी राहुल सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



कोतवाल आलोक कुमार दुवे का फाईल फोटो।

## बंद मकान के अंदर सड़ा हुआ बुजुर्ग का शव बरामद

**▸ पुलिस ने मृतक के पुत्रों को दी मामले की जानकारी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ग्वाल मैदान में एक घर के अंदर से तेज दुर्गंध उठने पर मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी। घर के दरवाजे की कुंडी अंदर से बन्द थी। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाया तो बरामदे की जमीन पर एक बुजुर्ग का सड़ा हुआ शव पड़ा मिला।

पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल के बाद आसपास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पुत्रों को घटना की सूचना दे दी है। मृतक का एक पुत्र अमेरिका में अपनी मां के साथ रह रहा है, वहीं दूसरा पुत्र बेंगलुरु में किसी कंपनी में कार्यरत है। मृतक यहां अपने पैतृक घर में अकेले रह रहा था। जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ग्वाल मैदान स्थित एक घर से तेज दुर्गंध आने पर आसपास रहने वाले लोग परेशान हो उठे। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी को मोहल्ले वासियों ने बताया कि विगत तीन दिनों से मोहल्ला निवासी अरुण चंद्र मिश्रा के घर से तेज दुर्गंध आ रही है, और मकान का सदर दरवाजा अंदर से बंद है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से अंदर से बंद मकान के दरवाजे को किसी तरह खुलवाया तो अंदर बरामदे में जमीन पर बुजुर्ग अरुण चंद्र मिश्रा का सड़ा हुआ शव औंधे मुंह पड़ा मिला। शव के पास पानी से आधी भरी बाल्टी रखी थी। मोहल्ले वासियों के अनुसार अरुण चन्द्र मिश्रा घर में अकेले रहते थे। मोहल्ले वासियों का अनुमान है कि बुजुर्ग अरुण चंद्र मिश्रा पानी भरने के लिए उठे और पैर फिसल जाने के कारण वह गिर पड़े। इस कारण बेहोश हुए या उनको चोट लगी और उनको कोई संभालने वाला या बचाने वाला नहीं था, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। पड़ोसियों के अनुसार अरुण चंद्र मिश्रा विगत तीन दिनो से घर से बाहर नहीं निकले थे।

मृतक अरुण चंद्र मिश्रा के दो पुत्र प्रदुम्न और अक्षय साफ्टवेयर इंजीनियर है। प्रदुम्न अमेरिका में रहता है, उनके साथ अरुण चंद्र मिश्रा की पत्नी रहती हैं। वहीं अक्षय बेंगलुरू में रहकर किसी कम्पनी में काम करता है। अरुण चंद्र मिश्रा अपने पैतृक मकान में अकेले रह रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक अरुण मिश्रा कानपुर की एक खाद कम्पनी में नौकरी करते थे। सेवानिवृत होने के बाद कानपुर में वह पत्नी के साथ एल्डिगो सोसाइटी के पीछे फ्लैट में रहते थे। पत्नी अपने पुत्र प्रदुम्न के साथ अमेरिका चली गई थी, जिसके बाद वह करीब तीन वर्ष पूर्व सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ग्वाल मैदान स्थित अपने पैतृक मकान में आकर रहने लगे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले की सूचना मृतक के पुत्रों को दे दी है। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## दबंगों ने दस बीघा भूमि पर किया कब्जा, मिला न्याय

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तालग्रामकन्नौज दबंगो ने किसान की निजी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया पीड़ित ने जिला के आलाधिकारी सहित सत्ता पछ्य के नेताओं की चौखट पर चक्कर लगाये पर न्याया न मिलने के बाद पीड़ित ने लिखित शिकायत माननीय राज्यपाल, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से की है। थाना तालग्राम के गांव अदमापुर (तिसोली) निवासी जनार्दन पुत्र सत्यप्रकाश की गाँव मे ही गाटा संख्या 739ग व 739ख रकवा करीब 10 बीघा है जो की बतौर नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर गाँव के ही निवासी पिंकू,जंडेल व सुल्तान पुत्रगण भइयालाल , नाहर सिंह पुत्र घुरीई लाल,चरन सिंह पुत्र मोहन सिंह,रामनिवास व अवनेश कुमार पुत्रगण सिपाही लाल आदि लोगों दबंगई व गुंडई के दम पर अबैध कब्जा कर रखा है उक्त मामले ने पीड़ित ने कई वार एसडीएम व जिलाधिकारी को लिखित शिकायत की पर उसकी एक न सुनी गई यहां तक कई बार सत्ता पछ्य के नेताओं के पास गया पर उसे हर जगह से निराशा ही हांथ लगी तब पीड़ित ने राष्ट्रपति सहित प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत की है अब देखना यह है कि जिला प्रशासन से तो जनार्धन को न्याय नही मिला क्या शासन से न्याय मिलता है गाँव के ही निवासियों की माने तो उक्त सभी कब्जेदार लोग दबंग व लडाई झगड़े वाले लोग हैं और गांव में कई वार लोगों से झगड़ा कर चुके है जिस वजह से गांव के निवासी डरते हैं इस तरह दबंगो ने अपनी गुंडागर्दी के दम पर 10 बीघा जमीन जनार्धन की कब्जा कर रखी है।

## स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत में हुई कार्यशाला



**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर के समस्त सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया

बुधवार को समधन नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यशाला बैठक आयोजित हुई जिसमें वरिष्ठ लिपिक जिलेदार सिंह द्वारा सफाई से संबंधित कर्मचारियों से वार्ता हुई और उन्हें पूर्व में चलाए गए कार्यक्रम मेरा आगन, मेरी हरियाली के बारे में बताते हुए कहा गया कि सभी कर्मचारी अपने-अपने घरों में होम कम्पोस्टिंग करे व घरो में पौधारोपण अवश्य करें तथा आर, आर,आर सेंटर, ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता चैंपियन, मोहल्ला निगरानी प्रोत्साहन समिति आदि पर विस्तृत चर्चा की साथ ही बताया कि आप लोगों द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन ट्राई साइकिल के माध्यम से किया जा रहा है कर्मचारियों से अपील की की सभी कर्मचारी अपने-अपने वार्डो से अलग-अलग गीला एवं सूखा कचरा ले और नागरिकों को जागरूक करें की कूड़े को खुले में न फेक यदि किसी व्यक्ति द्वारा कूड़ा खुले में फेंका जाए तो इसकी सूचना कार्यालय को उपलब्ध कारण जिस पर जुर्माना की कार्यवाही की जाए।

यह भी बताया कि आप लोगों द्वारा ले जा रहे अलग-अलग कूड़े का निस्तारण एमआरएफ सेंटर पर सुचार रूप से संचालित है और कर्मचारियों को प्रसारित पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया गया जिसमें महिला सफाई कर्मी रेनू देवी, मैना देवी, शकुंतला, पुरुष सफाई कर्मचारी रतन, विकास ,रामगोपाल, श्यामसुंदर, सर्वेश, अवधेश, नीरज आदि सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया इस मौके पर कार्यालय के कर्मी दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य ,आनंद कुमार, मो. मुर्शीद, प्रशांत कुमार, मो. कासिम मोहम्मद नौशाद कर्मचारी मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की शाहजहांपुर जेल में मौत

- अधिवक्ताओं में दौड़ी शोक की लहर, दो दिन अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहेंगे विरक्त
- सूत्रों के अनुसार दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत, वर्तमान महासचिव ने की शोकसभा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की शाहजहांपुर जेल में बीती रात दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। उनकी मौत का समाचार मिलने से अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। बार एसोसिएशन के महासचिव नरेश सिंह यादव एडवोकेट ने शोकसभा का आयोजन कर मृत आत्म की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही दो दिन अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। जानकारी के अनुसार राजीव बाजपेयी एडवोकेट ने जानलेवा हमले में संजीव पारिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर संजीव पारिया की दीपावली के एक दो दिन बाद गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद तो मुकदमों की झड़ी लगती रही। बीते कुछ माह पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ प्रभारी ने समाज विरोधी क्रया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अनुपम दुबे, संजीव परिया, शिवप्रताप



मृतक संजीव पारिया का फाइल फोटो

उर्फ चीनू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था। उक्त मुकदमे में संजीव परिया की जमानत याचिका मंजूर हो गयी थी। जिसमे एक-एक लाख के बंध पत्र के साथ रिहाई परवान शाहजहांपुर जेल भेजा गया था। संजीव परिया की गैंगेस्टर के मामले में जमानत याचिका उच्च न्यायालय इलाहाबाद से मंजूर हो गयी थी। इसके बाद कोतवाली फतेहगढ़ दुर्गा कॉलोनी व स्थाई पता तलैया लेन निवासी सुनील कुमार बिसरिया पुत्र स्व श्यामस्वरूप बिसरिया ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं अपनी माँ कमला बिसरिया को लेकर 07.11.2023 कोषागार फतेहगढ़ में जीवन प्रमाण पत्र देकर वापस आ रहा था, तभी रास्ते मे संजीव परिया अपने 3 से 4 अज्ञात साथियों के साथ मिल गए। अपने कचहरी स्थित चेम्बर में ले गए और अंदर बैठा लिया। मेरा मकान के बावत जिला न्यायालय व उच्च न्यायालय इलाहाबाद में मुकदमा विचारधीन चल रहे थे। उन मुकदमों को निपटाने के लिए 25 लाख रुपये की मांग की और कहा सभी विवाद निपटा लेंगे, नहीं तो जमीन से भी जाओगे और जान से भी। इससे मेरी माँ डर गई और 5 लाख व 3 लाख रुपये दिये थे। वादी की तहरीर पर कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज करवाया था। वहीं सुनील कुमार बिसरिया ने अपहरण व रंगदारी का मुकदमा दर्ज करवाया है। नि सभी मुकदमों में जमानत मंजूर हो गई थी। उसके बाद कुछ दिनों बाद फतेहगढ़ निवासी विनोद गुप्ता ने एक मुकदमा दर्ज करवाया था उसमे जमानत अभी तक मंजूर नहीं थी। बताते चले कि संजीव पारिया पांच बार बार एसोसिएशन के महासचिव रहे हैं। जिसमें सबसे पहले वर्ष 2003, 2006, 2009, 2013 व वर्ष 2018 में रहे।

# जो भगवान के सहारे रहता है, उसे अन्य किसी सहारे की जरुरत नहीं: डॉ. जितेंद्र सिंह

## ग्राम उनासी में चल रही भागवत कथा का किया श्रवण, टेंका माथा

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

भागवत कथा में पहुंचकर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने माथा टेंका और भागवत कथा का श्रवण किया।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है। जानकारी के अनुसार ग्राम उनासी में भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसका आयोजन गिरन्द सिंह यादव एवं गंगाश्री देवी द्वारा किया गया।

बुधवार को डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने समर्थकों के साथ पहुंचकर माथा टेंका और कथा का श्रवण किया। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने लोगों को आध्यात्म से जोड़ते हुए कहा कि जो व्यक्ति भगवान का सहारा पकड़ लेता है, उसे अन्य किसी सहारे की जरुरत नहीं पड़ती है। भगवान से रिश्ता



भागवत कथा के दौरान मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह

जोड़ने के बाद वह बड़े से बड़े भवसागर को पार कर जाता है। हमारे पुराणों वेदों जो भी वर्णित है, उसका एक-एक शब्द सही है। जिसका आज वैज्ञानिक भी लोहा मानते हैं। भगवान में मन लगाने से निगेविट ऊर्जा का नाश होता है। हमें हमेशा पॉजिटिव सोचना चाहिए। मनुष्य छोटी-छोटी समस्याओं से हार जाता है और आत्महत्या जैसे कदम उठा लेता है, जबकि ऐसा नहीं है। जब समस्या जन्म लेते है, तो उसके साथ समाधान भी जन्म लेत है। यह हम नहीं कह रहे हैं, यह गीता में लिखा है। इस मौके पर अनिरुद्ध यादव, ध्रुव यादव, नीरज यादव, विवेक कुमार, सुभाष यादव, प्रवीण यादव, बंटी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# सूने घर से चोरों ने उड़ाये नकदी व जेवरात



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से 11 हजार विद्युत लाइन का पोल टूटा

- चोरों ने कमरे में रखे एक जोड़ी टॉप्स एक, जंजीर, दो अंगूठी, चार नाक के फूल, पाँच जोड़ी पायल,15 सिक्का चाँदी के अलावा लगभग एक लाख की नगदी पर किया हाथ साफ

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

चोरों ने बीती रात सूने पर घर का ताला तोड़कर हजारों के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव मीरपुर निवासी रानीदेवी पत्नी सुरेन्द्र चतुर्वेदी बीती रात्रि खाना खाने के वाद अपने देवर अशोक चतुर्वेदी के यहाँ सो गई। सुबह जब जाकर देखा तो गेट के ताले टूटे पड़े थे। अज्ञात चोरो ने बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर कमरे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने अलमारी आदि के ताले तोड़ डाले और नकदी जेवरात चोरी कर लिये। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जव गृह स्वामी वृद्धा घर पर आई। यह नजारा देख उसके पैरो तले जमीन खिसक गई। उसने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जाँच पड़ताल की। पीड़िता गृहस्वामी वृद्धा के अनुसार अज्ञात चोर अन्दर कमरे में रखे एक जोड़ी टॉप्स एक, जंजीर, दो अंगूठी, चार नाक के फूल, पाँच जोड़ी पायल,15 सिक्का चाँदी के अलावा लगभग एक लाख की नगदी चोर चोरी कर ले गये। घटना के संबंध में सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांचच पड़ताल की।




मेडिकल स्टोर पर छापा मारती टीम

# जिला औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर भरे नमूने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडे द्वारा भूसा मंडी स्थित शिवा मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। जहां से दो संदिग्ध औषधीय के नमूने भरे गए। फर्म द्वारा विक्रय अभिलेख नियमित जारी नहीं किया जा रहा था एवं शेड्यूल एच1 औषधीय का रजिस्टर तैयार नहीं पाया गया। जिसके लिए फर्म को कारण बताओं नोटिस निर्गत किया गया। इसके पश्चात घोड़ा नखास स्थित भैरवी मेडिकल स्टोर एवं नेहा मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर कालातीत औषधीय को रखने हेतु पृथक जगह निर्धारित नहीं की गयी थी एवं नेहा मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट कार्यरत नहीं पाया गया। दोनों ही फर्मो को कर्मियों की दृष्टिगत कारण बताओ नोटिस निर्गत किये गये। साथ ही फर्म के संचालक को औषधीय के विक्रय अभिलेख आवश्यक रूप से जारी करने के निर्देश दिए गए।

# तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से 11 हजार विद्युत लाइन का पोल टूटा

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

तेज रफ्तार वाहनों की स्थिति सड़क बनने के बाद कुछ ज्यादा ही खराब हो गई है। वाहन चलाने वाले ड्राइवर या तो नशे की हालत में रहते हैं या फिर अनाड़ी होते हैं। सड़क के किनारे खड़े बिजली के खंबे उन्हें दिखाई नहीं देते। कभी पुलिया से, तो कभी बिजली के पोलों से टकराकर यह खुद का भी नुकसान करते हैं और बिजली विभाग का भी नुकसान भी कर देते हैं।

बीते दिवस मंगलवार देर रात्रि शरीफपुर छिछनी जिला फर्रुखाबाद की बोलेरो ड्राइवर की लापरवाही के चलते 11 हजार लाइन के खंबे से टकरा गई। जिससे खंबा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को भी चोटें आयीं। विद्युत सप्लाई बंद हो गई। सारी रात क्षेत्र में बिजली नहीं आ सकी। सुबह अवर अभियंता और विद्युत कर्मचारियों ने मिलकर टूटे खंबे



बुलेरो से क्षतिग्रस्त हुआ विद्युत पोल

को हटाया और उसके स्थान पर नया खंबा लगाकर बिजली सप्लाई शुरू की।

आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और बिजली विभाग दुर्घटना करने वाले वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं करता। इसलिए आए दिन इस विभाग को नुकसान उठाना पड़ता है और उपभोक्ताओं को बिजली से महरूम होना पड़ता है। जब कभी वाहनों से हुए नुकसान पर विद्युत विभाग इन तेज रफ्तार वाहनों को पकड़ लेता है तो समझौता के बाद उसे छोड़ दिया जाता है, लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता। इसीलिए आए दिन ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# छात्राओं को योग का प्रशिक्षण देकर किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं हॉस्पिटल स्टाफ को योग के बारे में जागरुक किया गया और साथ ही योग का अभ्यास कराया गया।

प्राचार्या डॉ0 अंजना दीक्षित के सानिध्य में योग सप्ताह के 5वें दिन भी मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ0 अंजना दीक्षित ने छात्राओं को योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। साथ ही अभ्यास भी कराया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सभी को एक घंटा योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए।




योग का अभ्यास करती छात्रायें, शिक्षक व कॉलेज स्टाफ के लोग

जिससे हमारा शरीर स्वस्थ्य रहे। स्वस्थ्यवृत्त एवं योग विभाग के प्रवक्ता डॉ.अरुण कुमार पाण्डेय ने प्रशिक्षणर्थियों को संबोधित करते हुए कहा योग चित्त की वृत्तियों पर रोक लगाता है। डॉक्टर मुकेश विश्ववकर्मा ने अनुलोम विलोम, कपालभांति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार, डीप ब्रीदिंग आदि मुख्य प्रणायाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग में जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज सम्भव है। रोज योग को अपने जीवन में उतारने से व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि 21 दिवस को योग दिवस है। सभी लोग अपने-अपने घरों में इस दिवस पर योग करें। साथ ही जनमानस को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर डॉ. नीतू सिंह, डॉ. वीएम गुप्ता, डॉ. रीता सिंह, डॉ. श्वेता यादव, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. रसना, पीजी स्कॉलर डॉ. अभिषेक, डॉ. कविता, डॉ. प्रिया गुप्ता एवं राहुल उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण की जांच कराए जाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बिना नक्शा पास हो रहे निर्माण की शिकायत जिलाधिकारी डॉक्टर वी0के0 सिंह से की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि राहुल प्रताप सिंह परिहार, सुधीर परिहार पुत्रगण स्व0 अजयपाल सिंह परिहार निवासीगण खारबन्दी कुईयांबूट बाईपास थानाए मऊदरबाजा ने बगैर नक्शा पास कराये दो दुकानें व्यावसायिक एवं दो मंजिला मकान मोहल्ला नवाब न्यामत खाँ पश्चिम सिन्धी कालौनी फर्रुखाबाद में बना लिया है। जिसमें लोकवाणी केन्द्र व ग्लोबल कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट एवं साइबर कैफे खोल रखा है। जिसकी हदें पूर्व -मकान सुरेश शर्मा, पश्चिम-मकान सदानन्द शाक्य, उत्तर-मकान आर0के0 वर्मा एडवोकेट, दक्षिण-सरकारी सड़क है। शिकायतकर्ता पुष्प लता शाक्य पत्नी सुरेंद्र सिंह शाक्य ने बगैर नक्शा पास कराये अवैध निर्माण की जांच कर कनूनी कार्यवाही करनें की कृपा करें।

# हजियांपुर चौराहा पर लगा हैंडपंप लगभग 15 दिनों से खराब

- पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे दुकानदार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

हजियांपुर चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय के पास लगा इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले करीब 15 दिनों से खराब पड़ा है। जिससे भीषण गर्मी में दुकानदार व राहगीर पानी के लिए उधर भटकते देखे जा रहे हैं।

बताते चलें कि हजियांपुर चौराहा एक ऐसा स्थान है जहां सुबह से शाम तक लोगों का आवागमन होता रहता है। जिला मुख्यालय से लेकर दिल्ली तक आने आने वाले लोग जो यात्री प्रतीक्षालय की छत्रछाया में बैठकर वाहनों के आने का इंतजार करते हैं। अफसोस यहां पर लगा एक हैंडपंप जो पिछले 15 दिनों से खराब चल रहा है। शिकायत करने पर ग्राम प्रधान द्वारा ठीक कराए जाने का भरोसा तो दिया गया। एक सप्ताह पूर्व नल को खुलवाया गया तथा उसका ऊपरी हिस्सा खोलकर रख लिया गया, लेकिन सप्ताह गुजरने के करीब है, लेकिन अभी तक ग्राम प्रधान ने इसे ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई है। लोगों



खराब पड़ा हैंडपंप

का कहना है भीषण गर्मी के दौर में समाज सेवी जनप्रतिनिधि आने जाने वाले राहगीरों के लिए जगह-जगह ठंडे पानी की व्यवस्था कराते, मगर यहां आम लोगों की प्यास बुझाने वाला एक मात्र सरकारी हैंडपंप जो ग्राम प्रधान की अनदेखी का शिकार बना हुआ है। जिससे लोगों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी के दौर में आम लोगों को शीतल पेय पदार्थो के लिए दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान की लापरवाही पर राहगीरो ने जन प्रतिनिधियों को लापरवाही पर गुस्सा जताते हुए जिला प्रशासन से खराब हैंडपंप तत्काल ठीक कराकर पेयजल व्यवस्था बहाल कराए जाने की मांग की है।

# मंडी सचिव बैठक में रहे अनुपस्थित, वेतन रोकने के डीएम ने दिये आदेश

- प्रेशरहॉर्न व हूटर के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। वाणिज्य कर विभाग की वसूली कम पाई गई। संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।

स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई। परिवहन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई। विभाग द्वारा डग्गामारी पर प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व निर्देशित किया कि प्रेशरहॉर्न व हूटर के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये। सभी विभागाध्यक्ष से प्रेशरहॉर्न हटाने का प्रमाणपत्र



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अपर जिलाधिकारी आदि

एआरटीओ प्राप्त करें। विद्युत विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि ट्रान्सफार्मर का रिप्लेसमेंट समय से हो व सभी जर्जर तार व केबिल चेंज किये जायें। सातनपुर मंडी समिति के सचिव का बैठक में उपस्थित न होने पर वेतन रोकने के आदेश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। नगर निकायों को सिंगल यूज पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। खनन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई।

खनन अधिकारी द्वारा प्रवर्तन का कार्य नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा खनन अधिकारी के निलंबन के लिये शासन को लिखने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी व सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम के एक्शन पर सात वाहन सीज

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी का आदेश मिलते ही अधीनस्थ एक्शन मोड में आ गये हैं। डीएम ने बैठक के दौरान निजी वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे हों तो उन्हें सीज करने के आदेश दिये। जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया। और चेकिंग में 7 वाहन सीज किये गये। काली फिल्म तथा प्रेशर हॉर्न के साथ पकड़ी थार गाड़ी को पकड़कर सीज कर दिया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, क्षेत्राधिकारी यातायात जय सिंह परिहार, यातायात प्रभारी रजनेश कुमार तथा खनन अधिकारी संजय प्रताप की टीम द्वारा संयुक्त रूप से राजेपुर तथा अमृतपुर थाना



सीज की गयी गाड़ियां

क्षेत्र में सघन चेकिंग की गयी। चेकिंग में थाना राजेपुर में छह वाहनों को सीज किया गया तथा उन पर 2.70 लाख का जुर्माना लगाया गया। राजेपुर क्षेत्र में ही दो निजी बोलेरो गाड़ियों को सवारी ले जाते हुए पकड़ा गया और उनका चालान किया गया। अमृतपुर थाना क्षेत्र में एक काले रंग की थार गाड़ी काली फिल्म तथा प्रेशर हॉर्न लगाकर संचालित पाई गई। गाड़ी की काली फिल्म को मौके पर ही उतारा गया तथा थार गाड़ी को थाना अमृतपुर में सीज कर उस पर 21000 का जुर्माना लगाया गया। थाना अमृतपुर में ही रेत से लदे डंपर पर 61000 का जुर्माना लगाया गया।

# बंदरों के आतंक से लोग परेशान महिला को किया घायल



कटखन्ने बंदर व सीएचसी में उपचार कराती महिला

कायमयगंज, समृद्धि न्यूज।

कस्बे में बंदरों के आंतक से लोग परेशान हैं। बंदरों के हमले में एक महिला घायल हो गयी। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। कस्बावासियों ने नगर पालिका से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कस्बा व आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का काफी आतंक है। ज्यादातर महिलाएं जो छतों पर कपड़े सुखाने आदि काम से जाती हैं, तो उन पर बंदर हमला कर काटकर घायल कर देते हैं। कई महिलाओं व पुरुषों की छत से गिरकर मौत हो चुकी है। ऐसी ही घटना नगर के कायमगंज नगर में घटी। बताते चलें कि जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला लोहारी दरवाजा निवासी सलमा उम्र 45 वर्षीय पत्नी स्व0 जमील कुमार बीते दिन अपने पिता राजू के यहाँ मोहल्ला चिलाँका थाना कायमगंज में आई थी। रात्रि को वह छत पर सो रही थी। बुधवार सुबह बन्दरों के झुन्ड ने महिला पर हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

# एनसीसी कैडेट्स ने सूर्य नमस्कार कर योग के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमांडिंग आफिसर कर्नल रोमिल शर्मा के निर्देशन में चल रहे एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नौवे दिन लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग पर आधारित एनसीसी कैडेट द्वारा लघु नाटिका, नुक्कड़ नाटक तथा सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति कराई।

15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में प्रतिदिन योग से संबंधित नई-नई गतिविधियां हो रही है। 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के द्वारा आरआरसी फतेहगढ़ में चल रहे एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा गर्ल्स तथा बॉयज की लघु नाटिका प्रस्तुत करने की टीम तथा सूर्य नमस्कार की टीम को अभ्यास कराया गया। बुधवार की प्रात फतेहगढ़ चौराहे पर योग पर आधारित एक भव्य लघु नाटिका तथा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की गतिविधि आयोजित कराई गई। गर्ल्स कैडेट की तरफसे कैडिट आस्था सिंह तथा निधि शाक्य द्वारा प्रस्तुति दी गई। गतिविधि में स्पष्ट हो रहा था कि योग हम सभी के जीवन में कितना महत्व रखता है। योग से कई बीमारियां दूर होती हैं। प्रात:काल जल्दी उठने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। सूर्य नमस्कार से किसी प्रकार की बीमारियां शरीर में नहीं लगती है। डायबिटीज सही हो जाती है। पेट से संबंधित किसी प्रकार की बीमारी नहीं लगती। व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है, जबकि अंग्रेजी दवाइयों के सेवन से साइड इफेक्ट होने से व्यक्ति बीमार पड़ जाता है।

अंत में योग को अपनाने की बात की गई। लघु नाटिका में गर्ल्स कैडेट द्वारा संदेश दिया गया कि गंभीर से गंभीर बीमारी भी योग के माध्यम से दूर की जा सकती है। हम सभी को नियमित योग करना चाहिए। योग एक्टिविटी प्रस्तुति के समय कप्तान संदीप माधव, लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर, फर्स्ट अफसर सतीश चंद्र यादव, थर्ड अफसर अमित दयाल, हवलदार सोनू नागर मौजूद रहे। वहीं कैंप में नमामि गंगे तथा वानिकी विभाग से परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, गंगा स्वच्छता अभियान आदि पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। साथ ही लेफ्टिनेंट पारुल मिश्रा द्वारा लीडरशिप तथा साइबर क्राइम पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर थर्ड अफसर अमित दयाल तथा अचल सिंह पाल, सूबेदार भीम सिंह, सूबेदार सुरेश कुमार शर्मा, हवलदार रामवीर, हवलदार बीवी राणा आदि सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।



योगाभ्यास करती एनसीसी कैडेट्स



वृक्षारोपण करते शहर अध्यक्ष

## युवा कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के जननायक राहुल गांधी के जन्मदिन पर कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने ग्राम पपियापुर में आसिफ खान के यहां यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्मार अली के साथ बैठक कर राहुल गांधी की सोच एवं सपनों पर प्रकाश डाला एवं देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों के लिए कांग्रेस पार्टी की सोच एवं गारंटी पर चर्चा की एवं वृक्षारोपण किया। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्मार अली ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, अमर मिश्रा, अमन सिद्दीकी, शिराज हाफिज, मो0 शकील, शुभान, वसर अली, शिव सिंह, फैसल खान, गुलताज खान, जुनैद खान, अकरम, कासिम, शहवाज आदि लोग मौजूद रहे।

# योग दिवस के अन्तर्गत सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतियोगिताओं का आयोजन



प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अन्तर्गत भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जय नारायन वर्मा रोड फतेहगढ़ में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी के द्वारा 15 से 21 जून योग सप्ताह के अन्तर्गत जनपद स्तरीय आशु भ्रमण, प्रतियोगिता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज, मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज, आरपी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़, जेएसएम पब्लिक स्कूल फतेहगढ़, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज फतेहगढ़ के बच्चों ने प्रतिभाग किया। आशु भ्रमण प्रतियोगिता में गीतांजलि ने प्रथम, रत्न प्रिया तिवारी ने द्वितीय, अक्षत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह तीनों प्रतिभागी सरस्वती विद्यालय मंदिर इंटर कालेज के प्रतिभागी है। ड्राइंग प्रतियोगिता में इच्छा साहू आरपी इंटर कालेज प्रथम, शिखा बाथम मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज द्वितीय, दिव्यांशी कुशवाहा मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज तृतीय रही। आशु भ्रमण प्रतियोगिता में कविता चौहान मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज, कृष्ण मोहन मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज फर्रुखाबाद व ओमप्रकाश तिवारी, सुनील कुमार कटियार, प्रीती मिश्रा सरस्वती विद्या मंदिर फतेहगढ़ ने निर्णायक मण्डल में भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के समापन पर प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शुक्ला ने प्रतिभागियों को आशीषवचन दिया।

# पुलिस ने वांछित को दबोचा



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक आता दिखायी दिया। जिसे रोकने की प्रयास किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी का उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सोनू पुत्र राजवीर निवासी ग्राम रजीपुर बताया।

पुलिस ने जांच के दौरान बताया कि आरोपी धारा 60(2) इएक्स एक्ट में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# कांग्रेस नेताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

- टाउन हाल पार्क में वृक्षारोपण कर बांटी मिठाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्ण प्रकाश शुक्ला पुन्नी ने अपने कांग्रेसजनों के साथ टाउन हाल स्थित नगर पालिका के पार्क में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का 53वां जन्मदिन पर मिष्ठान वितरित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया और वृक्षारोपण किया।

शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने टाउन हाल पार्क में अपने साथियों के साथ वृक्षारोपण किया और राहुल गांधी के दीर्घायु की कामना की। पुन्नी शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा निकालकर एक संदेश दिया और लोगों को जोड़ने का काम किया। उनके नेतृत्व में कांग्रेस का पुनः जनाधार बढ़ा है। सोशल आउटरिच विभाग के जिलाध्यक्ष डॉ. अरुण अग्निहोत्री, डॉ. पीएन सक्सेना, वरुण त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किये और वृक्षारोपण किया। इस मौके पर महेश वर्मा, प्रभात कटियार, सिक्की, आशिफ, जुबैर, विनोद श्रीवास्तव, वीरेन्द्र मिश्रा, इलियाज, जुबैर अली, पप्पी, सुनीता, नसरीन, सबीनाज, अनीशा, इकबाल, अलताफ, हिलाल शफीकी आदि लोग मौजूद रहे।



टाउन हाल पार्क में वृक्षारोपण करते कांग्रेसी

## खबरें एक नजर में

### ब्राह्मणजन सेवा समिति ने अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्राह्मणजन चेतना समिति के संस्थापक अध्यक्ष नारायण दत्त द्विवेदी के पिता का निधन होने पर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दुखद घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। डॉ. अरुण अग्निहोत्री, वरुण त्रिपाठी, अतुल मिश्रा, रामजी बाजपेयी, राघव पाण्डेय आदि ने उनके पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। नारायण दत्त द्विवेदी के पिता कई दिनों से अस्वस्थ्य थे। जिसके चलते उनका निधन हो गया।

### सिकल रोग रक्त प्रभावित करने वाली बीमारी है रहें सावधान

**दुद्धी, सोनभद्र।** सिकल सेल रोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, ये रक्त को प्रभावित करने वाली बीमारी है। इस रोग के कारण रक्त कोशिकाओं के भीतर हीमोग्लोबिन का स्तर प्रभावित होने लगता है। सिकल सेल रोग (एससीडी) सबसे आम वंशानुगत रक्त विकार है। रक्त वाहिकाओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा महत्वपूर्ण है, इसी की मदद से आपके पूरे शरीर में ऑक्सीजन का संचार होता है। एससीडी के शिकार लोगों को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है।उक्त बातें दुद्धी में आयोजित विश्व सिकेल सेल दिवस जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने कहीं।उन्होंने बताया कि सिकल सेल रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जाता है।इस रोग के बारे में जानकारी होना सभी के लिए जरूरी है।एससीडी के कारण रक्त कोशिका के आकार अर्धचंद्राकार में बदल जाता है और ये कोशिकाओं को कठोर बना देता है। इसके अतिरिक्त, सिकल के आकार की कोशिकाएं सामान्य आकार की लाल रक्त कोशिकाओं की तरह लंबे समय तक नहीं टिक पाती है।

### पंचनद संगम के यमुना तट पर वृहद योग शिविर का शुभारंभ

**जगम्मनपुर (जालौन)।** बुंदेलखंड के प्रमुख तीर्थ पंचनद संगम में यमुना के तट पर विशाल योग शिविर का अब आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के संदर्भ में जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे के निर्देशन में आयुष विभाग जनपद जालौन द्वारा संपूर्ण जनपद में योग सप्ताह मनाते हुए प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 19 जून को उप जिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनपद जालौन के प्रमुख तीर्थ स्थल पंचनद संगम कंजौसा भिटौरा (जगम्मनपुर) यमुना नदी के तट पर बृहद योग शिविर धूमधाम से संपन्न हुआ। ऊषा काल के 5 बजे ही योग शिविर में शामिल होने के लिए माधौगढ़ तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी , कर्मचारी जनपद के अनेक आयुष चिकित्सालयों के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं पंचनद क्षेत्र के आसपास के गांव के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ लोगों तथा ग्रामीण का एकत्रित होना प्रारम्भ हो गया था। नदियों के जल से गुंजित कलकल की मधुर ध्वनि, आसपास के मंदिरों से गूंजता घंटनाद, संगम तट पर बह रही शीतल वायु एवं पंचनद के जल में अरुणोदय (उगते हुए सूर्य) की सुनहरी रश्मियां प्रातः कालीन बेला को सुरम्य बनाते हुए इस योग शिविर व सम्पूर्ण वातावरण को आकर्षक बना रही थी।

# पुलिस ने धूमधाम से मनाया मासूम बच्ची गौरी का जन्मदिन, दिया उपहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- वर्ष 2020 में एनकाउंटर में ढेर हुआ था गौरी का बदमाश पिता

करथिया कांड का आरोपी सुभाष एनकाउंटर में ढेर हो गया था तथा उसकी पत्नी को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। तत्कालीन आईजी कानपुर परिक्षेत्र मोहित अग्रवाल ने शातिर सुभाष बाथम की मासूम बच्ची गौरी को गोद लिया था। मंगलवार को गौरी का जन्म एसपी विकास कुमार ने पुलिस साथियों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया और गौरी को उपहार भी भेंट किया।

23 बच्चों को घर में बंधक बनाने वाले आरोपी को तत्कालीन आईजी मोहित अग्रवाल ने एनकाउंटर में मार गिराया था। अब उसकी बेटी को बोर्डिंग स्कूल में उन्होंने भेजा है। मृतक आरोपी की बेटी अपनी बुआ के यहां रह रही थी। इस दौरान उसका पूरा खर्च मोहित अग्रवाल ही दे रहे थे। अब जब बच्ची 6 साल की हो गई, तो उसका एडमिशन एक बोर्डिंग स्कूल में करा दिया गया। वहीं हर साल पुलिस उसका जन्मदिन भी मनाती है। मंगलवार को गौरी का जन्मदिन एसपी विकास कुमार ने पुलिस साथियों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया और गौरी को उपहार भी भेंट किया।

30 जनवरी 2020 की देर शाम को मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र करथिया गांव में सुभाष बाथम और उसकी पत्नी रूबी ने गांव के ही 23 बच्चों को अपनी बच्ची के जन्मदिन के बहाने घर बुलाकर बंधक बना लिया था। यूपी के तत्कालीन डीजीपी ओपी सिंह अगले ही दिन रिटायर हो रहे थे। डीजीपी के निर्देश पर कानपुर के तत्कालीन आईजी मोहित अग्रवाल को फर्रुखाबाद भेजा गया था। मोहित अग्रवाल ने मौके पर पहुंच कर दो टीमें बनाई। पहली टीम की अगुवाई वह खुद कर रहे थे। दूसरी टीम ने मकान के मुख्य दरवाजे से बातचीत के बहाने आरोपी सुभाष बाथम को उलझा रखा था। दूसरी तरफ मोहित अग्रवाल की टीम मकान का पिछला दरवाजा तोड़कर घर में घुस गयी। पिछला दरवाजा टूटते ही सुभाष ने फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जबावी फायरिंग में सुभाष बाथम मारा गया। वहीं घर का मुख्य दरवाजा खोलकर रूबी बचने के लिए गांव की तरफ भागी। बंधक बने बच्चों के आक्रोशित परिजनों ने रुबी को पकड़कर पीट-पीटकर मारा डाला था। पुलिस ने रुबी को अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। इस दौरान आरोपी की दो साल की बच्ची गौरी अनाथ हो गयी थी। आईजी मोहित अग्रवाल ने अनाथ बच्ची की जिम्मेदारी ली। मोहित अग्रवाल ने एक महिला कांस्टेबिल को उस बच्ची की देखभाल के लिए मनाया और गौरी को उसे सौंप दिया। छह महीने तक उस महिला कांस्टेबिल ने गौरी की देखभाल की। कुछ समय बाद मोहित अग्रवाल ने गौरी की बुआ को देखभाल के लिए दे दिया। गौरी का सारा खर्चा तब भी मोहित अग्रवाल उठाते रहे।

अब गौरी छह साल की हो गई है। उसका दाखिला कानपुर के नामी बोर्डिंग स्कूल जीडी गोयनका में करवा दिया है। मोहित अग्रवाल वाराणसी के पुलिस कमिश्नर हैं। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मंगलवार को अपने पुलिस साथियों के साथ गौरी का जन्मदिन केक काटकर मनाया और गौरी को उपहार भी भेंट किये।



गौरी का जन्मदिन मनाते पुलिस अधीक्षक व अन्य

# अस्पताल रेफर सेंटर न बनें इसके लिये होंगे प्रयास : नारायणदास

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के विकास के साथ ही सिंचाई, अच्छी और सस्ती शिक्षा एवं अस्पताल मात्र रेफर सेंटर न बनें इस दिशा में खास प्रयास किया जाएगा। यह बात नगर में नवनिर्वाचित क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार ने जाकिर सिद्दीकी के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। बकरीद के पर्व के बाद नवनिर्वाचित क्षेत्रीय सांसद ने नगर में आकर लोगों से मिले और उन्हें आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में बताया। साथ ही समाजवादियों को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। इसके अलावा उन्होंने 2027 के लिए अभी से जुट जाने का भी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव जाकिर सिद्दीकी के आवास पर पहुंचे क्षेत्रीय सांसद ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र के लोगों को यह शिकायत नहीं मिलेगी कि सांसद लापता रहता है। वह लगातार लोगों के संपर्क में रहेंगे। जिन बिंदुओं पर उन्हें पहले काम करना है उनमें पहला है कि इस क्षेत्र में यदि सिंचाई की सुविधा हो तो वर्ष भर फसलें पैदा की जा सकती है। उनका प्रयास होगा कि नहरों को वर्ष भर चलाया जाए। पचनदा बांध को लेकर भी प्रयास किया जाएगा। बच्चों को अच्छी और सस्ती शिक्षा मिल सके इसका भी प्रयास किया जाएगा। नवोदय विद्यालय की तर्ज पर केंद्रीय अथवा सैनिक स्कूल स्थापित कराने का प्रयास रहेगा। आवागमन की सुविधा बढ़ाने के लिए जालौन से होकर रेलवे लाइन निकाले जाने की मांग तो उठाई ही जाएगी साथ ही कोंच शटल को प्रयागराज तक बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा। अस्पताल सिर्फ रेफर सेंटर न बनें इस पर भी ध्यान दिया जाएगा। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयास होगा कि इस क्षेत्र में ऐसे उद्योग धंधे लगे कि युवाओं को रोजगार के लिए बाहर न भागना पड़े। युवा यहीं रहकर रोजगार प्राप्त कर सकें। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीराम पाल, दीपू त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी, मौलाना खालिद रहमानी, अब्दुल कयूम, मोहम्मद इकबाल बब्लू, राज मंसूरी, बबलू बाबा, हाजी उवैश सिद्दीकी, मोनू यादव, निसार अहमद, पप्पू सिद्दीकी, हाफिज रफीक, इरफान अहमद, सूफी फीरोज, लल्लन श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।



**कार्यालय नगर पंचायत कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्र संख्या-761/कम्प्यू-दोहरी लेखा प्रणाली/2024-25 दिनांक 18/06/2024

**- : प्रस्ताव आमंत्रण सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदेश के नागर निकायों को स्वायत्तशासित एवं वित्तीय रुप से स्वावलम्बी बनाने तथा उनकी कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुपालन मं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की सभी नागर निकायों में अनिवार्य रुप से एक्रूअल आधारित दोहरी लेखा प्रणाली को लागू करने हेतु कड़े निर्देश दिये जा चुके है। अतएव उक्त के क्रम में नगर पंचायत कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद में एक्रूअल आधारित दोहरी लेखा प्रणाली को लागू करने हेतु योग्य एवं अनुभवी फील्ड लेबिल कन्सल्टेण्ट (चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट फर्म) को प्रति वित्तीय वर्ष के अनुसार नियुक्त किये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए इच्छुक फर्मों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य विवरण हेतु इच्छुक फर्म नगर पंचायत कार्यालय से सलाहकारी निर्देश पत्र (टी0ओ0आर0) दिनांक 20/06/2024 से 29/06/2024 तक किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है अथवा विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। कार्य करने हेतु इच्छुक फर्म अपने-2 तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव अलग-2 मोहर बन्द लिफाफों में दिनांक 01/07/2024 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत कमालगंज में जमा कर सकते है। दिनांक को समय 04.00 बजे तक प्राप्त हुए समस्त प्रस्ताव उसी दिन सायंकाल 04:30 बजे फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कमालगंज,**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष (राजबेटी)**
**नगर पंचायत कमालगंज,**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**

# आबकारी टीम ने ग्रामों में छापेमारी कर पकड़ी 98 लीटर कच्ची शराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत टीम ने संदिग्ध ग्रामों में छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब बरामद की। जिसे वहीं नष्ट कर दिया गया। साथ ही टीम ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। बुधवार को आबकारी निरीक्षकों ने विभिन्न ग्रामों/कटरी क्षेत्र में दविश दी। दविश के दौरान लगभग 98 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। जिसे वहीं नष्ट कर दिया। साथ ही चार लोगों के विरुद्ध अभियोग भी पंजीकृत किया गया। वहीं टीम ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर,इ ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।



दुकान पर शराब की जांच कर टीम

**कार्यालय नगर पंचायत कमालगंज, (फर्रुखाबाद)**

पत्रांक-763/न0पं0क0/2024-25 /कुटे0आम0/कमालगंज दिनांक 18/06/2024

**कुटेशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद में सड़क किनारे फुटपाथ पर सीमेण्टेड थ्री सीटर चेयर अधिष्ठापन का कार्य नामित अवर अभियंता के द्वारा तैयार किये गये स्टीमेट के अनुसार किया जाना है।

अतः जो इच्छुक फर्मे/दुकानदार/ठेकेदार उक्त कार्यों को करना चाहते हो, वह अपने कुटेशन दिनांक 29/06/2024 तक सीधे अथवा डाक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। जो उसी दिन सायं 3:00 बजे उपस्थित फार्मो/दुकानदारों/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। नामित अवर अभियंता द्वारा तैयार गया स्टीमेट किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कमालगंज,**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष (राजबेटी)**
**नगर पंचायत कमालगंज,**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षक व अतिथिगण

# नेचर स्टडी एवं ट्रैकिंग कैम्प का समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत स्काउट गाइड के प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतला खेत अल्मोड़ा में चल रहे नेचर स्टडी एवं ट्रैकिंग कैम्प समापन हुआ। डॉ. महेश चंद्र राजपूत को कार्यक्रम अध्यक्ष का दायित्व सोपा गया। डॉ. बृजभूषण सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। ट्रैकिंग कार्यक्रम 15 जून से 19 जून तक चला। प्रतिदिन लगभग 12 से 16 किलोमीटर तक ट्रैकिंग करनी होती थी। जिसमें डॉ0 महेश राजपूत ने बहुत ही उत्साह और साहस के साथ ट्रैकिंग में हिस्सा लिया। जिसकी अधिकारियों ने सरहाना की। डॉ0 बृजभूषण सिंह को सर्वश्रेष्ठ ट्रैकर का खिताब मिला। एनएकेपी, रस्तोगी इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज निनौआ के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

**कार्यालय ग्रा0पं0 सुंदरपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ग्र0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 19/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुंदरपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 20/06/2024 से दिनांक 24/06/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 24/06/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | विजय पाल के घर से जयराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.84 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | उदय प्रताप सिंह के घर से खुदनपाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.83 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रामपाल के घर से रतीराम के घर तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.20 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | मैन रोड से छोटेलाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.46 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(राजू यादव)**
**ग्राम प्रधान-सुंदरपुर , राजेपुर**

**(रोहित कुमार)**
**सचिव-सुंदरपुर, राजेपुर**

# जनजाति ही संस्कृति व प्रजातंत्र को देती है बल

एजेंसी



**डिंडौरी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान शरीर की रीढ़ की हड्डी के बराबर है। जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है। देश के इतिहास में पहली बार एक जनजातीय समाज की महिला राष्ट्रपति बनती है, यह गौरव का पल है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान यहां शासकीय चंद्र विजय कॉलेज परिसर में विश्व स्किल सेल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस परामर्श शिविर में जिलेभर से 1970 मरीज पहुंचे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का दिल जनजाति के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब मैं सांसद बना, केंद्र में मंत्री बना तो हमारी अर्थव्यवस्था लंदन शहर और पेरिस से भी छोटी थी। हमारा सोना हमने स्विटजरलैंड को गिरवी रखा था और अब देखिए हम कहां से कहां आ गए। हमने बहुत सारे देशों को पीछे छोड़ दिया। इसमें जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है। भारत की पहचान जनजाति कल्चर है। इसी वजह से भारत के प्रधानमंत्री ने दो बड़े संकल्प लिए हैं। भारत जहां दुनिया का छठवां हिस्सा रहता है, जब वह 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो भारत विकसित राष्ट्र होगा और विकसित राष्ट्र की पहचान होगी सिकल सेल बीमारी का पूर्ण अनुमूलन। आयुष्मान योजना के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म करेंगे।

### क्या है स्किल सेल एनीमिया

नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती ने बताया कि यदि माता-पिता दोनों में सिकल सेल के जीन हैं तो बच्चों में इस बीमारी का होना स्वाभाविक है। इस बीमारी में रोगी की लाल रक्त कोशिका हंसिये के आकार में परिवर्तित हो जाती है। सिकल सेल एनीमिया के अगर लक्षण यह नजर आएं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इन पीड़ितों में खून की कमी, हल्की पीलिया होने से बच्चे का शरीर पीला दिखाई देना, तिल्ली का बढ़ जाना, पेट एवं छाती में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों एवं जोड़ों में विकृतियां होना, पैरों में अल्सर घाव होना, हड्डियों और जोड़ों में सूजन के साथ अत्यधिक दर्द, मौसम बदलने पर बीमार पढ़ना, अधिक थकान होना यह लक्षण बताए गए हैं।

### मप्र में सिकलसेल उन्मूलन के प्रयास

सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए 15 नवम्बर 2021 को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई। द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री द्वारा एक जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल उन्मूलन मिशन- 2047 का शुभारंभ शहडोल ज़िले से किया गया। 'राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों के 89 विकासखंडों में लगभग 1 करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है। द्वितीय चरण में अब तक 49 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

## रोनाल्डो बाकी खिलाड़ियों से ऊंचे स्तर पर प्रदर्शन करना चाहते हैं : पैट्रिस

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल ने फ्रांसिस्को कॉन्सेसाओ के 92वें मिनट में किये गए गोल की बदौलत अपने यूईएफए यूरो 2024 अभियान की शुरुआत चेक गणराज्य पर 2-1 की रोमांचक जीत के साथ की। वहीं, अनुभवी पेपे ने इतिहास रच दिया, वे 41 वर्ष और 113 दिन की उम्र में यूईएफए यूरो टूर्नामेंट में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाली टीम के शानदार प्रदर्शन के बीच, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर यूईएफए यूरो 2024 के लिए उल्लेखनीय विशेषज्ञ पैनलिस्टों में से एक, फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर पैट्रिस एवरा ने पुर्तगाली दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, ÷क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अच्छा खेल दिखाया और हर जगह हमले में दिखाई दिए। वह अपने साथियों को पासिंग में मदद कर रहे थे और अपनी टीम के लिए ओपनिंग गोल के लिए बॉक्स में शानदार मूवमेंट कर रहे थे।

# नेपाल के खिलाफ मैच में दुर्व्यवहार के लिए तंजीम हसन पर जुर्माना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब को नेपाल के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 ग्रुप डी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए एक डिमेरिट अंक मिला है और उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना रविवार को किंग्सटाउन के अर्नोस वेल ग्राउंड में हुई।

नेपाल की पारी के तीसरे ओवर में तंजीम द्वारा गेंद फेंकने के बाद, वह बल्लेबाज रोहित पौडेल के पास आक्रामक तरीके से पहुंचे और अनुचित शारीरिक संपर्क बनाया। यह घटना तंजीम हसन साकिब द्वारा 24 महीने की अवधि के भीतर किया गया पहला अपराध है। तंजीम को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो ÷किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी के सहायक कर्मचारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। यह आरोप मैदानी अंपायर अहसान रजा और सैम नोगाज्स्की ने लगाया था, जिसमें तीसरे अंपायर जयरामन मदनगोपाल और चौथे अंपायर कुमार धर्मसेना का भी सहयोग था। तंजीम ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# विलियमसन ने सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ी

एजेंसी



**वेलिंगटन।** केन विलियमसन ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट को चौंकाते हुए खुलासा किया है कि वह 2024-25 सीज़न के लिए नया केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे। विलियमसन ने सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन के फैसले के बाद न्यूजीलैंड को अब एक नए सीमित ओवरों के कप्तान का नाम भी बताना होगा।

उन्होंने 2022 में पहले ही टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी और केवल सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम का नेतृत्व कर रहे थे। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेशी लीग में खेलने का मौका तलाश रहे हैं और इसलिए उस अवधि के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उस समय सीमा के अलावा, उन्होंने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के लिए खेलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। विलियमसन ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के हवाले से कहा, ÷सभी प्रारूपों में टीम को आगे बढ़ाने में मदद करना मेरे लिए बहुत जुनूनी है और मैं इसमें अपना योगदान देना चाहता हूं।हालांकि, न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेश में खेलने का मतलब है कि मैं केंद्रीय अनुबंध की पेशकश स्वीकार करने में असमर्थ हूं। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरे लिए बहुत कीमती है और टीम को कुछ वापस देने की मेरी इच्छा अभी भी कम नहीं हुई है। हालांकि, क्रिकेट से बाहर मेरा जीवन बदल गया है - अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना और घर या विदेश में उनके साथ अनुभवों का आनंद लेना मेरे लिए और भी महत्वपूर्ण है। सीईओ स्कॉट वीनिंक का कहना है कि भले ही न्यूजीलैंड केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को चुनना पसंद करता है, लेकिन वे विलियमसन के लिए अपवाद बनाने को तैयार हैं। वीनिंक ने कहा, ÷केन को अंतरराष्ट्रीय खेलों में बनाए रखने में मदद करने का यह एक अच्छा तरीका है, ताकि वह ब्लैककैप्स के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाना जारी रखे - अभी और आने वाले वर्षों में भी।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷जनवरी तक न्यूजीलैंड में हमारे पास बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और उस अवधि के बाहर वह अभी भी ब्लैककैप्स के लिए उपलब्ध है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ब्लैककैप्स के लिए केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को चुनने की प्रबल प्राथमिकता है, हालांकि हम अपने सबसे महान बल्लेबाज के लिए अपवाद बनाने में खुश हैं - खासकर इसलिए क्योंकि वह टीम के लिए इतना प्रतिबद्ध है। विलियमसन के नेतृत्व में, न्यूजीलैंड को मौजूदा टी20 विश्व कप में पहले दौर से बाहर होना पड़ा, जिसने हाल के वर्षों मे आईसीसी व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टी20 विश्व कप था।

## स्पाइसजेट फ्लाइट का एसी हुआ खराब, यात्रियों की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट एयरलाइन की फ्लाइट में बदइंतजामी का मामला सामने आया है। नई दिल्ली से दरभंगा जा रहे स्पाइसजेट की उड़ान संख्या एसजी 486 के यात्रियों को भीषण गर्मी के बीच एक घंटे से अधिक समय तक बिना एयर कंडीशनिंग (एष्ट) वाले विमान के अंदर बैठना पड़ा, जिससे कई यात्रियों की तबीयत खराब हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस एयरलाइन से सफर करने वाले एक यात्री ने बताया कि मैं स्पाइसजेट से नई दिल्ली से दरभंगा जा रहा था। दिल्ली एयरपोर्ट पर चेक-इन करने के बाद उन्होंने एक घंटे तक एयर कंडीशनिंग चालू नहीं किया। इसकी वजह से फ्लाइट के अंदर का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी। यात्री ने बताया कि जब फ्लाइट ने उड़ान भरी, तब एयर कंडीशनिंग चालू किया गया। हालांकि, एयरलाइन कंपनी की ओर से फिलाहाल कोई प्रतिक्रिया अभी नहीं आई है।

# यूएस प्रतिनिधिमंडल ने धर्मगुरु दलाई लामा को सौंपी तिब्बत एक्ट की प्रति

एजेंसी



**धर्मशाला।** यूएस हाउस के फॉरेन अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन माइकल मैकॉल की अगुवाई में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में अमेरिकी संसद में तिब्बत को लेकर पास किये गए एक्ट की प्रति दलाई लामा को सौंपी। प्रतिनिधमंडल के सदस्यों ने धर्मगुरु को एक्ट में तिब्बत के हितों को लेकर रखे गए बिंदुओं पर भी चर्चा की।

दलाई लामा ने प्रतिनिधिमंडल का तिब्बत के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार जताया। सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को धर्मशाला पहुंचा था। प्रतिनिधिमंडल ने अपने दौरे के पहले दिन निर्वासित तिब्बती पार्लियामेंट सहित म्यूजियम और लाइब्रेरी का दौरा किया। इस दौरान निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री पेंपा सेरिंग सहित उनके सहयोगी मंत्रिमंडल के सदस्य भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री सेरिंग ने कहा कि यूएस कांग्रेस में तिब्बत को लेकर हाल ही में पारित किए गए विधेयक सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका हमेशा तिब्बत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक दोनों सदनों से पास हो चुका है और अब सिर्फ विधेयक पर जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान यूएस की पूर्व सरकार में संसद अध्यक्ष रह चुकी नैंसी पेलोसी भी मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### टाटा मोटर्स दो फीसदी तक बढ़ाएगी वाणिज्यिक वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमत दो फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कीमतों में बढ़ोत्तरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो एक जुलाई से लागू होगी। टाटा मोटर्स ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि जिंस की कीमतों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में ये बढ़ोत्तरी एक जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोत्तरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी है। यह ट्रक, बस और अन्य वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करती है। ये टाटा समूह की अगुवाई वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। इस कंपनी का पुराना नाम टेल्को था। इसकी उत्पादन इकाइयां जमशेदपुर, पुणे और लखनऊ सहित कई अन्य देशों में स्थित हैं।

### कोरबा में जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के वनांचल ग्राम कोटमेर में जहरीली शराब पीने से तीन ग्रामीणों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि तीनों ग्रामीणों ने मछली चावल खाया है और देसी शराब पिया, जिसके बाद 20 मिनट के बाद तीनों की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजन इलाज कराने के लिए अस्पताल लेकर गए, तो रास्ते में ही तीनों की मौत हो गयी।

### विदेश मंत्री डा. जयशंकर कल जाएंगे श्रीलंका

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर कल एक दिन की आधिकारिक श्रीलंका यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली समुद्री पड़ोसी देश की यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान वे श्रीलंका सरकार के शीर्ष नेतृत्व के साथ आपसी साझेदारी से जुड़े विभिन्न मसलों पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा कनेक्टिविटी परियोजनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में अन्य पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गति प्रदान करेगी। मंत्रालय के अनुसार भारत की पड़ोसी प्रथम नीति की पुष्टि करते हुए यात्रा श्रीलंका के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। श्रीलंका भारत का सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी और समय की कसौटी पर खरा उतरा मित्र है।

### सीतारमण ने की अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा कि इस बैठक में देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव; आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कॉरपोरेट मामलों के विभागों के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में पहले लोक सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोक सभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है।

### बैक टू कैंपस प्रोग्राम के जून संस्करण की शुरुआत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** छात्र नए अकादमिक वर्ष की तैयारी कर रहे हैं ऐसे में देश की घरेलू स्तर पर विकसित हुए ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस ने मई 2024 संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपने सालाना बैक टू कैंपस प्रोग्राम के जून 2024 के संस्करण की शुरुआत करने की घोषणा की है। यह कैंपेन 21 जून से 27 जून के बीच चलेगा। इस कैंपेन के दौरान लैपटॉप, टैबलेट, गेमिंग कंसोल, मॉनिटर, स्मार्टवॉच, ट्रू वायरलेस ईयरफोन, प्रिंटर्स, लैपटॉप ऐक्सेसरीज़ जैसे विभिन्न ब्रैंड के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि छात्रों की विभिन्न प्रकार की ज़रूरतें पूरी की जा सकें। चूंकि मुख्य रुप से खरीदारी करने वाले छात्र होते हैं ऐसे में इस प्रोग्राम में विभिन्न प्रकार की डिवाइसों के साथ किफायत और बेहतर अनुभव को प्राथमिकता दी जाती है। इसके अलावा, छात्रों के लिए अतिरिक्त ऑफर के अंतर्गत लैपटॉप और टैबलेट पर 6,000रुपये तक की छूट मिलती है जिसमें विभिन्न क्रेडिट कार्ड पर 12महीनों तक की नो-कॉस्ट ईएमआई की सुविधा मिलती है। विभिन्न प्रकार की खूबियों से युक्त लैपटॉप की व्यापक रेंज 9,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी इसके अलावा, ताकतवर प्रोसेसर और ग्राफिक्स कार्ड वाले लैपटॉप की कीमत 45,990 रुपये से शुरू होती है और ये भी ऑफर के तहत उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, टैबलेट विभिन्न प्रकार की ज़रूरतें पूरी कर सकते हैं, इसलिए टैबलेट काफी मशहूर हो रहे हैं। फिलपकार्ट 4जीबी रैम और 128जीबी इंटरनल स्टोरेज वाला एलटीई टैबलेट छात्रों को 9,999रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध कराएगा।

# स्माइल ट्रेन एनजीओ ने सात लाख से ज्यादा क्लेफ्ट सर्जरी में दिया योगदान



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे बड़ी क्लेफ्ट -केंद्रित एनजीओ, स्माइल ट्रेन ने गहन मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की, जिसमें बीस साल की अवधि में देश भर में स्माइल ट्रेन के क्लेफ्ट केयर प्रयासों के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाया गया है। कंसल्टेन्सी फर्म केपीएमजी द्वारा एकत्र किए गए डेटा के संकलन पर आधारित रिपोर्ट में दो दशकों की अवधि में क्लेफ्ट केयर को सहयोग करने वाले स्माइल ट्रेन के कार्यक्रमों के सामाजिक प्रभाव का समग्र दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिए तीन शोध पद्धतियों पर काम किया गया है। रिपोर्ट में 2000 से क्लेफ्ट उपचार में स्माइल ट्रेन के निवेश के माध्यम से भारत में पैदा हुए 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रभाव पर भी प्रकाश डाला गया है।

2000 के बाद से, स्माइल ट्रेन ने पूरे भारत में सात लाख से अधिक क्लेफ्ट सर्जरी में सहयोग किया है। अध्ययन के प्रमुख निष्कर्ष इस बात को पुष्ट करते हैं कि भारत में स्माइल ट्रेन का कार्यक्रम वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है। यह क्लेफ्ट इलाज तक पहुंच में सुधार, अस्पताल के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और रोगियों के जीवन की गुणवत्ता को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में स्माइल ट्रेन के समर्थन के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करता है। सभी उत्तरदाताओं ने संकेत दिया कि स्माइल ट्रेन इंडिया का सहयोग क्लेफ्ट रोगियों और उनके परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण था।

## अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा भारत का समुद्री खाद्य निर्यात

**नई दिल्ली।** देश का समुद्री खाद्य निर्यात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का समुद्री खाद्य निर्यात मात्रा के हिसाब से तीन फीसदी बढ़ गया है, जबकि मूल्य के हिसाब से यह लगभग आठ फीसदी गिरा है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में मात्रा के लिहाज से तीन फीसदी बढ़ा है। लेकिन, मूल्य के हिसाब से यह लगभग आठ फीसदी गिरा है। आंकड़ों के मुताबिक मात्रा के लिहाज से निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 17,81,602 टन पर पहुंच गया है। इसकी कीमत 7.38 अरब डॉलर है। वहीं, वित्त वर्ष 2022-23 में यह 17,35,286 टन रहा था और इसकी कीमत आठ अरब डॉलर थी। मंत्रालय ने कहा कि 4.88 अरब डॉलर के निर्यात के साथ 'फ्रोजन' झींगा समुद्री खाद्य निर्यात में सबसे ऊपर बना हुआ है। इसकी मात्रा में 40.19 फीसदी और डॉलर के संदर्भ में 66.12 फीसदी की हिस्सेदारी थी।

# नवाज़ुद्दीन रौतू का राज के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जाने-माने अदाकार नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी अपनी सबसे नई जी-5 ओरिजिनल फिल्म, रौतू का राज़ के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लखनऊ में पुलिस मुख्यालय की अपनी यात्रा के दौरान, स्क्रीन पर एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने वाले नवाजुद्दीन ने वास्तविक जीवन के पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, पीआरओ और निरीक्षकों के साथ बातचीत की और एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभाने पर अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा की। ज़ी स्टूडियोज़ और फैट फिश रिकॉर्ड्स द्वारा प्रोड्यूस की गई और आनंद सुरापुर द्वारा निर्देशित, रौतू का राज़ में राजेश कुमार, अतुल तिवारी और नारायणी शास्त्री भी सहायक भूमिकाओं में हैं और यह फिल्म उत्तराखंड के रौतू की बेली के हसीन गांव पर आधारित है। पिछले साल 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में इस फिल्म का शानदार प्रीमियर हुआ था, जहाँ इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था और अब यह 28 जून को अपने ओ.टी.टी. प्रीमियर के लिए तैयार है। यह फिल्म एक शांत शहर, रौतू की बेली में नेत्रहीनों के एक स्कूल में वार्डन की रहस्यमयी मौत के इर्द-गिर्द घूमती है, जहाँ पिछले पंद्रह सालों से ज़्यादा वक्त से कोई हत्या नहीं हुई है। यहीं पर एएसएचओ दीपक नेगी उर्फ नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी और उनकी टीम आती है और इस दुर्लभ और हाई-प्रोफाइल क़त्ल की जाँच को सुलझाने का काम करती है। इस फिल्म में एएसएचओ दीपक नेगी (नवाज़ुद्दीन के किरदार) और सब इंस्पेक्टर डिमरी (राजेश कुमार द्वारा अभिनीत) के बीच एक अनोखी और खुशमिजाज दोस्ताना दिखाया गया है, जिन्हें इस हत्या की जाँच को लेकर अपने आलसीपन से मजबूरन बाहर निकलना पड़ता है। तो, किसी क़त्ल की अब तक की सबसे अलसाई हुई जांच से रूबरू कराने वाली एक रहस्यमयी थ्रिलर को देखने के लिए तैयार हो जाईये। नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी ने इस फिल्म की रिलीज और अपने लखनऊ आने के बारे में अपनी ख़ुशी प्रकट करते हुए कहा, मैं अपनी अगली फिल्म रौतू का राज़ का प्रचार करने के लिए लखनऊ आकर बेहद ख़ुश हूँ।

# आंखों से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम करता है आम



आम खाने में बहुत ही टेस्टी लगता है, बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी इसे खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि आम स्वाद के साथ सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है।

बता दें कि दुनियाभर में लगभग 1400 किस्में हैं, लेकिन हमारे देश में उगायी जाने वाली दशहरी, लंगड़ा, फजली, केशर, सिंदूरी आदि आम की मुख्य किस्में हैं। आम में पोटैशियम, प्रोटीन, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। हम आपको आज इससे मिलने वाले कुछ फायदों के बारे में बताएंगे जिसे जान आप बेशक हैरान होंगे -

**आंखों के लिए फायदेमंद**

आम में ल्यूटिन, जेक्सैन्थिन और विटामिन ए होते हैं, ये सभी तत्व आंखों को स्वस्थ रखने में सहायता करते हैं। ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन आपकी आंखों को धूप से बचा सकते हैं, जबकि विटामिन ए को आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए अच्छा माना जाता है।

**कैंसर का जोखिम**

आम में मौजूद पॉलीफेनोल्स ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ने में मदद करते हैं जो कोलन, प्रोस्टेट, बैस्ट औप हड्डी के कैंसर सहित कई स्वास्थ संबंधी समस्याओं से जुड़ा हुआ है।

**इम्यून सिस्टम को करता है मजबूत**

आम विटामिन सी और विटामिन ए से भरपूर होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के महत्वपूर्ण माने जाते हैं, जिससे आप कई तरह के संक्रमण और अन्य बीमारियों से बच सकते हैं।

**दिल की सेहत के लिए**

आम में मैग्नीशियम, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। ये तत्व दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। आम के सेवन से आप दिल से जुड़ी बीमारियों से बच सकते हैं।

**पाचन तंत्र को रखे दुरुस्त**

आम में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन को बेहतर बनाता है। इसमें मौजूद एंजाइम पाचन शक्ति को बढ़ाते हैं। अगर आप नियमित रूप से आम खाते हैं, तो पाचन बेहतर हो सकता है।

### नारियल पानी भी सेहत को पहुंचा सकता है नुकसान

नारियल पानी एक बहुत ही हेल्दी और नेचुरल ड्रिंक है। इसे पीना लगभग सभी को बेहद पसंद होता है। लेकिन क्या जानते हैं कि नारियल पानी भी नुकसान पहुंचा सकता है। आप भी सोच रहे होंगे कि भला नारियल पानी पीने से सेहत को क्या नुकसान हो सकता है? तो हम आपको बता दें कि आप डाइट जिस तरीके से लेते हो ये भी बहुत महत्वपूर्ण है।

### स्टोर किया हुआ नारियल पानी

कई बार लोग नारियल पानी पैक करना लेते हैं और फ्रिज में स्टोर करते हैं। वहीं बाजार में तो आजकल बॉटल में इतंदक वाले नारियल पानी भी बिकते हैं, लेकिन ये सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। इसमें चीनी की मात्रा भी ज्यादा होती है, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। इसलिए या तो ताजा नारियल पानी पीनी की कोशिश करें, लेकिन अगर पैकेड नारियल पानी ही ले रहे हैं तो पैकिंग में शुगर लेवल पढ़कर ही खरीदें। ऐसी नारियल पानी वाली बॉटल का चयन करें जिसमें चीनी न डाली गई हो। वहीं एक रिसर्च की मानें तो ज्यादा नारियल पानी पीने से टॉयलेट में पोटेशियम की मात्रा बढ़ सकती है और आपकी जान पर भी बन आती है। आइए आपको बताते हैं ज्यादा नारियल पानी पीने सेहत के लिए नुकसानदायक क्यों है?

### ज्यादा नारियल पानी पीना है नुकसानदायक

नारियल पानी एक नेचुरल इलेस्ट्रोलाइट से भरपूर ड्रिंक है, जिसमें कैलोरी और चीनी की मात्रा कम होती है। वहीं इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम और आयरन होता है। नारियल पानी खुद को हाइड्रेट करने और तरोताजा महसूस करने का बेस्ट तरीका है। नारियल पानी आपके हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। हालांकि किसी भी चीज को हद से ज्यादा पिया जाए तो वो सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। ये शरीर में एलर्जी पैदा करता है। एलर्जी का कारण बन सकता है नारियल पानी हालांकि ऐसा कम ही देखने को मिलता है पर, कुछ व्यक्तियों को नारियल पानी से एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली, पित्ती या सूजन जैसे लक्षण हो सकते हैं। यदि आपको एलर्जी का संदेह है, तो तुरंत हेल्थ एक्सपर्ट्स से सलाह लें।

### दवाओं के साथ न पिएं नारियल पानी

नारियल पानी में पोटेशियम की मात्रा बहुत ही ज्यादा होती है। कुछ दवाओं से टॉयलेट में दिक्कत हो सकती है और एसीई अवरोधकों के साथ परस्पर क्रिया कर सकता है। अगर आप दवा ले रहे हैं तो नारियल पानी के सेवन से परहेज करें।

# होमटेल ने जनेश्वर मिश्र पार्क में धूमधाम से मनाया योग दिवस

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** होमटेल लखनऊ द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह 6 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, खुशहाली और सामुदायिक भावना के उत्सव में बदल गया। कार्यक्रम के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग आसनों और श्वास क्रियाओं का अभ्यास कराया, जिसमें सभी उम्र और स्तर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इस सत्र के दौरान सभी ने खुद को तरोताजा और ऊर्जावान महसूस किया।

योग सत्र के बाद, होमटेल लखनऊ के स्टाफ ने ताजे फल, डिटॉक्स पेय और हल्के नाश्ते के साथ स्वस्थ वितरित किया।

यह शरीर को पोषण देने और योग के बाद ऊर्जा से भरने के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम ने एक मजबूत सामाजिक जुड़ाव की भावना उत्पन्न की, जहां लोग अपनी स्वास्थ्य सम्बंधी अनुभवों को साझा करते हुए जुड़े। जनेश्वर मिश्र पार्क का शांत वातावरण एक दूसरे और प्रकृति से जुड़ने के लिए एक आदर्श स्थान बन गया। होमटेल लखनऊ के जनरल मैनेजर, राहुल रोहित ने कहा, हम इतने बड़े उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ योग दिवस मनाने वाले लोगों की संख्या देखकर अभिभूत हैं।